जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



No, Wolves Don't Howl At The Moon

'Alpha wolves' are actually just parents, Mech explains, and the other pack members are their offspring. Wolves often mate for life, and their family unit can include a mix of juveniles and young adults

Sanctified Onions

Mauryan Measurement System and Its Harappan Legacy

# ममता बनर्जी "सशर्त" लोकसभाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को समर्थन देने को तैयारी हुई

## ममता बनर्जी की शर्त है कि विपक्ष साथ ही साथ मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाये

- विपक्ष ने ममता जी की शर्त को स्वीकार कर लिया है।
- विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव के लिये सांसदों के हस्ताक्षर इकट्ठे करने शुरु कर दिए हैं, क्योंकि चुनाव आयुक्त को हटाने के प्रस्ताव को संसद में पेश करने के लिये उस प्रस्ताव पर 100 लोकसभा के सदस्यों वे 50 राज्यसभा सदस्यों के हस्ताक्षर होना अनिवार्य है।
- राहुल गांधी ने कहा, प्र.मंत्री मोदी "ब्लैक मेल" के शिकार हैं, अतः वे वो निर्णय नहीं ले पा रहे हैं, जो देश के हित में हैं।
- चुनाव आयुक्त के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव में यह आरोप लगाया जा रहा है कि मतदाता सूची में भाजपा को मदद करने की दृष्टि से मतदाताओं के नाम काटे गए हैं।

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 मार्च। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के बाद, अब विपक्ष भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने (महाभियोग चलाने) की दिशा में आगे बढ़ना चाहता है।

ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस इस बात पर अड़ी हुई है कि एक कड़ा मैसेज दिया जाना चाहिए कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने उनका विश्वास खो दिया है और अब उनका पद पर बने रहना नामुमकिन हो गया है और उन्हें हटाया जाना चाहिए।

सुबह हुई विपक्ष की बैठक में तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि वह लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करने को तैयार है, लेकिन साथ ही वह मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही भी चाहती है।

विपक्षी दल इस पर सहमत हो गए हैं और प्रस्ताव के लिए हस्ताक्षर जुटाने तथा नोटिस तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

विपक्ष जानता और समझता है कि सरकार के पास संख्या बल होने के कारण, इससे कोई ठोस परिणाम शायद न निकले। लेकिन ममता दीदी असहमति का एक मजबूत संदेश देना चाहती हैं। वे यह संदेश देना चाहती हैं कि विपक्ष मुख्य चुनाव आयुक्त के व्यवहार और उन तरीकों से सहमत नहीं है, जिनके जरिए कथित रूप से उनके मतदाताओं के नाम हटाए गए, सत्तारूढ़ भाजपा को फायदा पहुंचाया गया और सभी राजनीतिक दलों को समान अवसर

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# राज्य में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई पर अघोषित रोक

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 9 मार्च। इजरायल-अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध का असर अब राजस्थान में दिखने लगा है। तेल कंपनियों ने रसोई गैस के घटते स्टॉक को देखते हुए कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की डिलीवरी पर अघोषित रोक लगा दी है। एजेंसियों को मैसेज करके कॉमर्शियल सिलेंडर के ऑर्डर नहीं लगाने के आदेश दिए हैं। केवल घरेलू उपयोग के सिलेंडर की डिलीवरी पर ही फोकस करने के लिए कहा गया है। कंपनियों ने देर रात ये निर्देश जारी किए है।

- तेल कंपनियों ने गैस एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि केवल घरेलू सप्लाई पर फोकस करें।

कंपनियों के इस निर्णय का असर अब औद्योगिक इकाइयों, रेस्टोरेंट्स और होटलों पर पड़ेगा। वहीं सावे शुरू होने के कारण शादी-समारोह में भी गैस सप्लाई की किल्लत देखने को मिल सकती है। तेल कंपनियों के "सब कुछ सामान्य" के दावों के बीच अब आगामी निर्देशों तक कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई रोकने के लिए कहा है।

नाम न छापने की शर्त पर एक

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# क्या "गलत" फोटो के मार्फत प्रधानमंत्री मोदी पर आरोप लगा रही है तृणमूल?

## एल.के. अडवाणी को भारत रत्न दिए जाने के समारोह की यह फोटो बन रही है इस विवाद का कारण

- ममता बनर्जी का आरोप है कि इस फोटो में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी आराम से कुर्सी पर बैठे हुए हैं जबकि राष्ट्रपति खड़ी हुई हैं।
- भाजपा ने इसका खण्डन करते हुए कहा है कि भारत रत्न अलंकरण समारोह का एक प्रोटोकॉल होता है, जिसमें राष्ट्रपति पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कार देती हैं और बाकी सब बैठे रहते हैं।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 मार्च। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की हाल की पश्चिम बंगाल यात्रा को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच टकराव और तेज हो गया है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने प्रधानमंत्री पर दो साल पुरानी एक तस्वीर को लेकर निशाना साधा है, जिसमें वे बैठे हुए दिख रहे हैं जबकि राष्ट्रपति खड़ी हैं। इसके जवाब में भाजपा ने फैक्ट-चेक जारी करते हुए कहा कि तृणमूल की फेक न्यूज़ फैक्ट्री गलत जानकारी फैला रही है।

तृणमूल ने एक जनसभा में ममता बनर्जी के बयान का छोटा वीडियो साझा करते हुए कहा, प्रधानमंत्री राष्ट्रपति के पद का सम्मान करने के बड़े-बड़े दावे करते रहते हैं। इस तस्वीर को ध्यान से देखिए। देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति खड़ी हैं, जबकि प्रधानमंत्री आराम से अपनी कुर्सी पर बैठे हैं। राष्ट्रपति के सम्मान की सारी बातें तब खोखली लगती हैं, जब तस्वीर में उनके पद के प्रति इतनी लापरवाही दिखाई देती है।

वीडियो में तृणमूल के दो नेता एक तस्वीर पकड़े हुए दिखाई दे रहे हैं, जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर 31 मार्च 2024 को ली गई थी, जब राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने आडवाणी से मुलाकात की थी और उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया था।

ममता बनर्जी ने कहा, माननीय प्रधानमंत्री, यह आपके लिए है। क्या आप राष्ट्रपति का सम्मान करते हैं, जो एक महिला और आदिवासी नेता हैं? फिर राष्ट्रपति खड़ी क्यों हैं और आप बैठे क्यों हैं? मैंने आप सबको दिखा दिया कि हम राष्ट्रपति का सम्मान करते हैं, लेकिन वो नहीं करते। यह तस्वीर साबित करती है कि कौन सम्मान करता है और कौन नहीं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री हर चुनाव से पहले बंगाल पर "वोट बर्ड" की तरह हमला करते हैं और "जो मन में आता है, कह देते हैं।" उन्होंने कहा, "मैंने आपके ट्वीट का जवाब दिया था कि जिस कार्यक्रम में राष्ट्रपति आई थीं, उसका आयोजन हमने नहीं किया था। वह एक निजी संगठन ने आयोजित किया था। राज्य सरकार ने कहा था कि उस संगठन में राष्ट्रपति के लिए कार्यक्रम आयोजित करने की क्षमता नहीं है। उन लोगों ने हमें इसमें शामिल नहीं किया।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# पुतिन ने ईरान के सुप्रीम लीडर को बधाई दी

## उन्होंने अमेरिका -इज़रायल के खिलाफ चल रहे युद्ध में पूर्ण समर्थन देने का वादा भी किया

- चीन ने भी ईरान की नई हुकूमत को समर्थन दिया और कहा कि नए आयतुल्ला पर किसी भी तरह के अमेरिकी -इज़रायली हमले का विरोध करेगा।
- चीन ने कहा कि नए आयतुल्ला के चुनाव का फैसला ईरान का आंतरिक मामला है और विदेशी ताकतों का इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए।

- डॉ. सतीश मिश्रा -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 9 मार्च। बिल्कुल स्पष्ट रुख अपनाते हुए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने आज अमेरिका और इज़रायल के खिलाफ युद्ध में ईरान को अपने देश का अडिग समर्थन देने की बात कही और साथ ही नए चुने गए सर्वोच्च ईरानी नेता मोजतबा खामेनेई को बधाई दी।

पुतिन ने कहा कि वे तेहरान के लिए रूस के अडिग समर्थन और हमारे ईरानी मित्रों के साथ एकजुटता की पुष्टि करना चाहते हैं।

रूसी राष्ट्रपति ने मोजतबा खामेनेई से कहा कि उनके पिता आयतुल्ला अली खामेनेई की अमेरिका-इज़रायल हमलों में हुई हत्या के बाद, ईरान के सर्वोच्च नेता के रूप में उनका कार्यकाल बहुत साहस और समर्पण की मांग करेगा।

क्रेमलिन के अनुसार, पुतिन ने कहा, "ऐसे समय में, जब ईरान सशस्त्र आक्रमण का सामना कर रहा है, इस उच्च पद पर आपके प्रयासों के लिए निस्संदेह बहुत साहस और समर्पण की आवश्यकता होगी। मुझे विश्वास है कि आप अपने पिता के कार्य को सम्मानपूर्वक आगे बढ़ाएंगे और इस कठिन परीक्षा के समय ईरानी जनता को एकजुट करेंगे।"

रूसी राष्ट्रपति ने आगे कहा कि रूस हमेशा इस्लामिक रिपब्लिक का एक भरोसेमंद पार्टनर बना रहेगा। उन्होंने कहा, "मेरी ओर से मैं फिर से तेहरान के लिए हमारे अडिग समर्थन और हमारे ईरानी मित्रों के साथ एकजुटता की पुष्टि करना चाहता हूं। रूस इस्लामिक रिपब्लिक का भरोसेमंद पार्टनर रहा है और आगे भी रहेगा।"

पिछले सप्ताह पुतिन ने इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियन से भी बात की थी और सर्वोच्च नेता खामेनेई की हत्या पर हार्दिक संवेदना व्यक्त की थी।

पुतिन ने तुरंत युद्धविराम के पक्ष में रूस के सिद्धांतगत रुख को दोहराया। उन्होंने कहा कि ईरान से जुड़े किसी भी

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# कूनो राष्ट्रीय उद्यान में 5 चीता शावकों का जन्म

श्योपुर, 09 मार्च। मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में नामीबियाई मादा चीता ज्वाला ने सोमवार को पांच शावकों को जन्म दिया। इसके साथ ही, अब भारत में चीतों की कुल संख्या बढ़ कर 53 हो गई है। केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

- अब भारत में चीतों की संख्या बढ़कर 53 हो गई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को सोशल मीडिया पर इस जानकारी को साझा करते हुए इसे प्रोजेक्ट चीता और वन्यजीव संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि कूनो में आने के बाद ज्वाला ने यहां के वातावरण को पूरी तरह अपना लिया है और वह पार्क की सबसे सफल मादा चीतों में शुमार हो गई है।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# ईरान व इज़रायल -अमेरिका के बीच लंबा युद्ध भारत के लिए गंभीर समस्या बनेगा

## भारत परंपरागत रुप से 88 प्रतिशत तेल आयात करता है, जिसमें से 40 प्रतिशत "स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़" के माध्यम से आता है जो अभी अवरुद्ध है

- हालांकि, तेल व प्राकृतिक गैस मंत्री, हरदीप सिंह पुरी इन आशंकाओं को हवा नहीं देने की कोशिश में बयान जारी कर रहे हैं कि "भारत को उन रास्तों से बराबर तेल मिल रहा है जो "स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़" से होकर नहीं जाते हैं। भारत तेल आयात के मामले में एक आरामदायक स्थिति में है।"
- परंतु युद्ध के कारण हुई तेल के दामों में वृद्धि अभी से ही देखी जा सकती है। "ब्रेंट क्रूड" की दर नौ प्रतिशत बढ़कर 80 डॉलर प्रति बैरल हो गई है। वहीं एलएजी की दर 50 प्रतिशत तक बढ़ गई है।
- पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान ने तेल की बढ़ती दर को देखते हुए पैट्रोल के दाम 20 प्रतिशत बढ़ाए हैं और डीज़ल के दाम 55 पाकिस्तानी रुपए कर दिए हैं।

- श्रीनंद झा -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 9 मार्च। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने चेतावनी दी है कि मध्य पूर्व में चल रहा संघर्ष वैश्विक महंगाई का खतरा पैदा कर सकता है। इसी बीच, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने आज संसद को बताया कि भारत के पास कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों का कुल भंडारण इतना है कि वह लगभग 74 दिनों तक चल सकता है।

सरकार ने तेल आपूर्ति में संभावित बाधा के खतरे को कम करने के लिए कुछ कदम उठाए हैं। इनमें ओडिशा के चांदीखोल और कर्नाटक के पदूर में दो तेल भंडारण सुविधाओं की स्थापना का काम तेजी से आगे बढ़ाना शामिल है। इस बढ़ोतरी से 12 दिनों के इम्पोर्ट के बराबर तेल रिज़र्व बढ़ने की संभावना है। केन्द्र सरकार ने कच्चे तेल के आयात के स्रोतों को विविध बनाने की पहल भी की है, ताकि संघर्ष वाले क्षेत्रों से बचते हुए आयात किया जा सके। इसके साथ ही बड़े तेल उत्पादक देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों, जैसे अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी, पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन और अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा मंच के साथ कूटनीतिक संपर्क मजबूत करने की पहल भी की जा रही है।

इसके बावजूद वित्त मंत्रालय की एक रिपोर्ट ने चेतावनी दी है कि मध्य पूर्व में लंबा संकट व्यापक आर्थिक असर डाल सकता है, जिसमें एक्सचेंज रेट पर दबाव और महंगाई में बढ़ोतरी शामिल है। फरवरी में जारी मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा के अनुसार, इस संघर्ष ने पहले ही होर्मुज़ स्ट्रेट से शिपिंग को प्रभावित किया है। यह दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्ग है, जहां से वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत गुजरता है। रिपोर्ट के अनुसार, ब्रेंट क्रूड की कीमतें लगभग 9 प्रतिशत बढ़कर करीब 80 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गई हैं, जबकि एलएनजी की कीमतें करीब 50 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। अभी भारत पर इसका पूरा असर नहीं पड़ा है, लेकिन पड़ोसी पाकिस्तान को झटका लगा है। हाल ही में इस्लामाबाद ने पेट्रोल और हाई

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# ट्रम्प चाहते थे कि उनकी "पुष्टी" अनिवार्य हो, ईरान का नेता चुनने के लिये

## पर ईरान ने मोजतबा खामेनेई को सुप्रीम कमाण्डर बनाने की घोषणा कर ट्रम्प की पूरी किरकरी की

- रुस व चीन ने भी नए सुप्रीम कमाण्डर का खुला स्वागत किया और अपना पूर्ण समर्थन देने की बात कहते हुए यह भी कहा कि अपने देश का सुप्रीम कमाण्डर का चयन किसी भी देश का "आन्तरिक" मामला है।
- साथ ही अमेरिका के लिए नई समस्या है, युद्ध भूमि में मारे गए अमेरिकी सैनिकों के शव अब अमेरिका पहुंचने लगे हैं और ट्रंप इन शवों के आने से उत्पन्न अमेरिकावासियों की नाराज़गी बर्दाश्त नहीं कर पायेंगे।
- इस तीव्र व तीखी प्रतिक्रिया से अमेरिका व इज़रायल के सम्बंधों में भी दरार आने लगी है।
- अमेरिका अब इज़रायल पर दबी जुबान में नाराज़गी जताने लगा है। उसका कहना है कि इज़रायल इतनी भारी बमबारी करेगा, उन्हें उम्मीद नहीं थी तथा सिविलिपन इन्फस्ट्रक्चर पर बमबारी के कारण, ईरानी नागरिक अब अमेरिका के पूरी तरह खिलाफ होने लगे हैं और वर्तमान सरकार के पक्ष में खड़े होने लगे हैं। इस घटनाक्रम से अमेरिका की नाराजगी बनी है इज़रायल के प्रति, क्योंकि अमेरिका के पास कोई विकल्प नहीं है, स्थिति को ठण्डा करने के लिये।

- अंजन रॉय -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 9 मार्च। ईरान इस समय एक बहुत ही सावधानी और चतुराई से भरा खेल खेल रहा है, जो अमेरिकी व्यवस्था को सीधे चुनौती दे रहा है।

तेजी से हुए घटनाक्रमों के बीच ईरान ने अपने नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई की घोषणा की है, जो पहले मारे गए सर्वोच्च नेता अली खामनेई के बेटे हैं। नए नेता की यह नियुक्ति अमेरिका और उसके राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के लिए खुली चुनौती के रूप में देखी जा रही है।

ट्रंप ने पहले इच्छा जताई थी कि ईरान के नए सर्वोच्च नेता के चयन में उनकी भी भूमिका होनी चाहिए। उन्हें लगा कि इसके लिए उनकी मंजूरी की जरूरत है। लेकिन ईरान की व्यवस्था ने बिना किसी देरी के नए नेता का चयन कर लिया, जिन्हें आम ईरानियों का उत्साही समर्थन भी मिला है।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने समय गँवाये बिना तुरंत नए नेता का स्वागत किया और उन्हें पूरा समर्थन देने की बात कही। यह कदम भी अमेरिकी राष्ट्रपति के उस विश्वास को चुनौती देता है कि दुनिया में नेताओं के चयन के लिए उनकी व्यक्तिगत मंजूरी जरूरी है।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भी नए नेता का स्वागत करते हुए कहा कि किसी भी देश में नेता का चयन उसका आंतरिक मामला होता है।

इसी बीच, पश्चिम एशिया के तेल संयंत्रों को भारी नुकसान पहुंचने के कारण तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के मनोवैज्ञानिक स्तर से ऊपर पहुंच गई हैं। इसके कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है और कीमतों में तेज वृद्धि की आशंका है। यदि यह स्थिति जारी रहती है तो कई देशों को आर्थिक संकट या शटडाउन जैसी स्थिति का सामना करना पड़ सकता है।

अमेरिका और इज़रायल को शायद इस बात की उम्मीद नहीं थी कि युद्ध शुरू होने के बाद पश्चिम एशिया के क्षेत्रीय देशों पर इतने बड़े पैमाने पर हमले होंगे। इन हमलों और क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों को हुए नुकसान से अमेरिका-इज़रायल गठजोड़ को काफी क्षति हुई है।

आज अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने स्वीकार किया कि कुछ अमेरिकी सैनिकों और अन्य लोगों

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# इंडोनेशिया भारत से ब्रह्मोस मिसाइल खरीदेगा

नई दिल्ली, 09 मार्च। इंडोनेशिया ने भारत से ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल सिस्टम खरीदने के लिए समझौता किया है। यह जानकारी इंडोनेशिया के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने सोमवार को समाचार एजेंसी रॉयटर्स को दी। इस सौदे की अनुमानित कीमत करीब 3,800 करोड़ रुपये यानी करीब 450 मिलियन डॉलर बताई जा रही है। यह सौदा आकार में फिलीपींस द्वारा खरीदी गई 3 बैटरी ब्रह्मोस मिसाइल डील के समान माना जा रहा है। हालांकि प्रशिक्षण, लॉजिस्टिक्स और अन्य अतिरिक्त सुविधाओं के कारण अंतिम कीमत में थोड़ा बदलाव संभव है।

- इस सौदे की अनुमानित कीमत 3,800 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

इंडोनेशिया के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता रिकॉ रिकार्डो सिरैत ने कहा कि यह समझौता देश की सैन्य क्षमताओं

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# मोजतबा खामेनेई के समर्थन में हजारों लोग एकत्रित हुए

तेल अवीव/तेहरान, 09 मार्च। इजरायल ने आज ईरान के कई हिस्सों पर ताबड़तोड़ हमले करने शुरू कर दिए। ये हमले तेहरान, इस्फहान और दक्षिणी ईरान पर किए गए। हमले की घोषणा तब की गई, जब ईरान से नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई के समर्थन में हजारों लोग तेहरान के सेन्ट्रल चौक पर जमा हुए थे।

- मोजतबा के रिवोल्यूशनरी गाड्र्स कॉर्प्स के साथ करीबी रिश्ते रहे हैं व उनका ईरान की पॉलिटिक्स में पर्दे के पीछे बहुत असर है।

इजरायल की डिफेंस फोर्स ने इस संबंध में एक बयान जारी कर कहा, आईडीएफ ने अभी तेहरान, इस्फहान और दक्षिणी ईरान में आतंकी शासन के

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## विचार बिन्दु

**आपत्ति मनुष्य बनाती है और संपत्ति राक्षस। –विक्टर ह्यूगो**

# अमेरिका - ईरान युद्ध में भारत की रहस्यमयी चुप्पी

28 फरवरी 2026 को जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान के विरुद्ध युद्ध प्रारंभ किया, तब ऐसा लगा था कि शायद दो-चार दिन में ईरान समर्पण कर देगा। किंतु इस युद्ध का भी वैसा ही हाल होता हुआ दिख रहा है जैसा रूस और यूक्रेन के मध्य हो रहा है। रूस और यूक्रेन के युद्ध को चार वर्ष हो चुके हैं और अभी भी समाप्त होने का नाम नहीं है।

इजराइल ने पहले ही दिन ईरान के एक स्कूल पर बमबारी की जिसमें लगभग 200 छोटी लड़कियां मारी गईं। अब तक इस युद्ध को 9 दिन हो चुके हैं। लाखों-करोड़ों रुपए का नुकसान हो चुका है और हजारों परिवार बर्बाद हो चुके हैं। इसके बावजूद युद्ध की तीव्रता निरंतर बढ़ती जा रही है। गनीमत यही है कि अभी तक इसमें चीन और रूस सीधे रूप से शामिल नहीं हुए हैं। ईरान ने अपनी सैनिक क्षमता का पूरा परिचय इसमें दिया है। अमेरिका ने युद्ध के प्रारंभ में ही ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामनेई, सेनापति एवं उनके सभी सहायकों की हत्या कर दी। इस पूरे प्रकरण के दौरान भारत सरकार ने चुप्पी साध रखी है।

भारत, सदैव मानवीय और नैतिक मूल्यों का संवाहक रहा है और प्रधानमंत्री मोदी इसकी दुहाई लगभग हर संबोधन में देते रहे हैं। भारत, सदैव किसी देश पर आक्रमण और उसके आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप का विरोध करता रहा है। यह पहली बार है जब अमेरिका-इजरायल द्वारा अचानक ईरान पर हमला किया गया, उसके बावजूद भारत ने इसकी निंदा तक नहीं की है। ईरान के सुप्रीम नेता अयातुल्ला खामनेई की हत्या के बावजूद भारत ने लंबे समय तक इस पर शोक तक नहीं प्रकट किया। भारत द्वारा इस प्रकार चुप्पी साध लेने के कई अर्थ विश्लेषकों द्वारा निकाले जा रहे हैं। कुछ का मानना है कि यह अमेरिका के हाथों ब्लैकमेल होने जैसा है।

अमेरिका ने ईरान पर हमला करने का मुख्य आधार ईरान को परमाणु बम बनाने से रोकना बताया था। यह उल्लेखनीय है कि 25 फरवरी 2026 को ही, अर्थात युद्ध से केवल दो दिन पूर्व ओमान की मध्यस्थता में ईरान और अमेरिका के बीच इस बात का समझौता लगभग हो ही चुका था कि ईरान, यूरेनियम संवर्धन का कार्यक्रम बंद कर देगा। इस पर एक-दो दिन में हस्ताक्षर होने थे।इसके बाद कोई कारण नहीं था कि अमेरिका, ईरान पर अचानक हमला कर दे। इसी से स्पष्ट है कि यह तो केवल बहाना था। वास्तव में अमेरिका ईरान को तहस-नहस करना चाहता था।

अमेरिका ने कुछ सालों पूर्व 2003 में इराक पर हमला इस बहाने किया था कि इराक के पास रासायनिक हथियार थे। यह बात किसी भी जांच से सही नहीं निकली। कुल मिलाकर हम कह सकते हैं कि अमेरिका ने लीबिया, सूडान, सोमालिया, यमन, सीरिया, इराक, अफगानिस्तान आदि कई देशों पर केवल अपनी साम्राज्यवादी विस्तार की नीति के अंतर्गत आक्रमण किया और इन देशों की सार्वभौमिकता पर आघात किया।

ईरान के सुप्रीम लीडर की हत्या करना और उसके 40 प्रमुख नेताओं को एक साथ मार देना, किसी भी देश के आंतरिक मामलों में स्पष्ट दखल है। ऐसा करने की कोई ठेकेदारी अमेरिका को कहीं से नहीं मिली है। इसके उलट, संयुक्त राष्ट्र की सभी मर्यादाओं को अमेरिका ने तार-तार कर दिया है, विशेष कर ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद।

यदि हम भारत की विदेश नीति का इतिहास देखें तो पाएंगे कि भारत ने सदैव उस देश का साथ दिया है जिससे मानवीय मूल्यों की रक्षा करने का प्रयास किया है। उदाहरण के लिए 1953 में जब ईरान में रूसी सैनिकों ने प्रवेश किया, तो तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने रूस को अपनी सेना ईरान से हटाने के लिए कहा था, इसके बावजूद कि उस समय भारत और रूस के बीच दोस्ती के संबंध थे। इसी प्रकार, 1994 में जब नरसिंहराव सिंह की सरकार थी, उस समय इस्लामी देशों के संगठन (ओ आई सी) द्वारा मानवाधिकार के उल्लंघन के आरोप में भारत के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव लाया गया था। इसके पारित होने के लिए ईरान के भी हस्ताक्षर आवश्यक थे। भारत के तत्कालीन विदेश मंत्री दिनेश सिंह को बीमारी के बावजूद ईरान भेजा गया जिन्होंने वहां के राष्ट्रपति को तैयार इस बात के लिए किया कि वह इस निंदा प्रस्ताव पर हस्ताक्षर न करें। भारत की बात मान कर ऐसा न कर ईरान ने भारत का साथ दिया, जिसके कारण निंदा प्रस्ताव पारित नहीं हो पाया। अपनी विदेश नीति को किसी के दबाव के बिना और किसी भी गुट में शामिल हुए बगैर मानवीय मूल्यों के आधार पर और स्वतंत्र सार्वभौमिकता के सिद्धांत के आधार पर भारत तैयार करता रहा है। उसी अनुसार पालन भी करता रहा है।

**भारत, सदैव मानवीय और नैतिक मूल्यों का संवाहक रहा है और प्रधानमंत्री मोदी इसकी दुहाई लगभग हर संबोधन में देते रहे हैं। भारत, सदैव किसी देश पर आक्रमण और उसके आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप का विरोध करता रहा है। यह पहली बार है जब अमेरिका-इजरायल द्वारा अचानक ईरान पर हमला किया गया, उसके बावजूद भारत ने इसकी निंदा तक नहीं की है।**

हाल ही में अमेरिका के सामने जिस प्रकार भारत ने आत्म समर्पण कर दिया है, वह उसकी विदेश नीति में बहुत बड़ा परिवर्तन दिखाता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप बार-बार यह कहते रहे कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच में संघर्ष को समाप्त करवाया किंतु भारत की ओर से न तो किसी मंत्री ने न किसी अधिकारी ने ट्रंप के बयान का खंडन किया और यह कहने का साहस किया कि ट्रंप की इस युद्ध विराम में किसी प्रकार की कोई भूमिका नहीं थी। अमेरिका से होने वाली ट्रेड डील की घोषणा भी ट्रंप ने अपनी ओर से एक तरफा कर दी। अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प द्वारा लगाए गए मनमाने टैरिफ को खारिज कर दिया और इसी कारण भारत, अमेरिका की ट्रेड डील पर हस्ताक्षर नहीं हुए हैं। इस ट्रेड डील के अनुसार भारत पर टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया किंतु अन्य शर्तों के साथ यह शर्त भी लगा दी कि भारत रूस से कच्चा तेल आयात नहीं करेगा। ट्रेड डील पर हस्ताक्षर नहीं होने के बावजूद अमेरिका ने यह घोषणा की कि भारत को रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए एक महीने की अनुमति दी गई है।यह उल्लेखनीय है कि भारत को रूस से बहुत कम कीमत पर कच्चा तेल मिलता था और वहां से तेल की खरीद बंद करने पर भारत में तेल की कीमतें बहुत बढ़ने की संभावना थी। इसके बावजूद भारत ने इस डील पर सहमति दी थी। इसी बीच, ईरान पर अमेरिका और इजराइल ने हमला कर दिया। अमेरिका ने अब एक प्रकार से भारत को छूट देते हुए घोषणा की, कि एक महीने तक वह रूस से तेल खरीद सकता है। अमेरिका का यह आचरण भारत की स्वतंत्रता पर एक प्रकार से हमला ही कहा जाएगा।

यह भी उल्लेखनीय है कि रूस से तेल खरीदने की अनुमति ऊंचे दामों पर दी गई है क्योंकि वही तेल खरीदा जाएगा जो टैंकरों में अभी समुद्र में है। रूस से खरीद की पूर्व शर्तों के अनुसार भारत को रियायती कीमत पर तेल मिलना था किंतु अब केवल वही तेल उपलब्ध होगा जो अभी समुद्र में टैंकरों में है।

क्या भारत ने इस प्रकार से अमेरिका के सामने आत्मसमर्पण सा नहीं कर दिया है? इसका कोई प्रत्यक्ष कारण समझ में नहीं आता है। आशंकाएं अवश्य उत्पन्न होती हैं। एक आशंका यह है कि भारत के शीर्ष नेताओं की कोई कमजोर नस अमेरिका के हाथ में है और ट्रंप उसका उपयोग करके भारत को ब्लैकमेल कर रहा है। यह भी संभव है जिस प्रकार से यहां से कुछ बड़े नेताओं और उद्योगपतियों का नाम ऐप्सटीन फाइल में आया उससे ध्यान भटकाने के लिए अमेरिका ऐसा आचरण कर रहा है। अमेरिका जो चाहे, वह करे, उस पर यह चुप्पी, मौन सहमति देने के समान है। आप चाहे जो कर लें, हम आपके सामने कुछ न कहेंगे न विरोध करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी का यह व्यवहार चुनाव पूर्व की उनकी उस मुद्रा के बिल्कुल विपरीत है, जब वे कहते थे कि हम अन्य देशों से आँख से आँख मिला कर बात करेंगे। उनकी छप्पन इंच की छाती का भी बहुत बखान किया जाता है। ऐसा कहने वाले प्रधानमंत्री अब क्यों इस प्रकार से कमजोर दिखाई दे रहे हैं, इसका कोई कारण देश की जनता को समझ में आ नहीं रहा है।


उचित होगा लोकसभा का सत्र जो सोमवार से प्रारंभ हुआ है, उसमें विदेश मंत्री या प्रधानमंत्री, स्वयं, इस पूरे परिप्रेक्ष्य में भारत की स्थिति स्पष्ट करें, ताकि देश वासी आश्वस्त हो सकें कि हमने अपनी आत्म सम्मान को सुरक्षित रखते हुए जो विदेश नीति अब तक बनाई है, जिसमें भारत के हित को सर्वोपरि रखने की बात की गई और देश को स्वाभिमान के साथ चलाने की बात की है, उसके बारे में किसी प्रकार का कोई समझौता देश के नेताओं ने नहीं किया है, क्यू विशेष कर अमेरिका के सामने। वैसे भी ईरान में जो कुछ भी हुआ, अंतरराष्ट्रीय कानून का पूरा उल्लंघन था और इस कारण भारत को प्रारंभ से उसका विरोध करना चाहिए था।

इस संदर्भ में एक और घटना उल्लेखनीय है। ईरान का एक सैन्य जहाज भारत के निमंत्रण पर विशाखापट्टनम आया था। जैसे ही यह मेहमान जहाज़ पुन: ईरान जा रहा था, उससे पूर्व ही ईरान-अमेरिका युद्ध प्रारंभ हो चुका था। भारतीय समुद्री सीमा के समीप ही श्रीलंका की सीमा में जब यह जहाज ;IRIS ,DENA " जा रहा था तो अमेरिका ने उस पर पनडुब्बी से हमला करके उसे पानी में डूबा दिया। इस हमले में 87 ईरानी सैनिक मारे गए और कई अन्य लापता हैं। भारत ने इस पर भी विरोध दर्ज नहीं कराया।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के विस्तारवादी उल जुलूल बयानों का कनाडा जैसे छोटे देश के प्रधानमंत्री कार्नी तक ने विश्व व्यापार संगठन में संबोधन के दौरान भरपूर खुले आम विरोध किया, वहीं 150 करोड़ लोगों के देश भारत के प्रधानमंत्री की चुप्पी अभी रहस्य ही बनी हुई है। भारत, वास्तव में विश्वगुरु कहलाने का अधिकारी तब ही होगा जब वह सच के साथ खड़ा दिखाई देगा और वह अनैतिक और अकारण युद्ध प्रारंभ करने वाले देश की निंदा करने का साहस दिखाएगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# जल संकट से जल-सुरक्षा की ओर बढ़ता राजस्थान



**डॉ. रामप्रताप**

राजस्थान की पहचान सदियों से रेतीले विस्तार, अल्प वर्षा और जल की कठिन उपलब्धता से जुड़ी रही है। यहां पानी जीवन की सबसे बड़ी चुनौती रहा है। मरुधरा की धरती पर पानी की एक बूंद के लिए मीलों का सफर तय करती पणिहारियों के पदचाप और सूखे कंठों की पुकार राजस्थान के सामाजिक इतिहास का स्थायी चित्र रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जल संरक्षण के राष्ट्रीय विजन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास मरुधरा की प्यास बुझाने की दिशा में निर्णायक साबित हो रहे हैं। अब तस्वीर तेजी से बदलती दिखाई दे रही है। आधुनिक तकनीक, दूरदर्शी नीतियों और समन्वित प्रयासों के कारण राजस्थान धीरे-धीरे जल संकट से जल-सुरक्षा की दिशा में बढ़ रहा है। भौगोलिक दृष्टि से राजस्थान देश का सबसे बड़ा राज्य है, किंतु यहां जल संसाधन अत्यंत सीमित हैं। देश के कुल भूभाग का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा राजस्थान में है, जबकि यहां उपलब्ध जल संसाधन कुल का लगभग 1 प्रतिशत ही हैं। औसत वर्षा भी लगभग 500 मिमी से कम है, जबकि पश्चिमी जिलों में यह 200 मिमी से भी नीचे चली जाती है। प्रदेश के कई हिस्सों में भूजल का स्तर लगातार नीचे जा रहा है और अनेक क्षेत्रों में पानी खारा या फ्लोराइड युक्त होने के कारण पीने योग्य भी नहीं रहता।

यही कारण है कि जल प्रबंधन राजस्थान के विकास की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल प्रबंधन को राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में स्थापित किया है। जल है तो कल है के मंत्र के साथ उन्होंने जल जीवन मिशन, नमामि गंगे, अटल भूजल योजना, प्रति बूंद अधिक फसल जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से जल संरक्षण और जल उपलब्धता को व्यापक जन आंदोलन का रूप दिया है। इसी राष्ट्रीय दृष्टि को आधार बनाकर राजस्थान में भी जल संसाधनों के विकास और संरक्षण की दिशा में कई बड़े कदम उठाए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रस्तुत बजट 2026-27 में जल संरचना को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। यह बजट प्रदेश के आठ करोड़ नागरिकों की प्यास बुझाने का एक ठोस संकल्प प्रतीत होता है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में राजस्थान को जल-सुरक्षित राज्य के रूप में स्थापित किया जाए। इसके लिए दीर्घकालिक परियोजनाओं के साथ-साथ पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण और आधुनिक तकनीक के उपयोग पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

प्रदेश में प्रस्तावित और प्रगति पर चल रही विभिन्न नदी-लिंक परियोजनाएं राजस्थान के जल भूगोल को बदलने की क्षमता रखती हैं। राम जल सेतु लिंक परियोजना पूर्वी राजस्थान के लिए एक जीवनरेखा के रूप में उभर रही है। इस योजना के माध्यम से अधिशेष जल को जल-अभाव वाले क्षेत्रों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे न केवल पेयजल उपलब्धता बढ़ेगी बल्कि सिंचाई क्षेत्र में भी उल्लेखनीय विस्तार होगा।

इसी प्रकार विभिन्न जलाशयों और नहर प्रणालियों के एकीकरण के लिए मल्टी-रिजर्वॉयर इंटीग्रेशन मॉडल विकसित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से परवन बांध के जल को बीसलपुर, जयसमंद और जवाई जैसे प्रमुख जलाशयों तक पहुंचाने की योजना बनाई गई है। यह जल वितरण की दृष्टि से एक ऐतिहासिक पहल मानी जा रही है। राजस्थान के पश्चिमी हिस्से में हरित क्रांति की आधारशिला रखने वाली इंदिरा गांधी नहर परियोजना का आधुनिकीकरण भी राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। लगभग 2500 किलोमीटर क्षेत्र में नहर प्रणाली को आधुनिक तकनीक से सुदृढ़ किया जा रहा है। इसके साथ-साथ सेम की समस्या से लगभग 50 हजार हेक्टेयर भूमि को मुक्त कराने की योजना किसानों के लिए अत्यंत राहतकारी साबित होगी। इससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

राजस्थान की सांस्कृतिक परंपरा में तालाब, बावड़ियां और जलाशय सदियों से जल संरक्षण के प्रमुख साधन रहे हैं। राज्य सरकार ने इस विरासत को पुनर्जीवित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। बारां, भीलवाड़ा, बूंदी, कोटा, टोंक, झालावाड़ और उदयपुर जैसे जिलों में लगभग 50 करोड़ रुपये की लागत से जलाशयों के पुनरुद्धार का कार्य किया जा रहा है। इससे न केवल जल संग्रहण क्षमता बढ़ेगी बल्कि स्थानीय पारिस्थितिकी और पर्यटन को भी लाभ मिलेगा। पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर और जैसलमेर जैसे सीमावर्ती जिलों में जल उपलब्धता हमेशा बड़ी चुनौती रही है। इन क्षेत्रों के लिए जियो-ग्रिड तकनीक तथा खारे-मीठे जल के मिश्रण की नई तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है। इन पहलों का उद्देश्य दूरस्थ गांवों तक सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है, जिससे सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार हो सके।

### तकनीक और हरित ऊर्जा का समावेश

जल प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी और हरित ऊर्जा का उपयोग भी तेजी से बढ़ाया जा रहा है। परियोजनाओं में सौर ऊर्जा आधारित संयंत्रों की स्थापना से ऊर्जा लागत कम होगी और पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा। साथ ही सिंचाई मित्र ऐप, ऑटोमेटेड गेट सिस्टम और डिजिटल मॉनिटरिंग जैसी व्यवस्थाओं से जल वितरण प्रणाली को पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा रहा है।

जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर तक नल से जल पहुंचाने का अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार ने लगभग 10 लाख अतिरिक्त घरों तक पाइपलाइन से जल उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह पहल केवल जल आपूर्ति तक सीमित नहीं है। यह ग्रामीण महिलाओं के श्रम को कम करने, स्वास्थ्य सुरक्षा बढ़ाने और सामाजिक गरिमा को सुदृढ़ करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

जल संसाधनों का सुदृढ़ प्रबंधन पेयजल समस्या का समाधान करने के साथ ही कृषि, उद्योग, पर्यटन और शहरी विकास के लिए भी नई संभावनाएं खोलता है।औद्योगिक क्षेत्रों के लिए छह मेगा वाटर स्टोरेज यूनिट्स के निर्माण की योजना राज्य को निवेश के लिए अधिक आकर्षक बनाएगी। इससे उद्योगों को स्थायी जल उपलब्धता सुनिश्चित होगी और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। स्पष्ट है कि राजस्थान अब केवल जल संकट से जूझने वाला प्रदेश नहीं रहा, बल्कि जल प्रबंधन के अभिनव मॉडल विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

तालाबों के पुनर्जीवन से लेकर नदी-लिंक परियोजनाओं तक, सौर ऊर्जा आधारित पंपिंग से लेकर डिजिटल जल प्रबंधन तक की यह समग्र दृष्टि दर्शाती है कि राज्य सरकार मरुधरा की शिराओं में जल रूपी अमृत प्रवाहित करने के लिए गंभीर और प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी विजन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में चल रहे ये प्रयास आने वाले वर्षों में राजस्थान के विकास की नई कहानी लिख सकते हैं। संभव है कि जिस प्रदेश की पहचान कभी पानी के अभाव से होती थी, वही प्रदेश भविष्य में जल प्रबंधन के सफल मॉडल के रूप में देश और दुनिया के सामने उदाहरण बनकर उभरे। मरुधरा की प्यास बुझाने की यह यात्रा केवल जल उपलब्धता की कहानी नहीं है, यह संघर्ष से समृद्धि तक पहुंचने की एक प्रेरक गाथा भी है।

**–डॉ. रामप्रताप,**
**पूर्व जल संसाधन मंत्री,**
**राजस्थान**

# पश्चिम एशिया के संकट की नई आहट : ईरान व अमेरिका टकराव और उसके दूरगामी प्रभाव



**डॉ. नीरज रावत**

पश्चिम एशिया एक बार फिर अनिश्चितता और तनाव के दौर से गुजर रहा है। बीते दिनों में जिस तेजी से सैन्य गतिविधियाँ बढ़ी हैं और राजनीतिक बयानबाज़ी तीखी हुई है, उसने इस पूरे क्षेत्र को एक बार फिर वैश्विक चिंता का केंद्र बना दिया है। वॉशिंगटन से आ रहे संकेत बताते हैं कि डोनाल्ड ट्रम्प का प्रशासन ईरान के प्रति दबाव की नीति को और कड़ा करने के पक्ष में दिखाई देता है। कभी और भी बड़ी सैन्य कार्रवाई की चेतावनी, तो कभी ईरान में सत्ता परिवर्तन उद्देश्य बताना – इन सब कारणों ने इस संकट को केवल एक द्विपक्षीय टकराव से कहीं अधिक जटिल बना दिया है।

परंतु इस पूरी बहस में एक बुनियादी सवाल अक्सर पीछे छूट जाता है कि यदि ईरान में सत्ता परिवर्तन की कोशिश होती है, तो उसके बाद स्थिरता कैसे स्थापित की जाएगी? इतिहास हमें बताता है कि किसी शासन को हटाना अपेक्षाकृत आसान हो सकता है, लेकिन उसके बाद स्थिर व्यवस्था कायम करना कहीं अधिक कठिन और अनिश्चित प्रक्रिया होती है।

इस संदर्भ में 2003 का ईराक युद्ध एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। उस युद्ध ने सद्दाम हुसैन के शासन का अंत तो कर दिया, लेकिन इसके बाद इराक लंबे समय तक राजनीतिक अस्थिरता, सांप्रदायिक हिंसा और संस्थागत विघटन से जूझता रहा। इसी तरह 2011 में लीबियाई युद्ध के दौरान मुअम्मर गद्दाफी का शासन समाप्त हुआ, परंतु लीबिया स्थिर लोकतांत्रिक व्यवस्था में परिवर्तित नहीं हो पाया। इसके बजाय वहां वर्षों तक सत्ता संघर्ष, मिलिशिया हिंसा और राजनीतिक विखंडन की स्थिति बनी रही। इन अनुभवों को देखते हुए ईरान के संदर्भ में सत्ता परिवर्तन की चर्चा और भी अधिक संवेदनशील हो जाती है। ईरान न तो इराक जैसा है और न ही लीबिया जैसा। लगभग नौ करोड़ की आबादी वाला यह देश एक गहरी ऐतिहासिक पहचान और मजबूत संस्थागत संरचना रखता है। साथ ही इसकी भौगोलिक स्थिति (फारस की खाड़ी के प्रवेश द्वार पर) इसे वैश्विक ऊर्जा राजनीति में अत्यंत महत्वपूर्ण बनाती है।

संघर्ष के नौवें दिन की घटनाओं ने इस संकट की गंभीरता को और स्पष्ट कर दिया। मिसाइल और ड्रोन हमलों की खबरों ने खाड़ी क्षेत्र में असुरक्षा की भावना को बढ़ाया, जबकि तेल बाजारों में तुरंत प्रतिक्रिया देखने को मिली। कुछ ही समय में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव शुरू हो गया और समुद्री मार्गों की सुरक्षा को लेकर नई चिंताएँ सामने आईं। यह स्थिति इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि फारस की खाड़ी से होकर दुनिया की बड़ी मात्रा में तेल और गैस की आपूर्ति होती है। इन घटनाओं के बीच एक दिलचस्प कूटनीतिक पहलू भी सामने आया है, ईरान द्वारा अपने कुछ पड़ोसी देशों से माफी माँगना। क्षेत्रीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ईरान ने यह स्पष्ट करने की कोशिश की कि उसका संघर्ष सीधे तौर पर उन देशों के साथ नहीं है और यदि किसी सैन्य कार्रवाई से उनके क्षेत्र या हित प्रभावित हुए हों तो उसके लिए खेद व्यक्त किया गया।

यह कदम केवल औपचारिक कूटनीतिक शिष्टाचार नहीं माना जाना चाहिए। इसके पीछे एक महत्वपूर्ण रणनीतिक संदेश भी छिपा है। ईरान भलीभांति जानता है कि यदि खाड़ी के अरब देश पूरी तरह उसके विरुद्ध एकजुट हो जाते हैं तो उसकी स्थिति और अधिक कठिन हो सकती है। इसलिए वह यह संकेत देना चाहता है कि उसका मुख्य टकराव अमेरिका और उसके कुछ सहयोगियों से है, न कि पूरे क्षेत्र से।

कुछ विश्लेषकों का यह भी मानना है कि अमेरिका इस टकराव में केवल इस्त्राइल के समर्थन में सक्रिय नहीं हुआ है। इसके पीछे व्यापक क्षेत्रीय समीकरण भी हो सकते हैं, जिनमें शक्ति संतुलन और सऊदी अरब की सुरक्षा चिंताएँ भी शामिल हैं। ईरान और सऊदी अरब के बीच लंबे समय से चली आ रही प्रतिस्पर्धा ने पश्चिम एशिया की राजनीति को बार-बार प्रभावित किया है। फिर भी एक महत्वपूर्ण प्रश्न बना हुआ है कि, क्या अमेरिका वास्तव में तेहरान की धरती पर अपने सैनिक उतारने का जोखिम उठाएगा? सैन्य शक्ति के लिहाज से अमेरिका निस्संदेह कहीं अधिक मजबूत है, लेकिन ईरान जैसे बड़े और जटिल देश में जमीनी युद्ध का अर्थ एक लंबा, महँगा और अनिश्चित संघर्ष हो सकता है। इस पूरे परिदृश्य को भारत के दृष्टिकोण से भी समझना आवश्यक है। भारत के लिए पश्चिम एशिया केवल एक दूर का भू-राजनीतिक क्षेत्र नहीं है। यह हमारी ऊर्जा सुरक्षा, व्यापारिक हितों और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा से सीधे जुड़ा हुआ है। भारत अपने कच्चे तेल का एक बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से आयात करता है, इसलिए खाड़ी क्षेत्र में किसी भी तरह की अस्थिरता का सीधा असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। इसके अतिरिक्त खाड़ी देशों में बड़ी संख्या में भारतीय काम करते हैं। यदि क्षेत्रीय तनाव बढ़ता है तो उनकी सुरक्षा और संभावित निकासी जैसी चुनौतियाँ भी सामने आ सकती हैं। भारत के लिए एक और महत्वपूर्ण आयाम चाबहार बन्दरगाह परियोजना है, जो भारत को अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक वैकल्पिक संपर्क प्रदान करती है। यदि ईरान में अस्थिरता बढ़ती है तो इस परियोजना और उससे जुड़े व्यापक क्षेत्रीय संपर्क प्रयासों पर भी असर पड़ सकता है। भारत की विदेश नीति लंबे समय से संतुलन और संवाद पर आधारित रही है। एक ओर भारत ने इस्त्राइल के साथ अपने रणनीतिक संबंधों को मजबूत किया है, वहीं दूसरी ओर ईरान और खाड़ी के अरब देशों के साथ भी सहयोग बनाए रखा है। यही संतुलन भारत की कूटनीतिक ताकत भी है और उसकी चुनौती भी।

अंतत: इस पूरे संकट का सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न केवल युद्ध का नहीं है, बल्कि उस भविष्य का है जो युद्ध के बाद आकार लेता है। यदि सत्ता परिवर्तन की रणनीति अस्पष्ट और अधूरी रही, तो उसका परिणाम केवल एक सरकार के पतन तक सीमित नहीं रहेगा। वह पूरे क्षेत्र को लंबे समय तक अस्थिरता और प्रतिस्पर्धा के दौर में धकेल सकता है। ऐसे समय में कूटनीति, संयम और दूरदर्शिता ही वह रास्ता है जो इस संकट को एक व्यापक वैश्विक चुनौती में बदलने से रोक सकता है। युद्ध कभी-कभी कुछ दिनों में शुरू हो जाता है, लेकिन उसके परिणाम कई पीढ़ियों तक महसूस किए जाते हैं।

**–डॉ. नीरज रावत, जयपुर।**

# स्वाभिमान से स्वावलम्बन तक ( सत्य घटना )



**अभिरुचि शर्मा**

ढलती सांझ की लंबी होती परछाइयां, भगवान भास्कर अस्ताचलगामी हो रहे थे। जीर्ण-शीर्ण वस्त्र धारण करे 25-30 वर्ष की वह युवती जो कि एक पैर से घिसट-घिसट कर चल रही थी, उसके चेहरे पर जीवन से पराजय के भाव दृष्टिगोचर हो रहे थे। न जाने किस ईश्वरीय प्रेरणा से वह मेरे पास आकर काम मांगने लगी, कहा-“आप मुझे कुछ भी काम दें, कुछ भी रुपये दें, पर मेरे जीवन को सहारा दें।”

मैंने पूछा-“क्या कर सकोगी?” उसने कहा-“आप जो कहेंगी”। मैंने कहा-“तुम्हारा तो एक हाथ भी सही से काम नहीं कर सकता”।

वह बोली-‘17-18 वर्ष की उम्र में लड़की होने पर मुझे लकवा मार गया, (वाह रे बाल विवाह!) आप काम करवाइये तो सही”।

मैंने भी सोचा-ठीक है...इसे थोड़ा सफाई का एवं जो कुछ यह खुशी से कर सके ऐसा काम दे देते हैं। मैंने अपने कपड़ों में से कुछ ठीक से कपड़े भी उसे दिए। दूसरे दिन सुबह सही 6 बजे उसने घंटी बजाई और तत्परता से बरतन साफ करने लगी। फिर झाड़ू लगाकर चीजों को व्यवस्थित कर बोली-“दीदी, देख लीजिए काम ठीक से किया है ना”?

मुझे आश्चर्य हुआ, जीने की इच्छा ना कुछ होने पर भी बहुत कुछ होने की आश्वस्तता उसकी अपंगता, असहायता उसके काम की राह में आड़े नहीं आई। उसका कमजोर और लाचार शरीर व दो छोटे-छोटे बच्चे...लड़की 8 साल की और लड़का लगभग 2 साल का। मैंने बच्चों के कुछ कपड़े और उसके घर के राशन का इंतजाम भी किया। पता नहीं किस देवयोग से वह हमारे पूजाघर के ठाकुरजी के बरतन साफ करती और मुझसे कहती-‘दीदी, मेरी पेंशन करा दीजिए’।


तब मैंने सरपंच से फोन कर पता किया और किसी काम से जयपुर आयी तो उसका दिव्यांग प्रमाण पत्र भी बनवा दिया और वहीं किसी स्कीम से एक सिलाई मशीन भी दिलवा दी।

उसकी कर्मनिष्ठा और मुझ में श्रद्धा से कुछ ऐसे बानक बने कि उसको खादी भंडार से सूत कातने का काम मिला और शनै:शनै: उसका वह हाथ भी ठीक होने लगा, जो कि उसके जीवनयापन का आधार बना। लाचारियों से रुसवाइयां नहीं वरन परिस्थिति से सामंजस्य बिठा अपने बच्चों को पढ़ाने की ललक।

विधाता ने भी उसका साथ दिया। घर में लाइट नहीं, लड़की अंधेरे में कैसे पढ़ती? पैसा आने पर लाइट का कनैक्शन ले लिया। बैंक में खाता खुलवाने के लिए आधार कार्ड बनवाने के लिए वह कितना भटकी। मुझे भी उस पर तरस आने लगा, खाता खुला - आमदनी होने लगी - पेंशन भी आने लगी...अंततोगत्वा स्वाभिमान स्वावलंबी हो गया।

**–अभिरुचि शर्मा,**
**स्वतंत्र लेखिका।**

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**मंगलवार 10 मार्च, 2026**

चैत्र मास, कृष्ण पक्ष, सप्तमी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2082, अनुराधा नक्षत्र सायं 7:05 तक, हर्षण योग प्रात: 8:21 तक, विष्टि करण दिन 12:41 तक, चन्द्रमा आज वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**गृह स्थिति:** सूर्य-कुम्भ, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-कुम्भ, बुध-कुम्भ, गुरू-मिथुन, शुक्र-मीन, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह


आज राजयोग सूर्योदय से सायं 7:05 तक है। रवियोग सायं 7:05 तक है। आज भद्रा दिन 12:41 तक है। आज रांधा पुआ है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:42 से 11:09 तक, लाभ-अमृत 11:09 से 2:05 तक, शुभ 3:33 से 5:01 तक।

**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:46, सूर्यास्त 6:29



**मेष**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा में परेशानी हो सकती है।




**वृष**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।



**मिथुन**
स्वास्थ्य संबंधित परेशानी दूर होने लगेगी। दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**कर्क**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आवश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।



**सिंह**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा।



**कन्या**
आर्थिक मामलों में परिजनों से सहयोग मिल सकता है। संभावित धन प्राप्त होगा। आर्थिक विवादों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।



**तुला**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। आय में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।




**वृश्चिक**
व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक एवं नवीन कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।




**धनु**
आज समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है।



**मकर**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है।



**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**मीन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा

# खेजड़ी बचाने के लिए राजस्थान में कानून बनाएगी भजनलाल सरकार

## मंत्री जोगाराम पटेल की अध्यक्षता में बनाई छह सदस्यीय कमेटी

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर।** राजस्थान में राज्य वृक्ष ''खेजड़ी'' बचाने के लिए भजनलाल सरकार अब कानून लाने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से विधानसभा में दिए गए आश्वासन के बाद ''वृक्ष संरक्षण अधिनियम'' का प्रारूप तैयार करने के लिए समिति का गठन किया है। मंत्रिमंडल सचिवालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार, कानून मंत्री जोगाराम पटेल की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। जो इस कानून का ड्राफ्ट तैयार करेगी। कमेटी में राजस्व मंत्री हेमंत मीणा और वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा को सदस्य के तौर पर शामिल किया है। प्रमुख शासन सचिव विधि राघवेंद्र काछवाल, अतिरिक्त महाधिवक्ता महावीर विश्नोई और राजस्थान हाईकोर्ट के अधिवक्ता कुणाल विश्नोई को भी कमेटी में सदस्य नियुक्त किया गया है। समिति का प्रशासनिक विभाग राजस्व विभाग को बनाया गया है। ऐसे में इसके शासन सचिव समिति के सदस्य सचिव भी होंगे।

इस समिति की पहली बैठक सोमवार प्रात: संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल की अध्यक्षता में उनके निवास पर आयोजित की गई। बैठक में राजस्व एवं उपनिवेशन मंत्री हेमन्त मीणा, वन मंत्री संजय शर्मा सहित विधि विभाग के प्रमुख शासन सचिव, राजस्व विभाग के शासन सचिव एवं विधि विशेषज्ञ उपस्थित रहे।



**संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल की अध्यक्षता में ''वृक्ष संरक्षण अधिनियम'' का प्रारूप तैयार करने के लिए गठित समिति की प्रथम बैठक सोमवार को आयोजित हुई। बैठक में राजस्व एवं उपनिवेशन मंत्री हेमन्त मीणा, वन मंत्री संजय शर्मा सहित विधि विभाग के प्रमुख शासन सचिव, राजस्व विभाग के शासन सचिव एवं विधि विशेषज्ञ उपस्थित रहे।**

- ''वृक्ष संरक्षण अधिनियम'' का ड्राफ्ट एक महीने में तैयार कर सौंपा जाएगा
- यह कमेटी अलग-अलग राज्यों के कानूनों का अध्ययन करेगी

बताया जा रहा है कि यह समिति, अन्य राज्यों में लागू कानूनों का तुलनात्मक अध्ययन करके, अलग-अलग स्टेक होल्डर्स की राय और वृक्ष संरक्षण के संबंध में अलग-अलग न्यायिक निर्णयों और मौजूदा प्रावधानों का अध्ययन करके एक महीने में एक्ट का प्रारूप सरकार को देगी। उसके बाद सरकार इस प्रस्तावित कानून पर विधि विशेषज्ञों की राय के साथ आगे बढ़ेगी। सरकार के समिति गठित करने के साथ ही सोमवार को मंत्री जोगाराम पटेल की अध्यक्षता में उनके निवास पर पहली बैठक भी हुई।

बताया जा रहा है कि वर्तमान में केवल कृषि भूमि पर ही पेड़ों की कटाई की अनुमति का प्रावधान और अवैध पेड़ कटाई पर पेनल्टी का प्रावधान काश्तकारी कानून में है। अब सरकार नया कानून लाकर हर प्रकार की भूमियों जैसे- आवंटित, रूपांतरित, अधिग्रहीत और आबादी भूमियों अर्थात समस्त गैर कृषि उपयोग वाली भूमियों पर भी वृक्ष संरक्षण के लिए कठोर प्रावधान करेगी। गैर कृषि उपयोग की इन भूमियों पर प्राधिकृत अधिकारी से अनुमति लेकर ही न्यूनतम आवश्यक पेड़ ही हटाए जा सकेंगे।

ज्ञात रहे कि बीकानेर और अन्य मरुस्थलीय जिलों में सौर ऊर्जा संयंत्रों (सोलर प्लांट्स) की स्थापना के लिए हजारों खेजडी के पेड़ों की कटाई का आरोप लगाते हुए पर्यावरण प्रेमियों ने आंदोलन शुरू किया था। बीकानेर में विश्नोई धर्मशाला के पास 11 दिनों तक संतों और पर्यावरण प्रेमियों का महापडाव व अनशन चला था। इसके बाद 12 फरवरी 2026 को सरकार के प्रतिनिधिमंडल और संतों के बीच हुई वार्ता के बाद राजस्व विभाग ने पूरे राजस्थान में खेजड़ी की कटाई पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी थी।

# भारतीय पुलिस सेवा के एक अधिकारी के विरूद्ध दंड की मात्रा बढ़ाने का अनुमोदन

## भजनलाल सरकार ने अभियोजन स्वीकृति, 17-ए एवं विभागीय जांच के 50 से अधिक प्रकरण किए निस्तारित

**जयपुर (कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार आमजन को संवेदनशील, पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन देने के लिए जवाबदेहिता और पारदर्शिता के साथ कार्य कर रही है। इसी दिशा में जनहित से जुड़े कार्यों में लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं भ्रष्टाचार के दोषी कार्मिकों के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने अभियोजन स्वीकृति, 17-ए एवं विभागीय जांच के 50 से अधिक प्रकरणों को निस्तारित किया। शर्मा ने निजी व्यक्तियों के पक्ष में गैर कानूनी तरीके से आदेश पारित कर अवैध लाभ पहुंचाने के आरोपों में तत्कालीन उपखण्ड अधिकारी सहित सार्वजनिक निर्माण तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के दो अधिकारियों के विरूद्ध अभियोजन स्वीकृति दी।

इसके साथ ही, न्यायालय से दोषसिद्ध होने के आधार पर कृषि उपज मण्डी समिति के तत्कालीन सचिव को राज्य सेवा से पदच्युत किया गया तथा निरन्तर लंबी अनुपस्थिति के आधार पर एक अन्य अधिकारी को राजकीय सेवा से हटाया गया।

इसी प्रकार उन्होंने पद के दुरूपयोग, अनियमित भुगतान एवं राजकोष को हानि पहुंचाए जाने के आरोपों के तहत तत्कालीन विकास अधिकारी के विरूद्ध भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम, 2018 की धारा 17-ए के तहत विस्तृत जांच एवं अनुसंधान का भी अनुमोदन किया।

मुख्यमंत्री ने भारतीय पुलिस सेवा के एक अधिकारी के विरूद्ध दो प्रकरणों में संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श से दण्ड की मात्रा बढ़ाने का अनुमोदन किया। साथ ही, राज्य सेवा के अधिकारियों के विरूद्ध संचालित सीसीए नियम-16 में गंभीर आरोपों के 23 प्रकरणों में 27 अधिकारियों के विरूद्ध दो से चार वेतन वृद्धियां संचयी प्रभाव से रोके जाने की शास्ति से दण्डित किया।

शर्मा ने सेवानिवृत्त अधिकारियों के पांच प्रकरणों में पेंशन रोकने तथा अन्य 9 प्रकरणों में प्रमाणित आरोपों के जांच निष्कर्ष का अनुमोदन करते हुए राज्यपाल को प्रकरण अग्रेषित किए। वहीं, राज्य सेवा के अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत अपील के पांच प्रकरणों में से चार को खारिज करते हुए एक में दण्ड की मात्रा कम की गई। इसी तरह अभियोजन स्वीकृति के एक प्रकरण में विभागीय जांच के आदेश तथा दो में अभियोजन की मनाही करते हुए विभागीय जांच के तीन प्रकरणों में दोषमुक्ति का अनुमोदन भी किया गया।

# प्रदेश में 91 लाख से अधिक लाभार्थियों को नियमित पैंशन दे रही है सरकार

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में मजबूत हुआ सामाजिक सुरक्षा का कवच

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजस्थान में सामाजिक सुरक्षा को मजबूत बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने पिछले दो वर्षों में कई महत्वपूर्ण और प्रभावी निर्णय लिए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं को निरंतर सुदृढ़ किया गया है, जिससे प्रदेश के लाखों जरूरतमंद नागरिकों को आर्थिक सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन का भरोसा मिला है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संवेदनशील और प्रभावी नेतृत्व वाली राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के अनुरूप सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि में चरणबद्ध तरीके से वृद्धि की गई है। वर्ष 2024 में पेंशन राशि 1000 रुपये प्रतिमाह थी, जिसे बढ़ाकर 1150 रुपये किया गया। इसके बाद वर्ष 2025 में इसे 1250 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया। जनवरी 2026 में इसे बढ़ाकर 1300 रुपये प्रतिमाह किया गया और अब राज्य सरकार ने इसे बढ़ाकर 1450 रुपये प्रतिमाह कर दिया है। इस प्रकार विगत दो वर्षों में पेंशन राशि में 450 रुपये की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

प्रदेश में वर्तमान में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत 91 लाख से अधिक लाभार्थियों को नियमित पेंशन प्रदान की जा रही है। इनमें वृद्धजन, विधवा एवं एकल नारी, विशेष योग्यजन (दिव्यांगजन) तथा लघु एवं सीमांत कृषक शामिल हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को न्यूनतम आर्थिक सहारा उपलब्ध कराना है, ताकि वे सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें और दैनिक आवश्यकताओं की



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

पूर्ति कर सकें। जनवरी 2026 की पेंशन के बिल भी तैयार कर ईसीएस के लिए भेज दिए गए हैं, जिससे जल्द ही यह राशि लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा हो जाएगी।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य सरकार ने पेंशन भुगतान व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) प्रणाली को अपनाया है। इसके तहत पेंशन राशि सीधे लाभार्थियों के जनाधार पंजीकृत बैंक खातों में हस्तांतरित की जाती है। इस व्यवस्था से भुगतान प्रक्रिया पारदर्शी बनी है और लाभार्थियों को समय पर पेंशन राशि प्राप्त हो रही है।

राज्य सरकार ने पेंशन व्यवस्था को तकनीक से जोड़ते हुए इसे सरल और नागरिक-अनुकूल बनाया है। पेंशन से जुड़ी संपूर्ण प्रक्रिया को ऑनलाइन और पेपरलेस किया गया है। जनआधार आधारित सत्यापित डेटा के माध्यम से आवेदन, स्वीकृति और भुगतान की प्रक्रिया संचालित की जा रही है, जिससे पात्र व्यक्ति स्वयं, मोबाइल ऐप या ई-

- बीते 2 साल में पैंशन राशि 1000 रुपये प्रतिमाह से बढ़कर 1450 रुपये प्रतिमाह हुई

मित्र केंद्र के माध्यम से आसानी से आवेदन कर सकते हैं।

यह भजनलाल शर्मा की ही दूरदर्शी सोच है कि पेंशन लाभार्थियों के वार्षिक सत्यापन की प्रक्रिया को भी निरंतर सरल बनाया गया है। लाभार्थी बायोमेट्रिक, प्रमाणीकरण, मोबाइल ऐप तथा ओटीपी आधारित प्रणाली के माध्यम से अपना सत्यापन करवा सकते हैं। यदि किसी कारणवश बायोमेट्रिक सत्यापन संभव नहीं हो पाता, तो संबंधित अधिकारी के समक्ष दस्तावेजों के सत्यापन के बाद स्वयं अथवा संबंधित पेंशन स्वीकृतिकर्ता अधिकारी के आधार पंजीकृत मोबाइल पर ओटीपी के माध्यम से भी सत्यापन किया जा सकता है।

बैंकों के विलय के कारण आईएफएससी कोड बदलने से कुछ लाभार्थियों की पेंशन अस्थायी रूप से लंबित हो गई थी। राज्य सरकार ने इस समस्या के समाधान के लिए विशेष प्रयास किए हैं और अधिकांश लाभार्थियों की पेंशन का भुगतान सुनिश्चित किया जा चुका है। भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए बैंकिंग संस्थाओं और संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर पेंशन पोर्टल पर बैंक वितरण संबंधी डाटा अद्यतन करने की प्रक्रिया पर भी कार्य किया गया है।

# राजस्थान में अब 2 से ज्यादा बच्चे वाले भी बन सकेंगे पंच-सरपंच

## ''राजस्थान पंचायतीराज संशोधन विधेयक 2026'' विधानसभा में पारित हुआ

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर।** विधानसभा में सोमवार को पंचायतीराज चुनावों में दो बच्चों की बाध्यता हटाने वाला ''राजस्थान पंचायतीराज संशोधन विधेयक 2026'' को बहस के बाद पारित कर दिया गया। इस बिल में राजस्थान पंचायतीराज कानून की धारा 19 में संशोधन किया गया है।

जिसके तहत पंचायतीराज चुनाव लडने के लिए 2 से ज्यादा बच्चों की बाध्यता के प्रावधान को हटा दिया है। अब वार्ड पंच, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, प्रधान और जिला प्रमुख के लिए बच्चों की बाध्यता नहीं रहेगी। हालांकि पंचायतीराज संशोधन बिल को राज्यपाल की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। राज्यपाल की मंजूरी मिलते ही गजट नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। नोटिफिकेशन जारी होते ही पंचायतीराज चुनावों में दो बच्चों की बाध्यता हटने का कानून लागू माना जाएगा।

ज्ञात रहे कि 31 साल पहले तत्कालीन भैरोंसिंह शेखावत सरकार ने पंचायतीराज और शहरी निकायों के चुनावों में दो बच्चों की बाध्यता लागू की थी। इस प्रावधान को सोमवार को विधानसभा में बिल पारित कर खत्म कर दिया गया है। पंचायतीराज संशोधन बिल को 5 मार्च को विधानसभा में रखा गया था, जिसे बहस के बाद पारित कर दिया गया।

यह बिल पारित होने के बाद अब दो से ज्यादा बच्चों वाले नेताओं को राहत मिलेगी। अब तक जो नेता दो से ज्यादा बच्चों के कारण पंचायतीराज चुनाव नहीं लड़ पाते थे, अब बाध्यता हटने से आने वाले पंचायतीराज चुनावों में उनके लिए चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हो गया है। इस प्रावधान के बाद पंचायतीराज चुनावों में नेताओं के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। इससे स्थानीय सियासी समीकरण भी प्रभावित होंगे।

इसी प्रकार शहरी निकाय चुनावों में दो बच्चों की बाध्यता खत्म करने वाला बिल मंगलवार को सदन में पास होगा। शहरी निकायों के चुनाव लडने के लिए दो बच्चों की बाध्यता खत्म करने के लिए राजस्थान नगरपालिका संशोधन बिल मंगलवार को बहस के बाद पारित करवाया जाएगा।

## गांव से लेकर शहर तक का समग्र विकास सुनिश्चित करें : मुख्यमंत्री

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ''डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना'' के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ग्राउंड जीरो पर जाकर पानी, बिजली, सडक, शिक्षा एवं चिकित्सा जैसी सभी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का सर्वे किया जाए, जिससे संसाधनों का अधिकतम सदुपयोग सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि सड़क, सीवरेज, शुद्ध पेयजल और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना हमारी अवसंरचना विकास से जुड़ी योजनाओं और नीतियों का केंद्र बिंदु है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे।

## दुष्कर्मी गिरफ्तार

**जयपुर।** पुलिस कमिश्नरेट जयपुर में 17 वर्षीय युवती का अपहरण कर बंधक बनाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि परिचित आरोपी 17 वर्षीय युवती को बहला- फुसलाकर अपहरण कर ले गया था। जिसके बाद आरोपी युवक ने पीड़िता को पांच दिन तक बंधंक बना उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया और फरार हो गया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मेडिकल के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की। लेकिन आरोपी बार -बार पुलिस को चकमा देता रहा। पुलिस ने रविवार देर शाम तकनीकी सहायता के आधार पर उसे पोक्सो एक्ट के तहत ग्रामीण इलाके से गिरफ्तार कर लिया।

# सरसों-चना की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद शीघ्र

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने बताया कि भारत सरकार से स्वीकृति प्राप्त हो जाने के बाद राजफैड द्वारा रबी-2026 के अंतर्गत सरसों एवं चना की समर्थन मूल्य पर खरीद शीघ्र शुरू की जा रही है।

उन्होंने बताया कि राजफेड के चार क्षेत्रीय कार्यालयों कोटा, अजमेर, भरतपुर एवं श्रीगंगानगर में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 15 मार्च से एवं खरीद 25 मार्च से शुरू होगी। जबकि, शेष चार क्षेत्रीय कार्यालयों जयपुर, जोधपुर, उदयपुर एवं बीकानेर नें ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 20 मार्च एवं खरीद 1 अप्रेल से शुरू होगी।

- राजफैड के कोटा, अजमेर, भरतपुर, श्रीगंगानगर क्षेत्रीय कार्यालयों में 15 मार्च से रजिस्ट्रेशन, 25 मार्च से खरीद होगी

दक ने बताया कि भारत सरकार द्वारा सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य 6,200 रुपये प्रति क्विंटल एवं चना का समर्थन मूल्य 5,875 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। राज्य में सरसों की 13.78 लाख मीट्रिक टन एवं चना की 5.53 लाख मीट्रिक टन खरीद की सीमा निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि जिलेवार सीमा ऑनलाइन उपलब्ध करवा दी गई है। अजमेर, जोधपुर, बीकानेर एवं कोटा क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत आने वाले 19 जिलों में एनसीसीएफ द्वारा एवं जयपुर, उदयपुर, श्रीगंगानगर एवं भरतपुर क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत आने वाले 22 जिलों में नेफेड द्वारा खरीद कार्य करवाया जाएगा। सहकारिता मंत्री ने बताया कि सरसों एवं चना विक्रय के इच्छुक किसान स्वयं क्यूआर कोड स्कैन कर अथवा ई-मित्र के माध्यम से पंजीकरण करवा सकेंगे। समर्थन मूल्य पर ख़रीद किसानों की आधार आधारित बायोमीट्रिक पहचान के माध्यम से ही की जाएगी। भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार नैफेड और एनसीसीएफ के लिए समर्थन मूल्य पर ख़रीद 60 दिवस की अवधि में की जाएगी। सहकारिता मंत्री ने राजफेड को निर्देश दिए हैं कि खरीद केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित कर ली जाए।सहकारिता मंत्री ने कहा कि किसान पूर्व की भांति एफएक्यू गुणवत्ता मापदण्डों के अनुरूप अपनी फसल क्षेत्र की क्रय-विक्रय अथवा ग्राम सेवा सहकारी समिति केन्द्र पर विक्रय कर सकेंगे। किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो इसके लिए राजफेड में कॉल सेन्टर 18001806001 स्थापित किया गया है।

# राजस्थान दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव ने ली बैठक

## समारोह को जन सहभागिता से भव्य व गौरवमय बनाएं : वी. श्रीनिवास

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने राजस्थान दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर सोमवार को शासन सचिवालय में बैठक ली। राजस्थान दिवस समारोह का शुभारंभ 15 मार्च को होगा। समारोह के तहत प्रदेशभर में 15 से 19 मार्च तक विकसित राजस्थान रन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्विज सहित विविध कार्यक्रम होंगे। 18 मार्च को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा महाआरती करेंगे। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को आमजन के साथ ही सभी विभागों की भागीदारी के साथ समारोह को भव्य बनाने के निर्देश दिये। राजस्थान दिवस समारोह के तहत जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 15 मार्च को राज्य स्तरीय विकसित राजस्थान रन का फ्लैग ऑफ किया जाना प्रस्तावित है। राजस्थान दिवस के अवसर पर सभी राजकीय कार्यालय एवं भवन भी रोशनी से जगमगायेंगे। मुख्य समारोह 19 मार्च को जालौर में होगा।समारोह का औपचारिक शुभारंभ 15 मार्च को राजस्थान को जाने क्विज के साथ होगा। इसके साथ ही विश्वविद्यालय एवं कॉलेजों में निबंध, भाषण एवं चित्रकारी प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। जयपुर में राज्य स्तरीय एवं समस्त जिलों में जिला स्तरीय ओ.डी.ओ.पी. मेले व प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा।



**मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने राजस्थान दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर सोमवार को शासन सचिवालय में उच्च स्तरीय बैठक ली।**

16 मार्च को बेणेश्वर धाम, बांसवाड़ा में राजस्थान जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया जायेगा, जहां जनसभा एवं प्रतिनिधिगणों के साथ संवाद, विकास कार्यों का शिलान्यास एवं जनजातीय कला एवं हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा।

17 मार्च को राजस्थान युवा शक्ति दिवस के रूप में मनाया जायेगा, जहां जयपुर में राज्य स्तरीय युवा सम्मेलन में रोजगार मेले, विकास कार्यों का शिलान्यास किया जायेगा। साथ ही, इस दिन सभी जिलों में राजस्थान को जाने क्विज का आयोजन होगा। इसी दिन सायं 5 बजे उद्योग विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उद्योगपतियों के साथ संवाद एवं निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए एम्प्लॉयमेंट लेटर हस्तांतरण कार्यक्रम आयोजित होगा।

18 मार्च को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा महाआरती के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि की कामना की जायेगी। साथ ही, जनप्रतिनिधियों द्वारा राज्य भर में देवस्थान विभाग के मंदिरों में आरती व पूजा कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसी दिन किसान एवं पशुपालक समृद्धि दिवस के रूप में मनाया जाएगा, भरतपुर में किसान एवं पशुपालक जनसभा में किसान एवं पशुपालक संवाद और विभिन्न कार्यों का शिलान्यास होगा।

19 मार्च को राजस्थान दिवस का मुख्य समारोह जालोर में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है, जहां लाभार्थियों के साथ संवाद एवं लाभ हस्तांतरण किया जायेगा।राजस्थान दिवस मुख्य समारोह के अंतर्गत जयपुर में कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। साथ ही, सभी जिलों में सांस्कृतिक कार्यकम आयोजित किये जायेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का समापन भव्य आतिशबाजी के साथ किया जायेगा। मुख्य सचिव ने सांस्कृतिक कार्यक्रम को भव्य एवं यादगार बनाने के निर्देश दिये जिससे कि आमजन विशेषकर युवाओं का परिचय प्रदेश की समृद्ध लोकसंगीत, नृत्य कला से हो सके। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव उद्योग शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव कौशल एवं उद्यिमता संदीप वर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास विभाग श्रेया गुहा, अतिरिक्त मुख्य सचिव वन एवं पर्यावरण आनन्द कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग प्रवीण गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य सचिव जनजाति क्षेत्रीय विकास कुंजी लाल मीणा, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा, जयपुर पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल, विशिष्ट सचिव मुख्यमंत्री संदेश नायक आदि उपस्थित रहे। बैठक में सभी संभागीय आयुक्त एवं सभी जिलों के कलेक्टर भी वीसी के माध्यम से जुडे।

- प्रदेशभर में 15 से 19 मार्च तक जनजातीय गौरव दिवस, युवा शक्ति दिवस, विकसित राजस्थान रन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्विज सहित विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा

## मुद्दाविहीन विपक्ष अनर्गल बयानबाजी कर रहा : मदन राठौड़

**जयपुर (कासं)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में विपक्ष पूरी तरह मुद्दाविहीन हो चुका है और अनर्गल बयानबाजी कर लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार सदन में हर सवाल का जवाब देने के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन करने के बजाय बार-बार सदन की कार्यवाही बाधित कर रहा है।

राठौड़ ने कहा कि विपक्ष रचनात्मक चर्चा के बजाय सदन के बाहर और विदेशों में जाकर देश की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता है, जो जिम्मेदार विपक्ष के अनुरूप नहीं है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में पेश केंद्रीय बजट में विकसित भारत 2047 का स्पष्ट रोडमैप दिया गया है, जिसमें रेलवे के आधुनिकीकरण, ऊर्जा सुरक्षा, सड़कों के विस्तार, डिजिटल आधारभूत ढांचे, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतंत्र में मजबूत और जिम्मेदार विपक्ष की अहम भूमिका होती है, लेकिन वर्तमान विपक्ष केवल नकारात्मक टिप्पणियों और भ्रामक खबरों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। विपक्ष का मुख्य एजेंडा सदन को चलने नहीं देना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों को बाधित करना है। राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वैश्विक स्तर पर भारत का सशक्त नेतृत्व कर रहे हैं और विश्व समुदाय से युद्ध के बजाय कूटनीति और संवाद के माध्यम से समस्याओं के समाधान की अपील कर रहे हैं। भारत 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना के साथ विश्व को शांति का संदेश दे रहा है।

# अजमेर को 38 वर्ष बाद दूसरा राजकीय विश्वविद्यालय मिला

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया स्पीकर वासुदेव देवनानी का सपना साकार

**जयपुर (विसं)।** विधानसभा में सोमवार को राजस्थान आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा विश्वविद्यालय अजमेर विधेयक 2026 ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि अजमेर को 38 वर्ष बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में दूसरा राजकीय विश्वविद्यालय मिला है और इसकी स्थापना से उनका एक सपना साकार हुआ है।

- राजस्थान आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा विश्वविद्यालय अजमेर विधेयक-2026 सदन में ध्वनिमत से पारित

सदन में विधेयक पर चर्चा के बाद उपमुख्यमंत्री एवं आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा मंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार पारम्परिक चिकित्सा पद्धितयों को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि अजमेर में इस विश्वविद्यालय की स्थापना एक ऐतिहासिक पहल है, जिससे स्वस्थ राजस्थान से समृद्ध राजस्थान के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि इस विश्वविद्यालय की घोषणा वर्ष 2024-25 के बजट में की गई थी। इसकी स्थापना से उच्च शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में



नई संभावनाएं विकसित होंगी और यह विद्यार्थियों तथा शिक्षाविदों के लिए उत्कृष्ट अनुसंधान का केंद्र बनेगा। विश्वविद्यालय के माध्यम से आयुर्वेद, यूनानी, योग और होम्योपैथी जैसी भारतीय चिकित्सा पद्धितयों को बढ़ावा मिलेगा और इनसे जुड़े नवाचारों को भी प्रोत्साहन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अधिनियम के अनुसार विश्वविद्यालय में प्रबंध बोर्ड, विद्या परिषद, संकाय बोर्ड, अध्ययन, वित्त एवं लेखा समिति, अनुसंधान, खेल एवं छात्र कल्याण तथा नवाचार बोर्ड का गठन किया जाएगा। कुलाधिपति द्वारा कुलगुरु की नियुक्ति के बाद प्रबंध बोर्ड का गठन होगा।

विश्वविद्यालय के संकाय बोर्ड के अंतर्गत आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध तथा होम्योपैथी सहित राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप अन्य विषयों में भी अध्ययन और अनुसंधान की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए एमडीएस यूनिवर्सिटी अजमेर की भूमि में से 11.93 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है।

सरकार का मानना है कि इस विश्वविद्यालय की स्थापना से अजमेर सहित पूरे प्रदेश में पारम्परिक चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा मिलेगी।

# सहायक प्रशासनिक अधिकारी व वरिष्ठ सहायक ने दस हजार की रिश्वत ली

## भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो इकाई ने बांसवाड़ा कोष कार्यालय में कार्रवाई की

**बांसवाड़ा,** (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो इकाई ने कोष कार्यालय के सहायक प्रशासनिक अधिकारी मिलन भट्ट व तहसील कार्यालय के वरिष्ठ सहायक कचरू कटारा को दस हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

ब्यूरो के महानिदेषक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी बांसवाड़ा कार्यालय को शिकायत मिली थी कि परिवादी ने अपने ई-मित्र के माध्यम से किसी आवेदनकर्ता के जाति व मूल निवास प्रमाण पत्र के लिये ऑनलाइन आवेदन किया था। तहसील कार्यालय के वरिष्ठ सहायक कचरू कटारा ने आवेदन पत्र में पटवारी के फर्जी हस्ताक्षर बताते हुए परिवादी को थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाने की धमकी दी और रिश्वत की मांग की। जिस पर 26 व 27 फरवरी को रिश्वत राशि मांग का सत्यापन करवाया गया, जिसमें आरोपी कचरू कटारा 10 हजार रूपये



एसीबी ने दस हजार की रिश्वत लेते दो को पकड़ा।

रिश्वत की मांग कर रहा था। एसीबी उदयपुर रेंज के उप महानिरीक्षक डॉ. रामेश्वर सिंह के सुपरविजन में एसीबी के अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक

- भष्टाचार निरोधक ब्यूरो इकाई ने दोनों को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया

ऋषिकश मीना के नेतृत्व में ट्रेप की कार्यवाही की गयी। कचरू कटारा ने रिश्वत की राशि लेने के बाद अपने परिचित कोष कार्यालय के सहायक प्रशासनिक अधिकारी मिलन भट्ट को यह राशि दी तो मिलन ने उक्त राशि अपने पास रख ली, जिस पर कचरू व मिलन से रिश्वत की राशि बरामद कर दोनों को रंगे हाथों पकड़ा गया। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के सुपरविजन में आरोपियों से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। वहीं दोनों आरोपियों के निवास की भी तलाशी ली जा रही है। एसीबी मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान करेगी।

# जोधपुर जेल के जेलर हड़वंत सिंह निलंबित

**जोधपुर,** (कासं)। महानिदेशालय कारागार राजस्थान जयपुर ने एक आदेश जारी कर जोधपुर की सेंट्रल जेल के जेलर हड़वंत सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। अतिरिक्त महानिदेशक (कारागार) पी. रामजी ने अपने आदेश में बताया कि कारापाल हड़वंत सिंह के विरूद्ध नई आमद के बन्दियों को वरियता दरकिनार कर अन्य वार्ड में भेजे जाने के सम्बन्ध में विभागीय जांच प्रस्तावित है। इस कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया है। निलम्बन के दौरान उनका निलम्बनकालीन मुख्यावास केन्द्रीय कारागृह भरतपुर रहेगा।

# बेकाबू थार ने बाइक सवार दो दोस्तों को कुचला, मौत

## हादसे के बाद ड्राइवर गाड़ी मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया

**बीकानेर,** (निसं)। बेकाबू थार ने बाइक सवार दो दोस्तों को कुचल दिया। एक ने हॉस्पिटल पहुंचने से पहले दम तोड़ दिया, जबकि दूसरे की इलाज के दौरान मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद गाड़ी करीब 200 मीटर तक दोनों को घसीटती ले गई। उधर, घटना से नाराज मृतकों के परिवार वाले हॉस्पिटल में सुबह से पीबीएम हॉस्पिटल की मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठे हैं। थार के ड्राइवर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

गजनेर थाना के एसएचओ राकेश स्वामी ने बताया कि बीकानेर में कोडमदेसर से गांधी प्याऊ जाने वाली सड़क पर पेट्रोल पंप के पास थार गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक दोस्तों के साथ कोडमदेसर बावड़ी स्थित प्रसिद्ध भैरव मंदिर में दर्शन कर लौट रहे थे। हादसे के बाद ड्राइवर गाड़ी मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने थार गाड़ी को कब्जे में ले लिया है।

- सामने से दोनों को टक्कर मार घसीटते हुए ले गई थार, पीछे आ रहे दोस्त ने पुलिस बुलाई

पुलिस का कहना है कि इसी थार की टक्कर से बाइक सवार 2 दोस्तों की मौत हो गई है। फिलहाल थार पुलिस के कब्जे में है।

जानकारी के अनुसार पांच युवक तीन मोटरसाइकिलों पर सवार होकर कोडमदेसर में दर्शन करने गए थे। दर्शन के बाद सभी युवक वापस बीकानेर की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रही थार गाड़ी ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में मोहित पारीक (22) निवासी सांडवा (चूरू) हाल शीतला गेट बीकानेर और प्रमोद पंवार (23) निवासी जैन स्कूल के पीछे, गोगागेट बीकानेर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों को पीबीएम हॉस्पिटल ले जाया गया। मोहित की हॉस्पिटल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई, जबकि प्रमोद पंवार ने इलाज के बाद दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार, थार गाड़ी के मालिक का नाम रामनिवास ज्याणी है। वह बीकानेर का रहने वाला है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हादसे के समय गाड़ी रामनिवास ज्याणी चला रहे थे या कोई अन्य व्यक्ति। पुलिस इस संबंध में जानकारी जुटा रही है।

घटना की सूचना नीतिन गहलोत ने पुलिस को दी। नीतिन खुद भी दूसरी मोटरसाइकिल से युवकों के साथ ही आ रहा था। पीबीएम हॉस्पिटल की मोर्चरी के बाहर सोमवार सुबह मृतकों के परिजन और परिचित इकट्ठे हो गए। परिजनों ने वहां प्रदर्शन किया।उनका कहना है कि हादसे के जिम्मेदार थार के ड्राइवर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# बांधवगढ़ से लाई गई साढ़े तीन साल की बाघिन को एमटी-10 नाम दिया

## 27 फरवरी को 700 किलोमीटर दूर का सफर कर कोटा शिफ्ट किया गया था

**कोटा,** (निसं)। इंटर स्टेट टाइगर रीलोकेशन प्रोजेक्ट के तहत राजस्थान में दूसरी बाघिन मध्यप्रदेश के बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व से लाई गई थी। बीते महीने 27 फरवरी को इसे 700 किलोमीटर दूर का सफर कर कोटा शिफ्ट किया गया था, जिसे टीम 28 फरवरी को लेकर कोटा पहुंची थी। इस साढ़े तीन साल की बाघिन को एमटी-10 नाम दिया गया है, जिसे पहले एक हेक्टेयर के एंक्लोजर में रिलीज किया गया था, जिसके बाद हार्ड रिलीज के लिए एंक्लोजर का गेट खोल दिया गया है और वह रविवार देर रात एंक्लोजर से बाहर निकल गई है। झामरा वैली के इलाके में विचरण कर रही है।

मुकुंदरा हिल्स टाईगर रिजर्व के चीफ वाईल्ड लाईफ वॉर्डन और फील्ड

- इंटर स्टेट टाइगर रीलोकेशन प्रोजेक्ट के तहत राजस्थान में दूसरी बाघिन मध्यप्रदेश के बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व से लाई गई थी
- बाघिन को पहले एक हेक्टेयर के एंक्लोजर में रिलीज किया गया था, जिसके बाद हार्ड रिलीज के लिए एंक्लोजर का गेट खोल दिया गया

डायरेक्टर सुगनाराम जाट का कहना है कि बाघिन को झामरा वैली स्थित एक हेक्टेयर के सॉफ्ट रिलीज एनक्लोजर में छोड़ा था ताकि वह नए टाईगर रिजर्व के वातावरण के अनुकूल ढल जाए। इसकी मॉनीटरिंग की जा रही थी इसमें सामने आया था कि उसने 28 फरवरी को ही शाम 6 बजे पानी पिया और देर रात एक से 2 बजे के बीच में एंक्लोजर में शिकार भी किया था। लगातार मॉनिटरिंग में टाइग्रेस का बिहेवियर बिल्कुल नॉर्मल था। एसएमएस नेशनल टाईगर कंजर्वेशन अथॉरिटी के प्रोटोकॉल के अनुसार 7 मार्च शनिवार को शाम को झामरा सॉफ्ट रिलीज एंक्लोजर के गेट को खोल दिया गया जिससे एमटी-10 स्वच्छंद रूप से पूरे जंगल में विचरण कर सके। हालांकि गेट खुलने के 30 घंटे बाद 8 मार्च को टाइग्रेस एमटी-10 सॉफ्ट एंक्लोजर से बाहर निकली है। इसके बाद 24 घंटे टीम एनटीसीए प्रोटोकॉल के तहत निगरानी कर रही है। इसमें फॉरेस्ट ऑफिसर, मॉनिटरिंग कार्मिक, एक्सपर्ट वेटेनरी डॉक्टर व फील्ड बायोलॉजिस्ट भी हैं ताकि उसके मूवमेंट व हेल्थ के साथ नए हैबिटेट में टाइग्रेस कैसा महसूस कर रही है ये पता रहे।

मुकुंदरा के उपवन संरक्षक मुथु सोमासुंदरम का कहना है कि मुकुंदरा हिल्स टाईगर रिजर्व में अब बाघों की आबादी 7 हो गई है। इसमें 2 बाघ, 4 बाघिन व 1 शावक (मेल) शामिल हैं। इनमें से एक बाघिन रिवाईल्ड के फेज में है, जिसे 21 हेक्टेयर के एंक्लोजर में रखा गया है।

# खाजूवाला के युवक को पाकिस्तान से आ रही वॉट्सऐप कॉल

## प्लस-92 कोड से दिनभर में 20-25 कॉल आए, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

बीकानेर, (निसं)। भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर बीकानेर के खाजूवाला में पाकिस्तान की संदिग्ध गतिविधि सामने आई है। बॉर्डर इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति के मोबाइल पर पाकिस्तान के कोड प्लस-92 से बार-बार कॉल आने का मामला सामने आया है, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने सतर्कता बढ़ा दी है।

जानकारी के अनुसार खाजूवाला क्षेत्र में एक किसान के मोबाइल पर पाकिस्तान नंबर से ऑडियो कॉल और व्हॉटसएप कॉल के जरिए संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। दो दिन से युवक के मोबाइल पर करीब 20 से 25 बार कॉल आने की बात सामने आई है। इससे बॉर्डर एरिया में खेती करने वाला युवक डर गया और पुलिस को सूचना दी। खाजूवाला सीओ अमरजीत सिंह चावला का कहना है कि मामले में शिकायत प्राप्त हुई है। शुरुआती जांच शुरू कर दी है। हालांकि अभी तक मामला दर्ज नहीं हुआ है। एहतियात के तौर पर सुरक्षा एजेंसियों को भी जानकारी दे दी गई है। घटना की जानकारी सामने आने के बाद बीएसएफ सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियां भी सतर्क हो गई हैं। सीमा क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है और लोगों को भी ऐसे संदिग्ध कॉल से सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।

गौरतलब है कि पहले भी कई बार पाकिस्तान की ओर से इस तरह की हरकतें सामने आ चुकी हैं। ऐसे मामलों में लोगों को फोन कर जानकारी लेने या किसी तरह की बातचीत करने की कोशिश की जाती है। इसके बाद हनीट्रेप के मामलों में भी फंसाने का प्रयास किया जाता है। राजस्थान की सीमावर्ती क्षेत्र जासूसों की रडार पर रहते हैं, क्योंकि पाकिस्तान की सबसे लंबी 1070 किलोमीटर लंबी सीमा लगती है। तीन बड़े एयरबेस हैं और कई सैन्य ठिकाने यहां है। पाक खुफिया एजेंसी का टारगेट होता है कि सीमावर्ती क्षेत्र की हर छोटी से छोटी इन्फॉर्मेशन किसी भी तरीके से हासिल हो। श्रीगंगानगर के हिंदुमलकोट से लेकर बाड़मेर के बाखासर तक भारतीय खुफिया एजेंसियां भी अलर्ट पर रहती हैं। जासूस इन क्षेत्रों की जानकारी पाकिस्तानी एजेंटों से शेयर करते पकड़े गए हैं। बॉर्डर के इलाकों में संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जा रही है। सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण संस्थानों की भी सिक्योरिटी बढ़ाई गई है।

एक्सपर्ट के अनुसार युद्ध के समय हर छोटी से छोटी जानकारी दुश्मन देश के लिए महत्वपूर्ण होती है। जासूस सीमावर्ती क्षेत्रों में हर तरह की जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के एजेंटों को शेयर करते हैं। सबसे महत्वपूर्ण जानकारी सेना की मूवमेंट से लेकर उनके ठिकानों की साझा करते हैं। साथ ही सैन्य स्ट्रक्चर, तैनाती, फेंसिंग, बीओपी आदि की लोकेशन, फोटो और डिटेल साझा करते हैं। ऐसी डिटेल शेयर करने वाले कई जासूसों को बीएसएफ की जानकारी, मुखबिर की जानकारी पर पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों ने पकड़ा है। अंतर्राष्ट्रीय सीमा से लगते क्षेत्रों में बिल्डिंग का कंस्ट्रक्शन हो या सैन्य संबंधी कोई कंस्ट्रक्शन, साथ ही अंडरब्रिज, ऑवरब्रिज, सड़क आदि के निर्माण की डिटेल भी जासूस पाकिस्तान में शेयर करते हैं। जासूसों से आर्मी एरिया में स्थापित स्कूल, हॉस्टल और अन्य एडमिन बिल्डिंग की फोटो व लोकेशन की डिमांड की जाती है। सीमावर्ती क्षेत्र में मोबाइल टावर की लोकेशन उसकी फोटो आदि भी यह जासूस पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के एजेंटों को साझा करते हैं।

# जोधपुर में जंगली जानवर के हमले से अब तक दस जने घायल

**जोधपुर,** (कासं)। जिले के खवासपुरा और आसपास के गांवों में जंगली जानवर के हमले से अब तक करीब दस लोग घायल हो गए हैं। इनमें से आठ घायलों को उच्च उपचार के लिए जोधपुर रेफर किया गया है। ग्रामीणों में दहशत का माहौल है, हालांकि वन विभाग और पुलिस ने अभी तक लैपर्ड की पुष्टि नहीं की है।

गत सप्ताह भर से पुंदलू, माडपुरिया, बोरुंदा और खवासपुरा सहित आसपास के क्षेत्रों में जंगली जानवर के हमले की घटनाएं सामने आ रही है। इन हमलों में कई लोग घायल हुए हैं, जिनमें से गंभीर रूप से घायल आठ लोगों को जोधपुर भेजा गया है। वहीं शनिवार रात खवासपुरा गांव में सतनामियों की चौकी के पास लैपर्ड दिखने की सूचना से ग्रामीणों में और अधिक दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही बोरुंदा पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। भोपालगढ़ रेंजर आशुतोष शर्मा, फॉरेस्ट गार्ड भंवरलाल, चेनाराम और चुन्नीलाल के साथ एएसआई सुखी चौहान मय जाब्ता घटनास्थल पर पहुंचे। टीम ने घटनास्थल पर पदचिह्नों की तलाश की, लेकिन लेपर्ड जैसे स्पष्ट पदचिह्न नहीं मिले। इसके बावजूद, वन विभाग ने रविवार को भी तालाब के आसपास के क्षेत्रों में पैंथर के पदचिह्नों की तलाश जारी रखी।

ग्रामीणों द्वारा पैंथर देखे जाने की बताई गई जगह पर विभाग ने उसकी गतिविधियों को रिकॉर्ड करने के लिए ट्रैप कैमरा भी लगाया है। बोरुंदा थानाधिकारी सुजानाराम बिश्नोई ने कहा कि वे लैपर्ड होने की पुष्टि नहीं कर सकते हैं। उन्होंने वन विभाग को इसकी सूचना दे दी है, जो इस संबंध में तलाश कर रहा है। उन्होंने आमजन से सतर्क रहने की अपील भी की है।

# महिला पुलिसकर्मियों का सम्मान किया

**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सोमवार को पुलिस मुख्यालय में राज्यभर की उत्कृष्ट महिला पुलिसकर्मियों, कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की सदस्याओं और सुरक्षा सखियों को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा की पहल पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। रहाटकर ने कहा कि सुरक्षा सखियां समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाएं हैं, जो पुलिस के साथ समन्वय कर अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन रही हैं। इस अवसर पर डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा समाज की प्रगति की आधारशिला है।

# ट्रेन में ले जाई जा रही नाबालिग बालिका बरामद

**कोटा,** (निसं)। रेलवे सुरक्षा बल की सतर्कता से एक नाबालिग बालिका को सुरक्षित बरामद किया है। सूचना के आधार पर ट्रेन संख्या 20921 बांद्रा-लखनऊ एक्सप्रेस के कोच में संदिग्ध रूप से यात्रा कर रहे युवक एवं नाबालिग बालिका की पहचान कर उन्हें भवानीमंडी स्टेशन पर उतारा गया और आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित पुलिस को सुपुर्द किया गया।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष को प्राप्त सूचना के अनुसार ट्रेन संख्या 20921 बांद्रा-लखनऊ एक्सप्रेस के कोच संख्या एस-5 में एक युवक द्वारा नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका व्यक्त की गई थी। सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने सतर्कता बरतते हुए भवानीमंडी स्टेशन पर ट्रेन के आगमन पर संबंधित कोच की जांच की। ड्यूटी पर तैनात टिकट परीक्षक से प्राप्त

- मामले में एक युवक को पुलिस के सुपुर्द किया गया

जानकारी और पुलिस द्वारा उपलब्ध कराए गए फोटो के आधार पर संदिग्ध युवक और बालिका की पहचान की गई। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा दोनों को सुरक्षित रूप से ट्रेन से उतारकर आवश्यक पूछताछ की गई। बालिका से महिला पुलिस की उपस्थिति में पूछताछ की गई, जिसमें उसने स्वयं को बिहार निवासी बताया। वहीं युवक द्वारा पूछताछ में उसे बहला-फुसलाकर साथ ले जाने की बात सामने आई। इसके पश्चात् पूरी कार्रवाई की सूचना संबंधित राज्य की पुलिस को दी गई। बाद में गुजरात पुलिस के अधिकारी अपने दल के साथ भवानीमंडी पहुंचे और विधिवत दस्तावेजी कार्रवाई के बाद नाबालिग बालिका तथा आरोपी युवक को अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए अपने साथ ले गये।

# खेत से अफीम के 74 पौधे जब्त, एक गिरफ्तार



पुलिस ने छापा मारकर अफीम के 74 पौधे जब्त किये।

**ब्यावर,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक आईपीएस रतन सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा एवं वृत्ताधिकारी वृत रायपुर बंशीलाल पाण्डर के निकटतम सुपरविजन में जिला स्पेशल टीम व राजूराम सीरवी थानाधिकारी पुलिस थाना रायपुर मय टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्यवाही करते हुए अवैध मदाक पदार्थ अफीम के 74 पौधे जब्त कर एक मुल्जिम किशनाराम को गिरफ्तार किया है।

जिला स्पेशल टीम को विशेष सुत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि बेरा ईकाया ग्राम झुठा में एक खेत/बाडे में अवैध रूप से अफीम के पौधे उगाये हुये हैं। सूचना पर थानाधिकारी पुलिस थाना रायपुर व जिला स्पेशल टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए बेरा ईकाया झुठा पहुंचे, जहां पर किशनाराम पुत्र भूराराम द्वारा अपने कब्जे के बाडे/खेत में अवैध अफीम के 74 पौधे उगाये हुऐ मिले। जिनको जब्त कर मुल्जिम किशनाराम को गिरफ्तार किया गया।

# किशनगढ़ बास में टी 20 मैच में भारत की जीत के जश्न पर झगड़ा

## परिवार पर पत्थरबाजी कर हमला करने और घर में घुसकर लाठी-डंडे से पिटाई करने का आरोप

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार हुए टी 20 क्रिकेट मैच में भारत की जीत पर जहां पूरे देश में पटाखे छोड़कर जश्न मनाया गया था। वहीं खैरथल-तिजारा जिले के किशनगढ़ बास पुलिस थाना क्षेत्र में मेवात के गांव बाघोड़ा के बिच्छू का बास में घर की छत पर मैच देखकर भारत की जीत पर खुशी जाहिर कर रहे परिवार पर पत्थरबाजी कर हमला करने और घर में घुसकर लाठी-डंडे से पिटाई करने का मामला सामने आया है।

मारपीट हमले में घायल को अलवर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। वहीं बताया कि हमलावरों की ओर चलाई गई गोली भजनो कौर के सिर के ऊपर निकल गई। करीब एक दर्जन हमलावरों के विरुद्ध पीड़ित परिवार की ओर से किशनगढ़ बास पुलिस थाने पर नामजद रिपोर्ट की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। महिला दिपो कौर पत्नी रणजीत सिंह निवासी बिच्छू का बास बाघोडा ने रिपोर्ट में कहा हमलावरों ने घर के अंदर घुसकर घर की महिलाओं-पुरुषों व बच्चों के साथ मारपीट की और बेटी भजनो कौर के



हमले में गंभीर घायल हुई महिला को अस्पताल में भर्ती कराया।

कपड़े तक फाड़ दिए। हमलावरों की ओर से चलाई गई गोली घर के चबूतरे पर खड़ी भजनो कौर के सिर के ऊपर से निकल गई। हमले में गंभीर घायल हुई भजनो कौर अलवर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

महिला ने रिपोर्ट में बताया है कि हमलावरों ने पहले मेरी बेटी भजनो कौर को गलत इशारे व आपत्तिजनक हरकत करने पर मैने उन्हें मना किया था। इसके बाद जब रात में मेरे लड़के घर की छत पर बैठकर मैच देख रहे थे और इस

- किशनगढ़ बास पुलिस थाने में हमलावरों के विरुद्ध महिला ने रिपोर्ट दी

दौरान विकेट गिरने पर ताली बजाकर खुशी जाहिर करने पर हमलावरों ने लड़कों को गालियां देते हुए अपने घर की छत से हमारे घर पर पत्थर फेंकने लगे। आवाज सुनकर मैं और मेरे पति रणजीत सिंह ऊपर छत पर गए तो हमलावर हमारे घर पर पत्थर बरसा रहे थे जो हमें लगे। पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने लगे। हमलावर यही पर नहीं रूके वह घर के अंदर घुस आए और घर में घुसकर परिवार के लोगों के साथ मारपीट करने लगे और गालियां दी। मारपीट कर भजनो कौर को घायल कर दिया। महिला दिपो कौर ने रिपोर्ट में गांव के अरबाज, मोमीन पुत्र साहून खान, रसमु खान, मुफेद, तोफीक, मुबीन पुत्र काला खान व असलम खान पुत्र मौज खान के खिलाफ लिखित में घर में घुसकर हमला कर मारपीट करने व घर पर पत्थर फेंकने जैसे आरोप लगाए हैं।

# नाकाबंदी तोड़ भाग रही कार से तीन किलो अफीम जब्त

## पुलिस ने पंजाब के तस्कर को गिरफ्तार किया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव के निर्देशन में भीलवाड़ा पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रायला थाना पुलिस ने रविवार को पीछा कर एक कार से 3 किलो अवैध अफीम बरामद कर पंजाब निवासी तस्कर को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार थानाधिकारी मूलचंद वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम भीलवाड़ा-गुलाबपुरा रोड पर थाने के सामने नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान भीलवाड़ा की ओर से आ रही एक सफेद रंग की इटियोस कार को रुकने का इशारा किया। चालक ने रुकने के बजाय कार की रफ्तार बढ़ा दी और नाकाबंदी तोड़कर भाग निकला। पुलिस जाप्ते ने तत्काल कार का पीछा शुरू किया। तस्कर कार को नेशनल हाइवे पर ईरास चौराहे से आगे तक ले गया, लेकिन पुलिस के दबाव के कारण उसने

- पुलिस टीम ने भीलवाड़ा-गुलाबपुरा रोड पर थाने के सामने नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग के दौरान कार्रवाई की

गाड़ी वापस घुमा ली और पुनः रायला की तरफ भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर रायला थाने के सामने ही कार को रुकवा लिया। कार की तलाशी लेने पर उसमें प्लास्टिक की दो थैलियों में 3 किलो 2 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई। पुलिस ने अफीम व तस्करी में प्रयुक्त कार को जब्त कर लिया है। आरोपी राजप्रीत सिंह (30) पुत्र इकबाल सिंह निवासी हररायपुर, थाना नहियावाला जिला बठिंडा (पंजाब) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है।


कार्यालय अधिशाषी अभियंता,
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड-जालोर

Tel: 02973-222272 E-mail: ee.jal.phed@rajasthan.gov.in., xen_jal@yahoo.com

क्रमांक-वृत/जालोर/निविदा/ /2025-26/ दिनांक-

बिड आमंत्रण सूचना (NIB) संख्या 99/2025-26

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु लोक निर्माण और वित्तीय नियम के पार्ट-4 नियम 334 (ए) (iii) के तहत रू. 150.00 लाख तक की निविदाओं हेतु केवल जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में पंजीकृत एवं इससे अधिक लागत की निविदाओं हेतु जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में पंजीकृत निविदादाताओं हेतु नियमानुसार छूट के साथ एवं केन्द्र/राज्य सरकार के अधिकृत विभागों/संगठनों, केन्द्रिय लोक निर्माण विभाग, रेल, डाक, दूर संचार विभागों में उपयुक्त समकक्ष श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से पूर्ण धरोहर राशि के साथ ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा निम्न ऑनलाईन बिड आमंत्रित की जाती है-

| बिड संख्या | NIB NO. PHE2526A6946 | अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि 2 प्रतिशत | बिड शुल्क (रूपये) | ई-प्रक्रिया शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 99/2025-26 | UBN NO. PHE2526WSOB 15000 | 12.53 | 25060 | 1000 | 1000 | 6 माह |
| ऑनलाइन बिड उपलबध होने की तिथि | | | 27.02.2026 | | | |
| ऑनलाईन बिड डाउनलोड/अपलोड करने की अन्तिम तिथि | | | 12.03.2026 को 6.00 पी.एम. | | | |
| ऑनलाईनबिड खोलने की तिथि | | | 13.03.2026 को 02.00 ए.एम. | | | |

बिड से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट www.dipronline.org, sppp.raj.nic.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

(राजकुमार कटारा)
अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग
खण्ड-जालोर

DIPR/C/4661/2026

# बिटकॉइन माइनिंग में निवेश का झांसा देकर ठगने वाले 3 गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। श्याम नगर थाना पुलिस और साइबर सेल जयपुर दक्षिण की संयुक्त कार्रवाई में बिटकॉइन माइनिंग में निवेश का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को निवेश पर 16 प्रतिशत मुनाफे का लालच देकर ठगी कर रहे थे।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर साइबर अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ललित किशोर शर्मा और

**■ आरोपी साइबर ठग सोशल मीडिया पर लोगों को निवेश पर 16 फीसदी मुनाफे का झांसा देते थे**

सहायक पुलिस आयुक्त सुनील शर्मा के निर्देशन में श्याम नगर थाना पुलिस, साइबर सेल और जिला विशेष टीम का गठन किया गया। वहीं मामले में पंचशील कॉलोनी निवासी दिलीप सिंह राजावत ने रिपोर्ट दी कि करीब पांच महीने पहले अविनाश शर्मा, दिनेश पाराशर और अन्य लोगों ने उसे बिटमाइन.वर्ल्ड नामक अंतरराष्ट्रीय कंपनी में निवेश करने का झांसा दिया और 16 प्रतिशत मासिक मुनाफे का लालच दिया। इसके बाद उसने फोन-पे के माध्यम से 2 लाख 27 हजार 500 रुपए ट्रांसफर कर दिए। लेकिन बाद में आरोपियों ने पैसे लौटाने से इंकार कर दिया।

पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और परंपरागत जांच के आधार पर कार्रवाई करते हुए होटल पद्मावती पैलेस किंग्स रोड से आरोपित अविनाश शर्मा (29) निवासी आमेर, जितेंद्र सिंह (46) निवासी झुंझुनूं हाल कनकपुरा जयपुर और चमन सिंह (52) निवासी हरमाड़ा जयपुर को गिरफ्तार किया।

जांच में सामने आया कि गिरोह का सरगना अविनाश शर्मा नकद राशि से यूएसडीटी खरीदकर मलेशिया भेजता था और वहां से सोशल मीडिया साइट्स के जरिए लोगों को निवेश के लिए फंसाया जाता था। गिरोह अब तक करीब 244 लोगों से लगभग 10 करोड़ रुपए निवेश के नाम पर ठग चुका है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 10 एटीएम कार्ड, 37 मलेशियाई रिंगिट, 40 यूएई दिरहम, एक लैपटॉप, चार मोबाइल फोन और एक करेंसी काउंटिंग मशीन बरामद की है। गिरोह के अन्य सदस्यों और मलेशिया में बैठे सहयोगियों की तलाश जारी है।

## आज 4 घंटे बिजली सप्लाई रहेगी बंद

**जयपुर।** जयपुर में बिजली लाइन के मैंटेनेंस कार्य के चलते मंगलवार को कई इलाकों में चार घंटे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। डिस्कॉम की ओर से सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक शटडाउन लिया जाएगा। इस दौरान शहर की 20 से अधिक कॉलोनियों और आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित शटडाउन के दौरान जयसिंहपुरा खोर, जेडीए ए ब्लॉक, जेडीए बी ब्लॉक, जेडीए सी ब्लॉक, कुंड रोड, नंद वाटिका, नायला रोड, बड़ी का बास, 2 नंबर बस स्टैंड, पंचवटी, रोहित नगर, केशव नगर और द्वारकापुरी क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। इसके अलावा जयसिंहपुरा खोर सब स्टेशन से निकलने वाले सभी फीडर से जुड़े इलाके भी प्रभावित रहेंगे। इसी तरह राजेंद्र नगर, मिर्धा फार्म हाउस, मसूर महल, गणेश विहार और आसपास के क्षेत्रों में भी बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

# 30 करोड़ की 15 बीघा बेशकीमती भूमि सहित तीन स्थानों से हटाए अवैध निर्माण



**जयपुर** (कासं)। जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने 30 करोड़ रु. बाजार मूल्य वाली 15 बीघा बेशकीमती सरकारी जमीन समेत 3 स्थानों से अवैध अतिक्रमण हटाया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन शिल्पा चौधरी ने बताया कि आयुक्त सिद्धार्थ महाजन के कालवाड़ रोड पर ग्राम माचवां में खसरा नं. 457/1077 मे करीब 1.5 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बनाये गये कमरा, टीनशेड तथा बाउण्ड्रीवाल बनाकर अवैध कब्जा किया हुआ था, जिसे सोमवार को ध्वस्त किया है।

इसी प्रकार शनिवार को जेडीए की योजना देव विहार के खसरा नंबर 748 में स्थित करीब 15 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। इस भूमि पर अतिक्रमियों द्वारा कच्चे-पक्के मकान, टीनशेड, लेटबाथ, बाउंड्रीवाल, झुग्गी-झोपड़ियां, छप्पर और तारबंदी करके अवैध कब्जा कर लिया था। जेडीए के राजस्व व तकनीकी स्टाफ की निशानदेही पर प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीनों व मजदूरों की सहायता से इन सभी अवैध ढांचों को ध्वस्त किया। जेडीए अधिकारियों के अनुसार इस बेशकीमती सरकारी भूमि की अनुमानित कीमत करीब 30 करोड़ रुपए आंकी गई है।

इसी प्रकार रविवार को जोन-5ए के क्षेत्राधिकार में अवस्थित त्रिवेणी नगर के पास 10बी विस्तार योजना के भूखण्ड संख्या 45 में बिना अनुमति किए जा रहे अवैध निर्माण को ईंटों की दीवार से सील किया।

गत शुक्रवार को भी कालवाड रोड पर ग्राम मुण्डोता में जेडीए स्वामित्व की करीब 6 बीघा सरकारी भूमि से अतिक्रमण और अवैध कब्जा हटाया गया था। ग्राम निवारू के पास भी खसरा नं. 281 व 294 मे करीब 3 बीघा निजी खातेदारी की कृषि भूमि पर काटी जा रही अवैध कालोनी और 2 प्लॉट्स को खुर्दबुर्द किया था।

# राष्ट्रपति मुर्मू के अपमान का आदिवासी समाज देगा जवाब : गोपीचंद मीणा

**जयपुर** (कासं)। अनुसूचित जनजाति मोर्चा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष गोपीचंद मीणा ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ हुए कथित अपमानजनक व्यवहार पर कड़ा विरोध जताया। उन्होंने कहा कि यह देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद की गरिमा और पूरे आदिवासी समाज की अस्मिता का अपमान है।

मीणा ने बताया कि 7 मार्च 2026 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दार्जिलिंग जिले में आयोजित नौवें अंतरराष्ट्रीय संथाल सम्मेलन में शामिल होने गई थीं। इस दौरान राज्य सरकार और प्रशासन की ओर से राष्ट्रपति से जुड़े ब्लू बुक प्रोटोकॉल का समुचित पालन नहीं किया गया। पहले कार्यक्रम स्थल विधाननगर तय था, लेकिन बाद में इसे गोसाईपुर (सिलीगुड़ी) स्थानांतरित कर दिया गया, जबकि ऐसे बदलाव के लिए राष्ट्रपति की पूर्व स्वीकृति आवश्यक होती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के



गोपीचंद मीणा

आगमन और प्रस्थान के समय मुख्यमंत्री, मंत्री, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक जैसे वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति अपेक्षित होती है, लेकिन कार्यक्रम में इनकी अनुपस्थिति रही। इसके अलावा कार्यक्रम में पास जारी करने की प्रक्रिया में अव्यवस्था, मार्गों की सफाई नहीं होना, स्थल पर कचरे के ढेर, शौचालयों में पानी और पीने के पानी की व्यवस्था नहीं होने जैसी गंभीर कमियां भी सामने आईं।

गोपीचंद मीणा ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू केवल देश की राष्ट्रपति ही नहीं, बल्कि करोड़ों आदिवासियों के आत्मसम्मान और गौरव का प्रतीक हैं। उनके साथ किसी भी प्रकार का अपमान पूरे आदिवासी समाज को आहत करता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज ऐसे मामलों का लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देगा।

मीणा ने कांग्रेस की चुप्पी पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि पार्टी अन्य मुद्दों पर बयान देती है, लेकिन देश की आदिवासी महिला राष्ट्रपति के अपमान पर मौन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जनजातीय समाज के सम्मान और विकास के लिए प्रतिबद्ध है और जनजातीय कार्य मंत्रालय के बजट 2026-27 में 42 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। साथ ही पीएम जनमन योजना और धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान जैसी योजनाएं जनजातीय समाज के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

## हनी ट्रैप में फंसाने की धमकी देकर वकील को किया ब्लैकमेल

**जयपुर** (कासं)। लोगों को न्याय दिलवाने वाला वकील ही खुद हनी ट्रैप के मामले में फंसता नजर आ रहा है। वकील की शिकायत पर मुरलीपुरा थाना पुलिस ने महिला मित्र के खिलाफ ब्लैकमेलिंग का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार मादा निवासी विष्णु पत्र बाबूलाल मेघवाल और जोगियों का गुडा निवासी भरत पुत्र भंवरलाल गमेती कार से उदयपुर से गोगुंदा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान ईसवाल से गोगुंदा की ओर जा रहे रहे बाइक सवार दो युवकों ने रास्ते में साइड लेकर निकलने का प्रयास किया लेकिन कार ने इन बाइक सवार युवकों को साइड नहीं दी। इस पर विवाद शुरू हो गया। गाली-गलौज से शुरू हुई बात इतनी बढ़ गयी कि बाइक सवार युवकों ने कार को जबरन बीच रास्ते रूकवाया और कार सवार युवकों विष्णु और भरत पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। अचानक हुए हमले में विष्णु के सिर, कान के पीछे और पीठ पर गंभीर घाव लग गए, जबकि भरत के सिर, हाथ और नाक पर चाकू के वार किए गए। हमले के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए।

घटनाक्रम बीच रास्ते हुआ। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक अन्य बाइक सवार दुर्गेश गमेती ने दोनों युवकों को गंभीर घायल हालत में देखा तो उसने दोनों को स्थानीय हॉस्पिटल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर थानाधिकारी श्याम सिंह मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। गंभीर घायल होने पर दोनों युवकों को एमबी हॉस्पिटल रैफर कर दिया गया। अभी दोनों एमबी हॉस्पिटल में उपचाररत हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपियों की पहचान करने और तलाशने में जुटी है।

# भरतपुर में सूने मकान से 24 लाख के जेवर और नकदी चोरी

- **पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल मामले की जांच कर रही है**

**बयाना/भरतपुर, (निसं)।** कस्बे के आदर्श नगर इलाके में गत रात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपए के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। चोर मुख्य दरवाजे समेत कमरों और आलमारियों के ताले तोड़कर करीब 24 लाख रुपए के सोने-चांदी के गहने और 20 हजार रुपए नकद लेकर फरार हो गए। घटना का पता सुबह उस समय चला जब घर के परिजन वापस लौटे।

आदर्श नगर में रहने वाले संतोष कुमार धाकड़ ने बताया कि वह जयपुर में रहकर शेयर मार्केट का काम करते हैं। वह शाम करीब 5:30 बजे उनकी पत्नी नीता देवी बच्चों के साथ घर पर ताला लगाकर बयाना के भीमनगर स्थित अपने भाई के घर चली गई थी। सुबह करीब 8 बजे लौटने पर मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला और घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। पीड़ित के अनुसार हाल ही में उनकी भतीजी की शादी के चलते उन्होंने बैंक लॉकर से जेवर निकाले थे, जिन्हें व्यस्तता के कारण वापस जमा नहीं करा पाए। चोर घर से करीब 12 तोला सोना, 2 किलो चांदी के जेवर और 20 हजार रुपए नकद ले गए। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और मामले की जांच जारी है।

# पत्नी के पीहर से नहीं आने से आहत युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

## युवक ने गले और हाथ की नसें काटकर जान देने की कोशिश की, युवक को गंभीर हालत में जेएलएन अस्पताल अजमेर में भर्ती कराया

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर जिले के सरवाड़ थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां पत्नी के ससुराल आने से मना करने पर नाराज होकर एक युवक ने आत्महत्या करने का प्रयास कर लिया। युवक ने गले और हाथ की नसें काटकर अपनी जान देने की कोशिश की।

घायल युवक के भाई के मुताबिक सरवाड़ थाना क्षेत्र में रहने वाला युवक कमलेश की पत्नी होली पर्व से पहले अपने पीहर चली गई थी। कुछ दिन बाद कमलेश ने पत्नी को वापस ससुराल आने के लिए कहा, लेकिन पत्नी के मना करने से वह मानसिक रूप से काफी परेशान हो गया। बताया जा रहा है कि इसी बात से आहत होकर कमलेश ने गुस्से और तनाव में आकर धारदार वस्तु से अपना गला और हाथ की नसें काट ली और आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन तुरंत घायल कमलेश को सरवाड़ के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसे अजमेर के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल (जेएलएन) रेफर कर दिया गया। फिलहाल जेएलएन अस्पताल में युवक का इलाज जारी है और डॉक्टर उसकी हालत पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। वहीं इस घटना के बाद परिवार में चिंता का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पारिवारिक विवाद के चलते युवक ने यह खौफनाक कदम उठाया। मामले को लेकर पुलिस भी जानकारी जुटा रही है।

# जोधपुर : निजी अस्पताल में बिश्नोई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ मारपीट

- **बासनी में एक निजी अस्पताल में भर्ती मरीज की मौत के बाद बिल को लेकर विवाद हो गया था**
- **अध्यक्ष देवेंद्र बूड़िया व साथी के साथ मारपीट, गाड़ी में भी तोड़फोड़ की, कार्रवाई की मांग को लेकर बिश्नोई समाज के लोग धरने पर बैठे**

**जोधपुर, (कासं)।** बासनी में एक निजी अस्पताल में भर्ती मरीज की मौत के बाद बिल को लेकर विवाद हो गया। यहां बिश्नोई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र बूड़िया व उनके साथी के साथ मारपीट हो गई और उनकी गाड़ी में भी तोड़फोड़ की गई। इसके बाद कार्रवाई की मांग को लेकर बिश्नोई समाज के लोग अस्पताल के बाहर धरने पर बैठ गए। बूड़िया का कहना है कि स्टाफ ने एक लाख रुपए देने पर ही शव देने की बात कही थी। स्टाफ ने उनकी गाड़ी तक आकर मारपीट की। वहीं अस्पताल प्रबंधन का आरोप है कि बिश्नोई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र बूड़िया ने स्टाफ को थप्पड़ मार दिया। इन सारे घटनाक्रम के सीसीटीवी फुटेज व वीडियो भी वायरल हुए हैं।

जानकारी के अनुसार भोजाकोर के रहने वाले किसान सुखराम बिश्नोई (70) को रविवार सुबह तबीयत खराब होने पर परिजन बासनी स्थित निजी अस्पताल लेकर आए थे। परिजनों को अस्पताल स्टाफ की ओर से बारह हजार रुपए जमा करवाने और बाकी खर्च इलाज स्कीम में होने का कहा गया। इसके बाद इलाज शुरू किया गया। इस दौरान किसान की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर चिकित्सकीय लापरवाही का आरोप लगाया। साथ ही स्टाफ पर एक लाख रुपए देने पर शव देने की बात कही। इसके बाद सूचना मिलने पर देवेंद्र बूड़िया रात 11 बजे अस्पताल पहुंचे। इस पर परिजनों ने बताया कि हॉस्पिटल स्टाफ ने कहा है कि एक लाख रुपए जमा कराओ तभी शव देंगे। जब स्टाफ से पूछा गया कि पैसों के लिए बॉडी को क्यों रोका गया। तब वहां के स्टाफ और सिक्योरिटी इंचार्ज ने कथित दुर्व्यवहार किया। इस दौरान आवेश में आकर देवेंद्र बूड़िया ने स्टाफ के थप्पड़ मार दी। इसका सीसीटीवी फुटेज व वीडियो भी सामने आया है।

वहीं बूड़िया का आरोप है कि वह अस्पताल से निकलने लगे तो स्टाफ ने गालियां दी। उनकी गाड़ी तक आए और गेट बंद कर दिया। इससे स्टाफ को चोट लग गई। इस बीच कई लड़के आ गए और मारपीट करने लगे। वहीं बूड़िया के साथ आए दिनेश ने कहा कि हॉस्पिटल प्रशासन की लापरवाही के कारण किसान की मौत हुई है। हॉस्पिटल स्टाफ ने मरीज की जानकारी होने से भी मना कर दिया। विरोध करने पर थोड़ी देर बैठने को कहने लगे। उन्होंने गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी। दिनेश ने आरोप लगाया कि ये सभी अस्पताल के पाले हुए गुंडे है, जो सुरक्षा देने के नाम पर गुंडागर्दी करते हैं।

अस्पताल के अधीक्षक डॉ. बख्तावर सिंह ने बताया कि किसान की तबीयत बिगड़ने पर हॉस्पिटल लाया गया था। जांच में हार्टअटैक आना पाया गया। रविवार सुबह 10 बजे के करीब डॉक्टरों ने एंजियोप्लास्टी कर दी थी। इसके बाद मरीज ठीक था। इस बीच वापस अटैक आ गया और शाम करीब सात बजे मौत हो गई थी। तब मरीज के रिश्तेदार ने कहा कि शव को रात में हॉस्पिटल में ही रखवाना है। शव को मोर्चरी में रखवाया गया था। हॉस्पिटल की तरफ से किसान के इलाज में कोई लापरवाही नहीं बरती गई है। हमारे डॉक्टरों ने टाइम पर इलाज दिया। हार्ट अटैक तो किसी को भी आ सकता है। पैसों को लेकर स्टॉफ से क्या बात हुई, इसकी जानकारी ली जाएगी।

# बीकानेर में एफसीआई गोदाम में आग लगने से 11.55 लाख किलो मूंगफली जली

## 33 हजार बोरियों में रखा था मूंगफली का स्टॉक, आग से करोड़ों रुपए के नुकसाान होने की आशंका जताई

- **रातभर आग की लपटें धधकती रही और सोमवार सुबह तक दमकलकर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश करते रहे**

**बीकानेर, (निसं)।** देशनोक में एफसीआई गोदाम में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही समय में पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। 33 हजार बोरियां में रखा 11.55 लाख किलो मूंगफली का स्टॉक जलकर राख हो गया। रातभर आग की लपटें धधकती रही और सोमवार सुबह तक दमकलकर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश करते रहे। आग से करोड़ों रुपए का नुकसाान हुआ है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रात करीब 11 बजे आग लगी, जिसके बाद कुछ ही देर में लपटें तेजी से फैल गईं। करीब एक घंटे के भीतर आग ने पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। आग की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि गोदाम की इमारत को भी नुकसान पहुंचा है। पूरा परिसर धुएं और लपटों से घिर गया और रातभर मूंगफली की बोरियां जलती रही। घटना की सूचना मिलते ही देशनोक, बीकानेर और नोखा सहित आसपास के क्षेत्रों से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकलकर्मी देर रात से लगातार आग बुझाने में जुटे रहे। इस दौरान आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों लोग भी मौके पर एकत्रित हो गए और आग बुझाने के प्रयासों को देखते रहे।

बताया जा रहा है कि जिस गोदाम में आग लगी वह देशनोक निवासी दीपचंद भूरा का है। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। प्रशासन और दमकल विभाग की टीम मौके पर मौजूद है। आग पर पूरी तरह काबू पाने के बाद ही नुकसान का सटीक आकलन किया जा सकेगा।

## सनातन पुरी महाराज ब्रह्मलीन

**कोटा, (निसं)।** शहर के शिवपुरी धाम में 525 शिवलिंग स्थापित करने वाले संत सनातन पुरी महाराज ब्रह्मलीन हो गए हैं। उन्होंने रविवार को जयपुर में अंतिम सांस ली, जहां अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। इसके बाद उनकी देह को कोटा लाया गया। सोमवार को थेकड़ा इलाके में बैकुंठ यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु और उनके भक्त शामिल हुए।

# अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के सरगना को फुलेरा से गिरफ्तार किया

**जोधपुर, (कासं)।** ग्रामीण पुलिस ने पश्चिमी राजस्थान में दहशत मचाने वाले अंतर्राज्यीय चोर गिरोह बावरिया गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मुख्य सरगना को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी ने चार फरवरी को आसोप कस्बे में नकबजनी की वारदात को अंजाम दिया था। गिरोह दिन के समय मकानों में चोरी की वारदातों को अंजाम देता था।

ग्रामीण एसपी नारायण टोगस ने बताया कि गिरोह का सरगना मूलाराम उर्फ मूलचंद बावरिया है। उसे फुलेरा से गिरफ्तार किया गया है। आसोप थाने में उम्मेदसिंह माली ने रिपोर्ट दी थी। उनके घर का ताला तोड़कर चोर सोने-चांदी के जेवर और नकदी ले गए। इस पर एफआईआर दर्ज कर एएसपी भोपालसिंह लखावत व सर्कल इंस्पेक्टर भूराराम के सुपरविजन में थानाधिकारी सुरेंद्र दुगस्तावा की टीम ने आरोपी को पकड़ने का अभियान शुरू किया। फुटेज और एक्टिव मोबाइल सिम के आधार पर संदिग्ध बावरिया मोहल्ला सोलावता, थाना नरैना, जयपुर निवासी मूलचंद उर्फ मूलाराम पुत्र रामदेव की पहचान की गई, जिसे पकड़ने के लिए पुलिस ने फुलेरा में डेरा डाल उसे दबोच लिया।

# महंगाई के खिलाफ भीलवाड़ा में कांग्रेस का प्रदर्शन




**भीलवाड़ा में कांग्रेसियों ने बढ़ती महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन किया।**

**भीलवाड़ा, (निसं)।** बढ़ती महंगाई और रसोई गैस के आसमान छूते दामों के विरोध में सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी (शहर) ने सड़कों पर उतरकर केंद्र सरकार के खिलाफ हुंकार भरी। जिला अध्यक्ष शिवराम जीपी खटीक के नेतृत्व में आयोजित इस जनआक्रोश प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्री के बाहर प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी की।

आंदोलन की शुरुआत सुबह गांधी भवन स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय से हुई। यहाँ से कार्यकर्ता हाथों में गैस सिलेंडर के चित्र वाली तख्तियां और सरकार विरोधी बैनर लेकर पैदल मार्च करते हुए जिला कलेक्ट्री पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान शहर की सड़कों पर नारों की गूंज सुनाई दी। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष शिवराम जीपी खटीक ने कहा कि केंद्र की गलत आर्थिक नीतियों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस के दामों में लगातार हो रही वृद्धि से गरीब और मध्यम वर्ग का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। कांग्रेस जनता की आवाज दबने नहीं देगी और यदि दाम वापस नहीं लिए गए, तो आने वाले समय में आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। एडवोकेट कुणाल ओझा ने बताया कि इस प्रदर्शन में शहर के कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारिक, पीसीसी सदस्य मनोज पालीवाल व मंजू पोखरना, अनिल राठी, ओंकार माली और राजेंद्र जैन सहित भारी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बजरी खनन के खिलाफ कार्रवाई, पांच पोकलेन मशीन सहित नौ वाहन जब्त

## पुलिस और माइनिंग टीम को देखते ही चालक अंधेरे का फायदा उठाकर वाहनों में भरी बजरी को रास्ते में ही खाली कर फरार हो गए

- **कार्रवाई बनाड़ी बांध रामपुरा क्षेत्र में पुलिस की टीमों द्वारा चेकिंग अभियान के दौरान की गई**

**पावटा/कोटपूतली, (निसं)।** जिले में अवैध बजरी खनन के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खनन में प्रयुक्त पांच एलएंडटी (पोकलेन) मशीन, दो ट्रेलर और दो डंपर जब्त किए हैं। यह कार्रवाई बनाड़ी बांध रामपुरा क्षेत्र में संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान के दौरान की गई।

उप महानिरीक्षक पुलिस सह पुलिस अधीक्षक कोटपूतली-बहरोड़ देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने बताया कि जिले में अवैध खनन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक नाजिम अली के सुपरविजन तथा वृत्ताधिकारी कोटपूतली राजेन्द्र कुमार बुरड़क के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया। जिसमें भजनाराम थानाधिकारी पुलिस थाना प्रागपुरा, रामकिशोर, थानाधिकारी थाना भाबरू, यशपाल थानाधिकारी थाना सरुंड, राजेश कुमार थानाधिकारी थाना बानसूर, सोहनलाल थानाधिकारी थाना विराटनगर पुलिस को शामिल कर बनाड़ी बांध रामपुरा क्षेत्र में अलग-अलग टीमों के माध्यम से सघन चेकिंग की गई। इस दौरान अवैध बजरी खनन में लगी पांच एलएंडटी (पोकलेन) मशीनें, दो ट्रेलर तथा दो डंपर मौके से डिटेन किए गए। पुलिस और माइनिंग टीम को देखते ही चालक रात के अंधेरे का फायदा उठाकर वाहनों में भरी बजरी को रास्ते में ही खाली कर फरार हो गए। पुलिस ने सभी वाहनों को जब्त कर एमएमडीआर एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले में गहन अनुसंधान जारी है।

पुलिस अधीक्षक देवेंद्र विश्नोई ने बताया कि भविष्य में भी जिले में अवैध खनन के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की लगातार प्रभावी कार्रवाई से आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है और लोग निडर होकर पुलिस को सूचनाएं दे रहे हैं।




**पुलिस टीमों ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई कर एलएंडटी मशीन, ट्रेलर और डंपर जब्त किए।**

# खाली प्लॉट में आग लगने से हड़कंप मचा

## यह प्लॉट राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया के घर से कुछ दूरी पर था

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के माछला मगरा स्कीम में सोमवार दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक खाली प्लॉट में भीषण आग लग गई। दोपहर का समय होने के कारण अचानक उठी आग की लपटों और काले धुएं के गुबार को देखकर आसपास के रहने वालों में अफरा-तफरी मच गई। भयभीत लोग अपने घरों से बाहर निकल आए और तुरंत इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। यह प्लॉट रेलवे की जमीन पर राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया के घर से कुछ दूरी पर था।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक माछला मगरा स्कीम के इस खाली प्लॉट में लंबे समय से कचरा और सूखी घास जमा थी। सोमवार दोपहर अचानक इसमें से लपटें निकलने लगी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरे इलाके को धुएं ने अपनी चपेट में ले लिया। यह इलाका वीवीआईपी है और पास में ही राज्यपाल का निजी आवास है इसलिए प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीम भी सूचना मिलते ही तुरंत हरकत में आई। दमकल की गाडी ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला और काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। गनीमत यह रही कि समय रहते आग बुझा ली गई वरना तेज हवाओं के कारण यह आसपास के मकानों तक भी पहुंच सकती थी। इस घटना में प्लॉट में पडा सारा कचरा जलकर राख हो गया लेकिन किसी भी तरह की जनहानि या संपत्ति के बड़े नुकसान की खबर नहीं है। शुरुआती तौर पर माना जा रहा है कि कचरे के ढेर में किसी जलती हुई वस्तु या गर्मी के कारण यह हादसा हुआ। पुलिस और दमकल विभाग अब आग लगने के सटीक कारणों की जांच कर रहे हैं।

## जंगल में आग लगी

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** कालाडेरा-चौमूं मार्ग पर स्थित गुवारडी के जंगलात में सोमवार शाम को अचानक आग लग गई। आग लगने कि सूचना पर चौमूं नगर परिषद की दमकल ने मौके पर पहुंचकर समय रहते आग पर काबू पाया। इस दौरान कालाडेरा थाना पुलिस के जवान भी मौजूद थे।

# ग्रीष्मकाल में पेयजल शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**खैरथल।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।अतिरिक्त जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर विभागवार पेंडेंसी की समीक्षा करते हुए 30 दिवस से ऊपर लंबित परिवादों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने टाइम एक्सीलरेशन के माध्यम से परिवादों के उच्च स्तर पर जाने को लेकर असंतोष व्यक्त करते हुए विभागीय अधिकारियों को टाइमलाइन के अनुसार परिवादों के निस्तारण के निर्देश दिए।



अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई।

बैठक के दौरान उन्होंने संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण को लेकर विशेष निर्देश दिए और कहा कि सभी शिकायतों का समाधान गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि प्रत्येक जिला स्तरीय अधिकारी प्रतिदिन कम से कम दो शिकायतकर्ता परिवारों से फोन पर संवाद कर फीडबैक लें, ताकि निस्तारण की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके और इसका विधिवत रिकॉर्ड भी संधारित किया जाए।

> ■ कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करने के निर्देश दिए

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने जिले के सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित बजट घोषणाओं के समयबद्ध आधार एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बताया कि ग्रीष्मकाल 2026 के दौरान जिले में पेयजल व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग तथा पेयजल संबंधी शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) द्वारा जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) की स्थापना की गई है। यह नियंत्रण कक्ष अधीक्षण अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, वृत खैरथल के कार्यालय परिसर, किशनगढ़बास नया बस स्टैण्ड के पास दिनांक 1 मार्च 2026 से संचालित किया जा रहा है।

अधीक्षण अभियंता ने बताया कि नियंत्रण कक्ष में कर्मचारियों की ड्यूटी तीन शिफ्टों में लगाई गई है, ताकि 24 घंटे शिकायतों की मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा सके।

## संक्षिप्त

### डॉ. उपेन्द्र भारद्वाज ने पीएचडी शोध प्रबंध किया प्रस्तुत

**पावटा।** डॉ. एस.आर. राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के स्नातकोत्तर आयुर्वेद संस्थान के शल्य तंत्र विभाग में शोधार्थी डॉ. उपेन्द्र भारद्वाज निवासी पावटा ने अवबाहुक (फ्रोजन शोल्डर) के प्रबंधन में विद्धकर्म एवं अग्निकर्म की प्रभावशीलता का तुलनात्मक नैदानिक अध्ययन विषय पर अपना पीएचडी शोध कार्य विश्वविद्यालय में प्रस्तुत किया है। यह शोध कार्य आयुर्वेद विद्या वारिधि पीएच.डी. (आयुर्वेद) की उपाधि के लिए किया गया है। शोध कार्य स्नातकोत्तर आयुर्वेद संस्थान, डॉ. एस.आर. राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के शल्य तंत्र विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विष्णु दत्त शर्मा के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में पूरा हुआ। शोध में अवबाहुक (फ्रोजन शोल्डर) रोग के उपचार में आयुर्वेद की महत्वपूर्ण शल्य चिकित्सा पद्धितयों विद्धकर्म एवं अग्निकर्म की प्रभावशीलता का तुलनात्मक नैदानिक अध्ययन किया गया है। शोधार्थी ने अपने अध्ययन के निष्कर्षों के साथ शोध प्रबंध विश्वविद्यालय में जमा कर दिया है। शोध प्रबंध प्रस्तुत होने पर विभाग के शिक्षकों, सहपाठियों, मित्रों, परिवारजनों एवं समाज के विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों ने डॉ. उपेन्द्र भारद्वाज को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन

**कोटपूतली।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे के जन्मदिवस पर रविवार शाम कस्बे के लाल कोठी स्थित अषोका कोचिंग संस्थान में विधार्थियों द्वारा सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। संस्थान के चैयरमैन व भाजपा नेता शंकर लाल कसाना ने उपस्थित छात्राओं व विधार्थियों को जीवन में कठोर परिश्रम व ईमानदारी के साथ सफलता प्राप्त कर अच्छा कार्य करने की प्रेरणा दी। इस मौके पर मिठाईयों व फलों का वितरण भी किया गया। इस दौरान भूपेन्द्र यादव, सुबेदार सतीष कुमार, इंजी. राजेष चौधरी व इंजी. विक्रम कसाना समेत बड़ी संख्या में विधार्थी एवं स्टॉफ सदस्य मौजूद रहें।

### टीम इंडिया को चैंपियन बनने पर ख़ुशी ज़ाहिर की

**मनोहरपूर ।** सबके दिलों पर राज करने वाले भामाशाह श्री मोहन कुड़ी ने टी - 20 वर्ल्ड कप के फाइनल में न्यूज़ीलैंड को पराजित कर लगातार दूसरी बार चैंपियन बनने पर टीम इंडिया को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। कुड़ी ने कहा कि पूरे टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने लगातार जीत दर्ज करते हुए शानदार अनुशासन, साहस और टीमवर्क का परिचय दिया है, जिसने पूरे देश को गर्व और खुशी से भर दिया है। फाइनल मुकाबले में भारतीय खिलाड़ियों ने सामूहिक रूप से बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दबाव के क्षणों में भी धैर्य बनाए रखा और जीत सुनिश्चित की। यह ऐतिहासिक जीत करोड़ों भारतीयों के लिए गर्व का क्षण है। सभी देशवासियों को बधाई एवं पूरी टीम इंडिया और सपोर्ट स्टाफ को उज्ज्वल भविष्य के लिए मेरी शुभकामनाएँ हैं

### कृषि उपज मंडी का किया निरिक्षण

**निवाई।** पूर्व सांसद सुखबीरसिंह जौनापुरिया ने कृषि उपज मंडी का निरिक्षण किया एवं किसानों से चर्चा करके उनकी समस्याओं को सुना। पूर्व सांसद सुखबीरसिंह जौनापुरिया ने कृषि उपज मंडी का औचक निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पूर्व सांसद ने सबसे पहले जिंसों की नीलामी और तुलाई प्रक्रिया को देखा ताकि किसानों को अपनी उपज का सही मूल्य और सही माप मिल रहा है या नहीं। उन्होंने मंडी के विभिन्न अनुभागों का भ्रमण करते हुए वहां मौजूद सुविधाओं का अवलोकन किया। पूर्व सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार की प्राथमिकता किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

### शिविर 16 मार्च को

**दौसा।** जिले के पेंशनर्स की परिवेदनाओं एवं शिकायतों के समाधान के लिए 16 मार्च को प्रात:11 से सायं 4 बजे तक कोष कार्यालय दौसा के कमरा नं. 215 में शिविर आयोजित किया जाएगा। जिला कोषाधिकारी रामचरण मीना ने यह जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में पेंशन निदेशालय के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगें। उन्होंने पेंशन संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए जिले के पेंशनर्स से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## नि:शुल्क योग कार्यशाला का आयोजन

**दौसा।** इनर व्हील क्लब दौसा एवं योगोत्कर्ष के संयुक्त तत्वावधान में योग कार्यशाला केन्द्र में तीन दिवसीय नि:शुल्क योग कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। योग का समय प्रात: 6:00 बजे से 7:00 बजे तक चलेगी। कार्यशाला में योगाचार्य आचार्य अंकित कुमार के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा स्वस्थ जीवनशैली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं सहित समाज के सभी वर्गों को योग के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली को बढ़ावा देना है। इनर व्हील क्लब दौसा की ओर से सभी महिलाओं, युवाओं एवं शहरवासियों से आग्रह किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर योग के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का लाभ प्राप्त करें।

# भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनने पर पावटा में भव्य स्वागत

**पावटा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा शाहपुरा की भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने पर पावटा कस्बा व ग्राम पंचायत मेड में उनके प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। कस्बा पावटा व ग्राम मेड पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने फूल-मालाओं, साफा पहनाकर तथा जयकारों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पूरे गांव में उत्साह का माहौल रहा और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण कार्यक्रम में शामिल हुए।

अपने स्वागत से अभिभूत रत्ना कुमारी ने सभी कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगी। उन्होंने कहा कि



ग्रामीणों ने भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी का फूल-मालाओं, साफा पहनाकर तथा जयकारों के साथ स्वागत किया।

संगठन को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है और वे कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर भाजपा की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने का काम करेंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास के कारण ही पार्टी लगातार मजबूत हो रही है। कार्यकर्ताओं ने भी रत्ना कुमारी को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने पर शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया।

कार्यक्रम के दौरान गुरुचरण दास जी महाराज, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेश गिठाला, नारायण गिठाला, पूर्व

> ■ रत्ना कुमारी ने सभी कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगी

जिला पार्षद धुडसिंह शेखावत, दीप सिंह, भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष गिरिराज शर्मा, बाणगंगा मंडल अध्यक्ष महेश यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष सीताराम सैनी, सत्यनारायण सिंह, भंवर सिंह, साधुराम कुमावत सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त रथ यात्रा का समापन

**निवाई।** भारत सरकार के केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की पहल पर सिकोईडिकोन संस्था और जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन नेटवर्क के सहयोग से संचालित 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त रथ यात्रा का कैंडल मार्च निकालकर समापन किया गया।

सिकोईडिकोन के कार्यकर्ता देवेंद्रकुमार जांगिड़ ने बताया कि इस अभियान का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, पूर्व सांसद सुखबीरसिंह जौनपुरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह, विधायक रामसहाय वर्मा, जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, सहायक निदेशक नवल खान, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेशकुमार जलथुरिया, एसडीओ प्रीति मीणा व पुलिस अधीक्षक राजेशकुमार मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।

उन्होंने बताया कि अभियान को लेकर पिछले 30 दिनों में जिले के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर इस रथ ने जन-समुदाय को बाल विवाह के कानूनी व स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। सिकोईडिकोन के निदेशक पीएम पॉल ने इसे पहियों पर बदलाव का संदेश बताते हुए कहा कि समाज अब बाल विवाह को एक दंडनीय अपराध मानने

> ■ अभियान के तहत शिक्षण संस्थानों, धर्मगुरुओं, टेंट संचालकों, बैंड-घोड़ी वालों और ग्राम पंचायतों को जोड़कर आयु प्रमाण पत्र की जांच अनिवार्य करने हेतु पाबंद किया

लगा है।

तीन चरणों में चले इस अभियान के तहत शिक्षण संस्थानों, धर्मगुरुओं, टेंट संचालकों, बैंड-घोड़ी वालों और ग्राम पंचायतों को जोडक़र आयु प्रमाण पत्र की जांच अनिवार्य करने हेतु पाबंद किया गया। अभियान के अंतिम अंतिम दिन गांवों में महिलाओं द्वारा कैंडल मार्च निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया एवं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सिकोईडिकोन कार्यालय में इन सभी महिला लीडरों को सम्मानित किया गया। जिन्होंने इस कुप्रथा के खिलाफ मोर्चा संभाला। अभियान को सफल बनाने में सिकोईडिकोन के कार्यकर्ता देवेंद्रकुमार जांगिड़, विमल, राजेंद्र, किरण, ममता व बुधराम का विशेष योगदान रहा।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस आयोजित

**टोंक।** चिकित्सा विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जाचं के उद्देश्य से जिले में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया गया। इस दौरान जिले के सभी सीएचसी, पीएचसी एवं जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई और जीवनरक्षक टीके भी लगाए गयें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर के गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जाँच सेवायें उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान संचालित किया जा रहा है। डॉ. चौधरी ने बताया की भारत सरकार से निर्देशानुशार अब 9 तारीख के अतिरिक्त भी प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान आयोजित किया जाना है। सीएमएचओ डॉ0 शैलेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि चिकित्सा संस्थानों पर गर्भवती महिलाओं की हिमोग्लोबिन, एचआईवी, सिफलिस, ब्लड प्रेशर, हृदय स्पंदन व प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच की गई। वहीं गर्भवती महिला के शरीर में कैल्शियम व खून की कमी नहीं आए, इसके लिए आईएफए, कैल्शियम और अन्य आवश्यक दवाइयां दी गई।

## सांभर में रोजगार व तकनीकी शिक्षा का अभाव

**सांभरझील ।** जयपुर और जोधपुर रियासत काल के इतिहास को अपने दामन में समेटे ऐतिहासिक और धार्मिक प्राचीन नगरी शाकंबर (अपभ्रंश सांभर) वर्तमान में अपने वजूद को कायम रखने के लिए अपने आप से ही लगातार संघर्ष कर रही है। गौरवशाली सांभर के अस्तित्व को बचाने के लिए किसी भी सरकार ने गुमनाम होती इस नगरी पर दृष्टिपात करना ही मुनासिब नहीं समझा। ब्रिटिश काल का इतिहास गवाह है की सांभर में राजस्व की इतनी अधिक प्राप्ति होती थी कि सबसे पहले सेंट्रल बैंक आफ इंडिया की शाखा की स्थापना यहां पर हुई, टेलीफोन की घंटियों की गूंज भी यहीं पर सुनाई देती थी।

राजस्थान का एकमात्र सांभर ऐसा उपखंड रहा जिसका भौगोलिक दृष्टिकोण से ही नहीं अपितु धार्मिक दृष्टिकोण से भी प्रदेश में अपना वर्चस्व बनाए रखा है। आजादी के बाद सरकार का गठन हुआ और 1952 के बाद से लगातार सांभर की कमजोर राजनीतिक इच्छा शक्ति ने आज सांभर को पूरी तरह से खोखला कर दिया है। सांभर को जिले का दर्जा तो दूर जिन राजनेताओं के जिम्मे इसको औद्योगिक नगरी का दर्जा दिलवाने का था वह भी सपना पूरा नहीं हो सका। तकनीकी शिक्षा, रोजगार का अभाव व हैल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर कमी की वजह से यहां के सैंकड़ों परिवारों को अपनी भावी पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए सांभर छोड़ने को मजबूर होना पड़ा या यूं कहे की पलायन करके चले गए। पीड़ादायक बात तो यह है कि सांभर से प्रतिदिन करीब 4000 से अधिक लोग जिनमें युवाओं की तादाद काफी अधिक है अपने परिवार के भरण पोषण के लिए डेली अप डाउन कर रहे हैं। सांभर में राजनेता न पलायन रोक सके और न ही डेली अप डाउन करने वालों के लिए जरूरी ट्रेनों का ठहराव करवा सके।

सभी सरकारी दस्तावेजों व राजस्व रिकॉर्ड में भले ही सांभर उपखंड लिखा जा रहा हो लेकिन जो मूलभूत सुविधाएं एक उपखंड में होनी चाहिए वह 50 साल से आज तक अधूरी है। कॉलेज की पढ़ाई के बाद तकनीकी व अन्य किसी क्षेत्र में डिग्री लेनी हो तो उसकी सांभर छोड़ना मजबूरी है क्योंकि यहां पर ऐसा कोई फील्ड ही नहीं है जहां वह अपना भविष्य संवार सके। प्रमुख रूप से अपर जिला कलेक्टर, एडिशनल एसपी के कार्यालय सहित देवस्थान व पर्यटन विभाग की शाखाएं आज तक नहीं खुल सकी है। सांभर मैं ऑर्थोपेडिक्स व सर्जन ऐसे महत्वपूर्ण पद है जिनकी नियुक्ति होना क्षेत्रवासियों के हित के लिए बेहद जरूरी है।

# नगर निकाय चुनाव में ईडब्ल्यूएस वर्ग को 10 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग

**कोटपूतली।** श्री प्रताप फाउण्डेशन के सदस्यों ने पंचायती राज व नगर निकाय चुनाव में ईडब्ल्यूएस वर्ग को 10 प्रतिषत आरक्षण की मांग को लेकर सोमवार को प्रदेष के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नाम एसडीएम रामावतार मीणा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि भारत के संविधान के 73 वें संशोधन के अनुसार राजस्थान में पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 15 क, ख व ग में क्रमश: एस.सी., एस.टी. एवं ओ.बी.सी. वर्ग को पंचायती राज चुनावों में आरक्षण की व्यवस्था की गई है।

भारत सरकार द्वारा संविधान के 103 वें संशोधन के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) हेतु सरकारी नौकरियों और शैक्षिणक संस्थानों में 10 प्रतिषत आरक्षण का प्रावधान किया गया हैं जो राजस्थान राज्य में भी प्रभावी है। पंचायती राज, नगरीय निकाय एवं अन्य स्थानीय शासन निकायों में आर्थिक पिछड़े वर्ग (ईडब्ल्यूएस) की सहभागिता निरंतर



श्री प्रताप फाउण्डेशन के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

कम होती जा रही है। महंगे होते चुनावों में यह वर्ग लगातार राजनीतिक प्रतिनिधित्व से वंचित होता जा रहा है।

राजस्थान प्रदेश की कुल 352 पंचायत समितियों में 105 पंचायत समितियां ऐसी हैं जिनमें केवल आर्थिक पिछड़ा वर्ग ही नहीं बल्कि जिस अनारक्षित वर्ग में से आर्थिक पिछड़ा वर्ग चिह्नित किया गया है, उसका प्रतिनिधित्व भी 10 प्रतिशत से कम है। कुल 32 पंचायत समितियां ऐसी हैं जिनमें अनारक्षित वर्ग का एक भी पंचायत समिति सदस्य नहीं है।

50 पंचायत समितियां ऐसी हैं जिनमें अनारक्षित वर्ग का केवल एक पंचायत समिति सदस्य हैं। प्रदेश की 33 जिला परिषदों में से 08 जिला परिषदें ऐसी हैं, जिनमें अनारक्षित वर्ग के 10 प्रतिषत से भी कम जिला परिषद सदस्य हैं। डूंगरपुर में शुन्य तो दौसा व करौली में मात्र एक-एक जिला परिषद सदस्य अनारक्षित वर्ग के हैं। इससे यह सिद्ध होता है कि राजस्थान के पंचायती राज एवं अन्य स्थानीय संस्थाओं में अनारक्षित वर्ग के आर्थिक पिछड़े वर्ग का ही नहीं साधन संपन्न वर्ग का भी पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है। सामाजिक न्याय का प्राकृतिक सिद्धांत यह कहता है कि सामाजिक व आर्थिक रूप से पिछड़े व्यक्ति को अन्य लोगों के साथ बराबरी का मौका मिलना चाहिये।

> ■ राजस्थान के पंचायती राज एवं अन्य स्थानीय संस्थाओं में अनारक्षित वर्ग के आर्थिक पिछड़े वर्ग का ही नहीं साधन संपन्न वर्ग का भी पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं हैं

## पेंशनर समाज की मासिक बैठक संपन्न

**फुलेरा।** राजस्थान पेंशनर समाज की मासिक बैठक गणगौरी बाजार स्थित श्री रामद्वारा भवन में शाखा अध्यक्ष शक्ति सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के सदस्यों ने विभिन्न पेंशन संबंधी मुद्दों और संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की। बैठक में आरजीएचएस कार्ड व आभा कार्ड के विषय में अंतर स्पष्ट किया साथ ही इनकी उपयोगिता और इससे मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि आरजीएचएस से पेंशनरों को इलाज में काफी सुविधा मिल रही है और भविष्य में यह और भी लाभदायक सिद्ध होगा। इसके अलावा कई पेंशनरों के जीवन प्रमाण पत्र और पेंशन से जुड़ी तकनीकी समस्याओं पर भी चर्चा की गई। सदस्यों को ऑनलाइन माध्यम से पेंशन संबंधी कार्य करवाने और डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करने के लिए जागरूक किया गया।

बैठक के दौरान एनजीओ हेल्पेज इंडिया के सहयोग से पेंशनरों को डिजिटल साक्षरता के बारे में भी जानकारी दी गई।

## सार-समाचार

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**निवाई।** नला रोड पर स्थित कच्ची बस्ती के निवासियों ने एसडीएम प्रीति मीणा को कच्ची बस्ती में स्थित मकानों पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। बस्ती निवासी पुरषोत्तम, गिर्राज, फोरंता, विमला, सुनिता, सीता, सीमा, अनीता, माया, बसंती, ममता, देवनारायण, रामकिशन, गणेश मीणा, शक्तिसिंह, केदार, दयाराम बैरवा, कमलेश जांगिड, ओमप्रकाश प्रजापत, मोतीलाल, रामस्वरूप गुर्जर व रामराज गुर्जर सहित कई बस्ती वासियों ने बताया कि नला रोड पर चरागाह भूमि में हम लोग कई वर्षों से मजदूरी करने हेतु निवास कर रहे है। उन्होंने बताया कि बस्ती में निवास करने वाले 90 प्रतिशत लोगों के पास ग्राम पचांयत जुगलपुरा की वोटर आईडी है। सभी के घरों में कई वर्षों से लाईट व नल के कनेक्शन है और नियमित रूप से बिलों को भुगतान कर रहे है। बस्ती को नगर पालिका के नव गठित वार्ड 37 में शामिल किया गया है। जिसके बाद नगर पालिका द्वारा बस्ती में रोड लाईट व सडक की सुविधा है। उन्होंने बताया कि कच्ची बस्ती में स्थित मकानों पर प्रशासन द्वारा कई बार कार्रवाई की जाती है। जिससे बस्ती वासियों में भय बना रहता है। वर्तमान में बच्चों की वार्षिक परीक्षा चल रही है। जिससे पढाई में बाधा उत्पन्न हो रही है। बस्ती वासियों एसडीएम को बताया कि हमने कई वर्षो पहले प्लॉट खरीदें थे। यदि यह अतिक्रमण है तो निर्माण के समय ही प्रशासन ने क्यों नहीं रोका। उन्होंने एसडीएम मीणा से प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं करने की मांग की है।

### महिला दिवस व फाग उत्सव का आयोजन

**दौसा।** दिगम्बर जैन समाज एवं त्रिशला महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय होली मिलन समारोह और महिला दिवस एवं फाग उत्सव का आयोजन किया। इस अवसर पर महिलाओं ने बड़ी संख्या में रंगों और फूलों के साथ होली का उत्सव मनाया और महिला शक्ति का सम्मान किया। महिला दिवस पर मुख्य वक्ता विधि सेठी ने महिलाओं की शक्ति और समर्पण के बारे में विस्तार से बताया, महिलाओं के योगदान की सराहना की और भविष्य में रोज़ अपनी हॉबी के लिए एक घंटा निकालने के लिए प्रेरित किया। राजस्थानी थीम पर आधारित इस रंगारंग कार्यक्रम में पूरे सोलह श्रृंगार एवं राजस्थानी वेशभूषा के साथ पिंकी जैन फाग क्वीन बनीं। मंडल अध्यक्ष अनीता छाबड़ा और मंत्री सुनीता नीमला ने उपाध्यक्ष सिंपल जैन, कोषाध्यक्ष प्रिया जैन के साथ बहुत ही सुंदर कार्यक्रम का आयोजन किया। सांस्कृतिक मंत्री लतिका जैन और रेणु जैन ने कई तरह के रोचक खेल खिलाए। जिनमें पर्स गेम में पूजा नेताला, नींबू रेस में विधि सेठी, एक अन्य गेम में अंतिम जैन विजयी रहीं। स्पेशल प्रश्न उत्तरों में विधि, सुमन, बिंदु, प्रियंका, डिंपल, मोना, मुनमुन, रूपा, मनीषा, मीना, अमिता आदि जीतीं। कार्यक्रम का संचालन रेनू जैन ने किया। इस अवसर पर रेखा, विनीता, अनीता, प्रीति, सुनीक्षा, मधु, कविता जैन आदि महिलाएं उपस्थित थी।

### शीतला अष्टमी पर मंदिरों में ठंडे पकवानों का लगाया भोग

**पावटा।** शीतला अष्टमी के अवसर पर सोमवार को पावटा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा और आस्था का माहौल देखने को मिला। महिलाओं ने सुबह तड़के शीतला माता मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और माता को ठंडे पकवानों का भोग लगाकर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पावटा कस्बे में माता की गाडी स्थित शीतला माता मंदिर में सुबह करीब 4 बजे से ही महिलाओं का पहुंचना शुरू हो गया था। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाएं हाथों में पूजा की थालियां लेकर समूह के रूप में मंगल गीत गाते हुए मंदिर पहुंचीं। इस दौरान मंदिर परिसर में लंबी कतारें देखने को मिलीं और बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाओं ने माता की विधिवत पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने शीतला माता को ठंडे पकवानों का भोग लगाकर परिवार के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मंदिर में सुबह 4 बजे से लेकर करीब 8 बजे तक श्रद्धालुओं की लगातार आवाजाही बनी रही, जिससे मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से भरा नजर आया। परंपरा के अनुसार शीतला अष्टमी से पहले रविवार को घरों में चावल का ओल्या, पुए, पुड़ी, राबड़ी सहित विभिन्न ठंडे पकवान तैयार किए गए। सोमवार सुबह इन पकवानों का शीतला माता को भोग लगाकर पूजा-अर्चना की गई तथा शीतला माता की कथा सुनी गई। इसके बाद परिवारजनों ने ठंडे पकवानों का प्रसाद ग्रहण किया। हिंदू परंपरा के अनुसार शीतला अष्टमी के बाद ठंडे भोजन के सेवन की परंपरा समाप्त हो जाती है और इसके बाद गर्म भोजन ही ग्रहण किया जाता है। इसी मान्यता के साथ श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धा भाव से शीतला माता की पूजा-अर्चना की।

### सप्तऋषि प्रतिमा की स्थापना

**निवाई।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आर्यिका श्रुतमति एवं सुबोधमति माताजी संघ के सानिध्य में दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में पण्डित सुरेशकुमार शास्त्री के निर्देशन में सप्तऋषि प्रतिमा स्थापित की गई। जैन समाज के प्रवक्ता सुनील भाणजा व विमल जौंला ने बताया कि सप्तऋषि प्रतिमा स्थापित से पूर्व श्रद्धालुओं ने भगवान पाश्र्वनाथ एवं नूतन प्रतिमा सप्तऋषि भगवान के अभिषेक करके देव शास्त्र गुरु, आचार्य शांतिसागर, आचार्य धर्मसागर महाराज, आर्यिका आदिमति माताजी की पूजा, आर्यिका श्रुतमति व सुबोध मति माताजी एवं सप्तऋषि भगवान की पूजा अर्चना की गई। पूजा-अर्चना करके आर्यिका श्रुतमति एवं सुबोध मति माताजी एवं पण्डित सुरेशकुमार शास्त्री द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ जयधोष करते हुए सप्तऋषि प्रतिमा को बिहारी वाले बाबा पाश्र्वनाथ जी की वेदी में स्थापित किया गया। इस दौरान बड़ा जैन मंदिर के अध्यक्ष विनोद जैन, मंत्री मोहित चंवरिया, विमल गिन्दोडी, अशोक बिलाला, महावीरप्रसाद छाबड़ा, राजेन्द्र सेदरिया, सुनील चैनपुरा, प्रेमचंद सोगानी, विमल सोगानी, नवीन खंडवा, अतुल ठोलिया, प्रकाश चंद, शकुंतला छाबड़ा, अनिता छाबड़ा, संगीता संघी, उर्मिला सोगानी, संजू पाटनी, मैना सोगानी, ममता ठोलिया, नीतू खंडवा व अंजना ठोलिया सहित कई श्रद्धालुओं ने भगवान की महाआरती कर विश्व में शांति की कामना की।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री करण सिंह से मिले जीएसएस अध्यक्ष हृदय सुमन पारीक

**नरैना।** देश के प्रमुख वेद विद्वान, गीता के ज्ञानी, राजनैतिक एवं आध्यात्मिक चिंतक, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद, नरैना के पूर्व राजपरिवार के वंशज, कश्मीर के पूर्व सदर ए रियासत करण सिंह से उनके 95 वें जन्मदिन पर दिल्ली स्थित आवास पर नरैना जीएसएस अध्यक्ष हृदय सुमन पारीक ने मिलकर पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई व शुभकामनाएँ दी। पारीक ने बताया कि महाराज करण सिंह नरैना के लोगों से मिलकर अति प्रसन्न होते हैं। महाराज करण सिंह ने नरैना के समाचार, विकास और समस्याओं बाबत जानकारी ली व समस्याओं के निराकरण हेतु प्रयास का आश्वासन दिया। बता दें पूर्व में तत्कालीन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री महाराज करण सिंह मशहूर उद्योगपति व तत्तकालीन नगर सेठ रामजीदास मोदानी के तीसरे नं के पुत्र गोविन्द नारायण मोदानी के वैवाहिक निमंत्रण पर नरैना पधारे थे।

### एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ का स्वागत

**चौमूं / कालाडेरा।** सोमवार को एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ अपने यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत जयपुर से सीकर स्थित सांगलिया धूणी जाते समय चौमूं पहुंचे। इस अवसर पर चौमूं विधायक डॉ. शिखा मील बराला के निर्देशानुसार चौमूं स्थित राधास्वामी बाग कट पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। एनएसयूआई का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुष्पमालाएं पहनाकर तथा साफा बांधकर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, पार्षद, सरपंच, छात्र संगठन, यूथ कांग्रेस एवं समस्त प्रकोष्ठों के पदाधिकारी तथा कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



अहमदाबाद में इतिहास रचा गया। कोच साहब (गौतम गंभीर), आपके चेहरे पर मुस्कुराहट अच्छी लगती है। **- महेन्द्र सिंह धोनी**

**पूर्व भारतीय कप्तान, भारत की जीत और गौतम गंभीर को लेकर बोलते हुए।**

**खेल जगत**

**आज का खिलाड़ी**

## सचिन तेंदुलकर



**सचिन तेंदुलकर** फाइनल के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक्टिव नजर आए। उन्होंने संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, शिवम दुबे, अक्षर पटेल और जसप्रीत की तारीफ की। संजू पर उन्होंने कहा, सैमसन बड़ी स्मार्ट बैटिंग कर रहे हैं, वे जानते हैं कि कहां अटैक करना है और कहां डिफेंड करना है। ईशान किशन ने भी बेहतरीन शॉट्स खेले। भारत और न्यूजीलैंड के बॉलर्स में यही अंतर रहा कि इंडिया ने स्लोअर गेंदें बहुत ज्यादा इस्तेमाल कीं। अहमदाबाद में शॉर्ट पिच गेंदें और वैरिएशन ही कारगर रहे। टी-20 वर्ल्ड कप लगातार 2 बार जीतना खास अहसास है।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारतीय क्रिकेट टीम (पुरुष) ने कुल 5 मुख्य विश्व कप (वनडे और टी-20) जीते हैं, जिसमें 2 वनडे (1983, 2011) और 3 टी-20 (2007, 2024, 2026) शामिल हैं।

# अहमदाबाद में अद्भुत जीत : कोहली

नई दिल्ली, 9 मार्च। विराट कोहली ने टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान क्रिकेट से जुड़ी 2 ही पोस्ट शेयर की। एक 27 फरवरी को, जब रिंकू सिंह के पिता का निधन हो गया था। तब कोहली ने रिंकू के पिता को श्रद्धांजलि दी थी। कोहली की दूसरी पोस्ट भारत के चैंपियन बनने के बाद आई। विराट बोले, ''चैंपियंस। अहमदाबाद में टीम इंडिया की अद्भुत जीत। पूरे टूर्नामेंट में हमारा कोई मुकाबला नहीं रहा। मुश्किल सिचुएशन में भी टीम इंडिया ने अटैकिंग क्रिकेट खेला और लगातार दूसरा टी-20 टाइटल जीता। प्लेयर्स और मैनेजमेंट को इस जीत पर बधाइयां। जय हिंद।''



### भारत को नॉकआउट में हराना आसान नहीं - सैमी

वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के हेड कोच डैरेन सैमी ने कहा, ''मैं पहले दिन से कह रहा हूं कि टी-20 वर्ल्ड चैंपियन बनने के लिए आपको नॉकआउट स्टेज में भारत को हराना ही होगा। ये आसान काम नहीं है। भारत को तीसरे टी-20 टाइटल के लिए बधाई, न्यूजीलैंड ने भी अच्छा खेल दिखाया।'' चैंपियन बनने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पिच की मिट्टी अपने माथे पर लगाई। वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 97 रन बनाने के बाद संजू सैमसन घुटनों पर बैठ गए। वहीं सुपर-8 स्टेज से बाहर होने के बाद कई पाकिस्तानी खिलाड़ी रो पड़े।

### संजू, ईशान, अभिषेक का बेहतरीन प्रदर्शन - युवराज

भारत के पूर्व वर्ल्ड चैंपियन युवराज सिंह ने कहा, ''सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया ने अलग खेल दिखाया। संजू, ईशान और अभिषेक ने फाइनल में बेहतरीन पारियां खेलीं। सैमसन ने फिर एक बार दिखाया कि वे क्यों मैच विनर हैं। शिवम दुबे और हार्दिक पंड्या ने मोमेंटम को टीम इंडिया के हाथ से जाने नहीं दिया। बुमराह मुश्किल सिचुएशन में बहुत स्पेशल रहे, अक्षर, अर्शदीप और वरुण ने भी उनका बखूबी साथ निभाया। कोच गौतम गंभीर और पूरे सपोर्ट स्टाफ को बधाई। भारत, फिर एक बार वर्ल्ड चैंपियन।''

### भारत ने दिग्गजों का सम्मान किया - शोएब अख्तर

पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने भी टीम इंडिया की तारीफ की। उन्होंने पाकिस्तानी टीवी शो में कहा, ''भारत की पॉलिसी, सिस्टम और मेरिट ने उन्हें ये जीत दिलाई। गौतम गंभीर ने प्लेयर्स को मेरिट और प्रदर्शन के आधार पर चुना। रोहित और कोहली के संन्यास के बावजूद टीम ने टाइटल जीत लिया। भारत ने अपने दिग्गजों का सम्मान किया। तीनों वर्ल्ड चैंपियन कप्तान फाइनल में मौजूद रहे, सभी ने एक साथ सेलिब्रेट किया।''

### भारत टी-20 में बहुत आगे - वसीम जाफर

टीम इंडिया के पूर्व टेस्ट प्लेयर वसीम जाफर ने कहा, ''टूर्नामेंट ने बताया कि टीम इंडिया टी-20 क्रिकेट में बहुत आगे है। ग्रुप स्टेज में हमने गलतियां कीं, लेकिन फिर भी टीम ने क्वालिफाई किया। बड़े मैचों में टीम के बैटर्स ने काम किया और हम चैंपियन बने। संजू और बुमराह पूरे टूर्नामेंट में वहां चमके, जहां टीम को सबसे ज्यादा जरूरत थी। पूरी टीम को बधाई।'' मोर्ने मॉर्केल को बधाई- डेल स्टेन साउथ अफ्रीका के दिग्गज पेसर डेल स्टेन ने कहा, ''मेरे भाई और दोस्त मोर्ने मॉर्केल को ढेर सारी बधाइयां। आपकी मेहनत और डेडिकेशन ने ये जीत दिलाई, आप इसके हकदार हैं।''

## हिमाचल 169 रन पर ऑलआउट

जयपुर, 9 मार्च। हरियाणा में खेली जा रही बीसीसीआई अंडर 23 वीमेन ट्रॉफी में आज राजस्थान का हिमाचल से मुकाबला हुआ, आज के मैच का परिणाम :- हिमाचल पारी 169 आल आउट। टीम के लिए अंशिका ठाकुर नाबाद 102 रन। राजस्थान के गेंदबाज डिंपल कँवर 40/4, अर्चना योगी 9/2 व सिद्धि शर्मा, ऋतू 1-1 विकेट। राजस्थान पारी 119 आल आउट। टीम के लिए कंचन हुड्डा 27, भाविनी भार्गव 18, नंदिनी 17, अक्षिता15 व तनिका शर्मा 14 रन। हिमाचलकी गेंदबाज साक्षी, अक्षिता, रिंकू 2-2 विकेट।

## गैरी कर्स्टन श्रीलंका के नए हेड कोच बने

नई दिल्ली, 9 मार्च। पूर्व साउथ अफ्रीकी ओपनर गैरी कर्स्टन श्रीलंका के नए हेड कोच होंगे। सोमवार को श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने इसका ऐलान किया। वे 15 अप्रैल 2026 से टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे। कर्स्टन को दो साल के कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्त किया गया है। वे सनथ जयसूर्या की जगह लेंगे, जिन्होंने हाल ही में खत्म हुए टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में टीम के सुपर-8 से बाहर होने के बाद पद छोड़ दिया था। श्रीलंका के साथ उनके दो साल के कार्यकाल में सबसे बड़ा टूर्नामेंट 2027 का वनडे वर्ल्ड कप होगा, जो दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाएगा। टीम की कोशिश उस टूर्नामेंट के लिए सीधे क्वालिफाई करने की होगी। गैरी कर्स्टन इससे पहले टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान नामीबिया टीम के कंसल्टेंट कोच भी रहे थे। खिलाड़ी के तौर पर उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए 101 टेस्ट और 185 वनडे खेले हैं। कोचिंग में भी कर्स्टन का अच्छा रिकॉर्ड रहा है। उनके मार्गदर्शन में भारत ने 2011 का वनडे वर्ल्ड कप जीता था। इसके बाद टीम ने टेस्ट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और रैंकिंग में नंबर-1 बना था।

## 'टीम ऑफ द टूर्नामेंट' में संजू सैमसन-जसप्रीत बुमराह समेत चार भारतीय

नई दिल्ली, 9 मार्च। आईसीसी ने सोमवार को टी-20 वर्ल्ड कप 2026 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट का ऐलान किया है। चैंपियन बनी भारतीय टीम के चार खिलाड़ी इस टीम में शामिल किए गए हैं। इनमें संजू सैमसन, ईशान किशन, हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह का नाम है।

टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान को टीम का ओपनर बनाया गया है। इस टीम की कप्तानी साउथ अफ्रीका को सेमीफाइनल तक पहुंचाने वाले एडेन मार्करम को दी गई है। जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मुजरबानी और वेस्टइंडीज के जेसन होल्डर भी टीम में शामिल हैं।

टीम में संजू सैमसन का ओपनर और बतौर विकेटकीपर नाम हैं। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट संजू सैमसन ने पांच पारियों में 321 रन बनाए। वह वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच रहे और फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 89 रन की पारी खेली, जो टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है। ईशान किशन ने भी पूरे टूर्नामेंट में शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने 317 रन बनाए और 193.29 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हुए टीम की बल्लेबाजी को मजबूती दी। पाकिस्तान के खिलाफ 77 रन की पारी और फाइनल में अर्धशतक उनकी अहम पारियों में शामिल रही। हार्दिक पांड्या को ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए टीम में जगह मिली। उन्होंने दो अर्धशतक लगाए और पूरे टूर्नामेंट में 9 विकेट भी लिए। वहीं जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए आठ मैच में 14 विकेट लिए। फाइनल में उन्होंने 4 विकेट लेकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई और प्लेयर ऑफ द मैच बने।

**साउथ अफ्रीका-इंग्लैंड के 2-2 प्लेयर्स -** टीम में पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान भी शामिल हैं, जो 383 रन के साथ टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर रहे। साउथ अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम और तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी को भी टीम में जगह मिली है।

इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स और स्पिनर आदिल राशिद, वेस्टइंडीज के जेसन होल्डर और जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजारबानी भी टीम ऑफ द टूर्नामेंट में शामिल हैं। अमेरिका के शैडली वैन शाल्कविक को टीम का 12वां खिलाड़ी चुना गया है।

**वरुण, सूर्या और अभिषेक टीम में जगह नहीं -** भारत की टी-20 वर्ल्ड कप जिताने वाले कप्तान सूर्यकुमार यादव और इस फॉर्मेट के नंबर-1 बैटर और बॉलर अभिषेक शर्मा और वरुण चक्रवर्ती को टीम में जगह नहीं मिल पाई। सूर्या ने 9 मैच में 242 और अभिषेक ने 8 मैच में 141 रन बनाए। वहीं वरुण चक्रवर्ती के नाम 14 विकेट थे।

**न्यूजीलैंड-ऑस्ट्रेलिया का कोई खिलाड़ी नहीं -** फाइनल खेलने वाली न्यूजीलैंड के किसी भी प्लेयर को टीम में जगह नहीं मिली है। वहीं ग्रुप स्टेज में जिम्बाब्वे से हारकर बाहर होने ऑस्ट्रेलिया के भी किसी भी खिलाड़ी को टीम में नहीं रखा गया है।

## सोशल मीडिया नहीं, टीम के प्रति जिम्मेदारी : गंभीर

नई दिल्ली, 9 मार्च। गौतम गंभीर ने टी-20 वर्ल्ड कप जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में गंभीर ने कहा, मेरी जवाबदेही सोशल मीडिया पर लोगों के प्रति नहीं है। मेरी जवाबदेही ड्रेसिंग रूम में मौजूद उन 30 लोगों के प्रति है। एक कोच उतना ही अच्छा होता है जितनी अच्छी उसकी टीम होती है। खिलाड़ियों ने ही मुझे वह कोच बनाया है जो मैं आज हूं। गंभीर ने सूर्यकुमार यादव का जिक्र करते हुए कहा, मुझे लगता है कि सूर्या के साथ मेरी सिंपल सोच हमेशा यही रही है कि माइलस्टोन मायने नहीं रखते, ट्रॉफी मायने रखती हैं।

इंडियन क्रिकेट में बहुत लंबे समय से हम माइलस्टोन के बारे में बात करते आ रहे हैं। और मुझे उम्मीद है, जब तक मैं वहां हूं, हम माइलस्टोन के बारे में बात नहीं करेंगे। गंभीर ने आगे कहा, माइलस्टोन का जश्न मनाना बंद करो, ट्रॉफी का जश्न मनाओ। यह जरूरी होने वाला है क्योंकि टीम स्पोर्ट का बड़ा मकसद ट्रॉफी जीतना है, न कि अकेले रन बनाना।

गंभीर ने इस ऐतिहासिक जीत का श्रेय भारत के पूर्व कोच राहुल द्रविड़ और पूर्व दिग्गज बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण को भी दिया। उन्होंने कहा, मैं इस ट्रॉफी को राहुल भाई और वीवीएस लक्ष्मण को समर्पित करता हूं। राहुल भाई ने भारतीय टीम को एक मजबूत दिशा दी और लक्ष्मण ने बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खिलाड़ियों की शानदार पाइपलाइन तैयार की है।



## रामूराम देवासी ने 7 घंटे 23 मिनट घोड़ा दौड़ाकर जीता गोल्ड मेडल

जयपुर, 9 मार्च। गुलाबी नगरी में एक दशक बाद आयोजित 100 किलोमीटर नेशनल वन स्टार एंड्योरेंस चैंपियनशिप 2026 का सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राइडर रामूराम देवासी ने अपने असाधारण कौशल का परिचय देते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। रामूराम ने 7 घंटे 23 मिनट तक निरंतर घोड़ा दौड़ाकर इस कठिन चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। राइडर प्रियंका ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया और 7 घंटे 58 मिनट के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 7-8 मार्च को बेगास रोड, सांझरिया (आरईसी मणिपाल यूनिवर्सिटी के समीप) स्थित रॉयल इक्वेस्ट्रियन क्लब परिसर में आयोजित की गई। घुड़दौड़ का आयोजन इक्वेस्ट्रियन फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं राजस्थान इक्वेस्ट्रियन एसोसिएशन के पदाधिकारियों की प्रत्यक्ष देख-रेख में हुआ, जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से आए राइडर्स ने अपनी सहनशक्ति और रणनीति का प्रदर्शन किया।

## विधायक एकादश को हरा आईएएस एकादश बनी चैम्पियन

### कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ मैन ऑफ द सीरीज



जयपुर, 9 मार्च। पंकज चौधरी के नाबाद अर्धशतक 55 और राष्ट्रदीप के 40 रनों की बदौलत आईएएस एकादश ने सोमवार को विधायक एकादश को सवाई मान सिंह स्टेडियम स्थित क्रिकेट अकादमी पर तीन दिवसीय मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में 9 विकेट से हराकर खिताब जीता। कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ मेन ऑफ़ द सीरीज रहे। जबकि पंकज चौधरी प्लेयर ऑफ़ थे फाइनल, अशोक चाँदना बेस्ट बैट्समैन तथा राष्ट्रदीप यादव बेस्ट बॉलर चुने गये। विधायक एकादश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 122 रन बनाए। विधायक एकादश के कप्तान खेल मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ ने एक बार फिर शानदार बल्लेबाजी करते हुए केवल 38 गेंद पर 9 चौकों और एक छक्के की मदद से 59 रन की पारी खेली, जबकि पूर्व खेल मंत्री अशोक चांदना ने 20 गेंद पर तीन छक्के की मदद से 27 रन बनाए। आईएएस एकादश की तरफ से गेंदबाजी करते हुए राज ऋषि ने दो विकेट लिए।

123 रनो के लक्ष्य का पीछा करते हुए आईएएस एकादश की टीम ने पंकज चौधरी के शानदार 30 गेंदों में 12 चौकों की मदद से बनाए 55 रन व राष्ट्रदीप के 22 गेंद में तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से बनाए 40 रनों की मदद से आसानी से 9 विकेट से जीत दर्ज कर खिताब जीता। मैच का टॉस विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने करवाया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, प्रदेश कांठोस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा मौजूद थे।

## सचिन से मिली सलाह, तैयारी और खेल को समझने की बात मेरे लिए बहुत मददगार रही : संजू सैमसन



नई दिल्ली, 9 मार्च। भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया। टीम तीसरी बार टी-20 में वर्ल्ड चैंपियन बनी। अहमदाबाद में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने चार विकेट झटके और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट के आखिरी तीन मैचों में शानदार प्रदर्शन के कारण सैमसन को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। इसमें इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल और न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल की अहम पारियां शामिल हैं। उन्होंने टूर्नामेंट के 5 मैचों में 321 रन बनाए।

संजू सैमसन ने टी-20 वर्ल्ड कप में अपने शानदार प्रदर्शन का श्रेय सचिन तेंदुलकर से हुई बातचीत को दिया। वहीं, कप्तान सूर्या ने जसप्रीत बुमराह को नेशनल धरोहर बताया। सैमसन ने कहा, जब मैं ऑस्ट्रेलिया में टी-20 सीरीज के दौरान बाहर बैठा था और खेलने का मौका नहीं मिल रहा था, तब मैंने सोचा कि मुझे किस तरह का मानसिक नजरिया चाहिए।

पिछले दो महीनों से मेरी सचिन सर से लगातार बात हो रही थी। मैंने उनसे संपर्क किया और लंबी बातचीत की। उनसे मार्गदर्शन मिलना बहुत बड़ी बात है। मैच से पहले भी उन्होंने फोन कर पूछा कि मैं कैसा महसूस कर रहा हूं। उनसे मिली सलाह, तैयारी और खेल को समझने की बात मेरे लिए बहुत मददगार रही।

सैमसन ने बताया कि न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी-20 सीरीज उनके लिए बेहद मुश्किल रही। उस सीरीज में उन्होंने पांच पारियों में सिर्फ 46 रन बनाए थे और बाद में प्लेइंग इलेवन से भी बाहर हो गए थे। इसके बाद सुपर-8 स्टेज में उन्हें फिर मौका मिला और उन्होंने लगातार तीन अहम मैचों में 97 नाबाद, 89 और 89 रन की पारियां खेलीं। टूर्नामेंट में उन्होंने पांच मैचों में 321 रन बनाए, जो प्रतियोगिता में तीसरा सबसे ज्यादा स्कोर रहा। उनका स्ट्राइक रेट 199.37 रहा।

सैमसन ने कहा, न्यूजीलैंड सीरीज के बाद मैं पूरी तरह टूट गया था। मुझे लगा था कि मेरे सपने खत्म हो गए हैं। लेकिन शायद भगवान की अलग योजना थी। अहम मैचों में मुझे मौका मिला और मैंने देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की। सैमसन ने कहा कि उनकी तैयारी की शुरुआत 2024 टी-20 वर्ल्ड कप के समय ही हो गई थी। उस टूर्नामेंट में वह टीम का हिस्सा थे, लेकिन उन्हें एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला। सैमसन ने कहा, तब से मैं लगातार सोचता रहा और मेहनत करता रहा कि मुझे क्या हासिल करना है। अहमदाबाद में जो हुआ, वही मैं तब से देख रहा था और उसके लिए काम कर रहा था। उन्होंने कहा कि अभी यह सब किसी सपने जैसा लग रहा है और वह इस पल का आनंद लेना चाहते हैं। भविष्य के लक्ष्यों के बारे में पूछने पर सैमसन ने कहा कि अभी वह इस उपलब्धि का आनंद लेना चाहते हैं।

## जेआरसी स्पोर्ट्स कार्निवल सम्पन्न

जयपुर, 9 मार्च। अवॉर्ड सेरेमनी के साथ जयपुर रीजनल चैप्टर के तहत आयोजित जेआरसी स्पोर्ट्स कार्निवल 2026 का शानदार समापन हुआ। इस सेरेमनी में पास्ट चेयरमैन और एनईसी मेंबर-राजिंदर पुरी, संजय कोठारी, शीतल कुमार अग्रवाल, आशीष काला शामिल हुए।



कोऑर्डिनेटर, सुनील जैन ने बताया कि 3 दिन के कॉम्पिटिटिव स्पोर्ट्स और पार्टिसिपेशन में हर एज ग्रुप के लोगों ने जोश के साथ हिस्सा लिया, जिससे मेंबर के बीच फिटनेस, स्पोर्ट्समैनशिप और भाईचारा बढ़ा। ट्रैक एंड फील्ड कॉम्पिटिशन में अबीरा ने महिलाओं की 26-40 साल की कैटेगरी में 50उ रेस जीती, जबकि योगिता रनर-अप रहीं।


**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, ''विशिष्ठ अ'' श्रेणी, प्रतापगढ़**

क्रमांक / निविदा / 2025-26 / 586-593 दिनांक : 27.02.2026

**ई-निविदा सूचना 2026-27**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस मण्डी समिति में वित्तीय वर्ष 2026-27 (01.04.2026 से 31.03.2027) के लिए निम्न व्यवस्थाओं / सेवाओं हेतु निम्नानुसार ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | बोली प्रतिभूति राशि | निविदा शुल्क | प्रोसेसिंग फीस | ऑन लाईन निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने की अन्तिम दिनांक एवं समय | ऑन लाईन निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चौकीदारी व्यवस्था ठेंका | 34.00 | 68000/- | 500/- | 500/- | 27.02.2026 Time 01;00 P.M. to 18.03.2026 Time 05;00 P.M. | 23.03.2026 Time 03;00 P.M. |
| 2 | सफाई व्यवस्था ठेका | 14.00 | 28000/- | 500/- | 500/- | | |
| 3 | ई-नाम परियोजना | 19.00 | 38000/- | 500/- | 500/- | | |

(1) उक्त निविदा E-निविदा प्रणाली के द्वारा ONLINE ही स्वीकार की जायेगी। (2) ONLINE निविदा हेतु बोली प्रतिभूति राशि एवं निविदा शुल्क केवल डी.डी./बैंकर चैक के रूप मे कृषि उपज मण्डी समिति, प्रतापगढ़ के पक्ष में तथा प्रोसेसिंग फीस का डी.डी./बैंकर चैक Managing Director RISL Jaipur के पक्ष में एवं समस्त आवश्यक संबंधित दस्तावेजों मय निविदा फार्म की स्व.प्रमाणित प्रतियों एवं निर्धारित राशि के डी.डी./बैंकर चैक संलग्न कर पूर्ण रूप से भर कर उचित रूप से लिफाफे में बंद कर लिफाफे के उपर स्पष्ट रूप से कार्य का नाम एवं तकनीकी/अर्हता बोली प्रपत्र 'अ'/2026-27 अंकित कर दिनांक 19.03.2026 को दोपहर 03.00 बजे तक भौतिक रूप से सचिव कृषि उपज मण्डी समिति प्रतापगढ़ के कार्यालय मे जमा करवाना होगा। जिसके अभाव में निविदा नहीं खोली जायेगी। (3) निविदा से संबन्धित विवरण इंटरनेट साईट eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in, http://agriculture.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है। (4) बोली प्रतिभूति राशि के बिना निविदा स्वीकार नहीं होगी। (5) निविदाओं हेतु गठित कमेटी द्वारा बिना कारण बताये निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार मण्डी समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

NIB Code - DAM2526A0801

प्रशासक, कृषि उपज मण्डी समिति, प्रतापगढ़ — सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति, प्रतापगढ़

राज.संवाद / सी / 25 / 22056

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)**

क्रमांक : न.पा.बिजो./ 2025-26 / 5353 दिनांक : 28.02.2026

**निविदा सूचना**

कार्यालय नगर पालिका मण्डल बिजौलियाँ, भीलवाडा द्वारा आवश्यक कार्य कराने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सूचना राजस्थान लोक उपापन पोर्टल की एसपीपीपी पोर्टल पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है। जिसकी एनआईबी संख्या DLB2526B2427 व टेण्डर आईडी 2026_DLB_543571_1 एवं 2026_DLB_543571_2 है।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, बिजौलियाँ

राज.संवाद / सी / 25 / 21922

**Office Of The Municipal Board Malpura District Tonk (Raj.)**

Sr.No. NPM/2025-26/5675 Date :- 26.02.2026

**Notice Inviting Bid**

Nagar Palika Malpura Bids For 62/2025-26 Nib No DLB2526B2265 of subject matters of procurement are invited from interested bidders Last Submission End Date 18.03.2026 Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal www.eproc.rajasthan.gov.in & www.sppp.rajasthan.gov.in.

UBN :- DLB2526WLOB36374

Executive Officer, Municipal Board Malpura

Raj.Samwad/C/25/21928

**कार्यालय नगर पालिका सूरौठ, जिला करौली (राज0)**

क्रमांक :- 606 दिनांक - 23.02.2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका सूरौठ द्वारा विद्युत सम्बन्धित कार्य कराये जाने हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन निविदा समय प्रातः 10 बजे तक दिनांक 23.03.2026 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की महत्वपूर्ण शर्ते एवं विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in/ पर देखा जा सकता है। कार्यों की अनुमानित लागत 24.89 लाख रू0 है।

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका सूरौठ

राज.संवाद / सी / 25 / 21927

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर)**

नेशनल हाईवे नम्बर- 11, श्रीडूंगरगढ जिला- बीकानेर

Tel. : 01565-224766 E-mail id : nagarpalikadungargarh0@gmail.com

क्रमांक :-न.पा.श्रीडूं / 5347 दिनांक :-26.02.2026

**ई निविदा सूचना**

नगरपालिका मंडल श्रीडूंगरगढ़ के द्वारा विभिन्न कार्यों के लिए पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्ते व अन्य विवरण वेबसाईड sppp.rajasthan.gov.in व WWW.etenders.gov.in पर कर दिया गया हैं। जिसके युबीएन नम्बर निम्नानुसार है :-

| क्र.सं. | UBN NO |
|---|---|
| 1. | DLB2526WSOB36423 |

प्रशासक, नगरपालिका श्रीडूंगरगढ़ — ई. अधिशाषी अधिकारी (तहसीलदार), नगरपालिका श्रीडूंगरगढ़

राज.संवाद / सी / 25 / 21933

**कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द(राज.)**

Email: np_ntd@yahoo.co.in, nagarpalikanathdwara@gmail.com Ph. 02953-233526

क्रमांक : न.पा.नाथ. / स्टोर / निविदा / 26 / 18542 दिनांक : 27.02.2026

**-:निविदा संशोधन सूचना:-**

एतदर्थ सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि नगरपालिका द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में पालिका पत्रांक न.पा.नाथ. / स्टोर / 2026 / 18518-22 दिनांक 27.02.2026 से जारी अभिव्यक्ति की अभिरूची (EOI) सूचना में वर्णित कार्यों की शर्तों में निम्नांकित शर्त जोडकर संशोधित सूचना जारी की जाती हैं :-

संवेदक द्वारा किसी राजकीय विभाग / नगरीय निकाय में समान प्रकृति के कार्य का अनुभव प्रमाण-पत्र निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा, इसके अभाव में निविदा निरस्त की जावेगी।

नोट :- शेष सभी शर्ते यथावत् रहेंगी।

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

राज.संवाद / सी / 25 / 21988

**राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड**

सूरतगढ़ सुपर थर्मल पॉवर स्टेशन, सूरतगढ़ (राज.)

**ऑनलाईन/ऑफलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य / वार्षिक अनुबंध / सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है:- 2149(RVU2526GSOB02501) विभिन्न रबर हॉज पाईप, 2150(RVU2526GLOB02505) डिजाइन, इंजीनियरिंग, सप्लाई, रेट्रोफिटिंग, इरेक्शन, टेस्टिंग एन्ड कमिशनिंग ऑफ डीसीएस एण्ड एचएमआई सिस्टम फॉर रिपलेस्मेन्ट ऑफ द एक्जिटिंग एसजी-टीजी कन्ट्रोल सिस्टम इन्स्टालड, 2151(RVU2526GLOB02502) स्पेयर्स पार्ट्स फॉर फलेम स्केनर एन्ड एच.ई.ए इगनिटर, 2152(RVU2526GSOB02503) ट्राई-सोडियम फॉस्फेट, 2153(RVU2526GSOB02504) एस.एस. शिम, 2154(RVU2526GLOB02514) ग्लैंड पैकिंग एवं 3205(RVU2526WSOB02511) रॉ वाटर उपचार संयंत्र, डीएम प्लांट, बॉयलर केमिकल डोजिंग स्किड्स, एलपी पाइपिंग, सीडब्ल्यू ट्रीटमेंट प्लांट के रूटीन / ब्रेकडाउन / कैपिटल मेंटेनेंस का कार्य। विस्तृत विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in (ई-निविदा हेतु), www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.energy.rajasthan.gov.in/rvunl पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/25/22032 RVUN/PR-4363 उप मुख्य अभियंता (क्रय)

**नगरपालिका मण्डल, रतनगढ़ (राजस्थान)**

क्रमांक-निर्माण शाखा / निविदा / 2026 / 8032-34 दिनांक : 25.02.2026

**निविदा सूचना**

नगर पालिका रतनगढ़ की और से नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजिकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र मे ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाऐ आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 25.02.2026 से दिनांक 13.03.2026 तक सांय 06 बजे तक अनुसार डाऊनलोड तथा अपलोड एंव दिनांक 16.03.2026 को सांय 05 बजे खोली जायेगी। समस्त कार्यो के लिए धरोहर राशि कार्य की अनुमानित लागत पर नगर पालिका रतनगढ़ में पंजिकृत सक्षम संवेदको द्वारा 1/2 प्रतिशत राशि एवं अन्य विभागो में पंजिकृत सक्षम संवेदको द्वारा 2 प्रतिशत राशि का डी.डी. अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रतनगढ़ के नाम व रूपये 500/- का चालान "M.D. RISL Jaipur" के नाम जयपुर में देय से ऑन लाईन निविदा खोलने से पूर्व नगर पालिका रतनगढ़ में प्रस्तुत करना होगा।

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB code- DLB2526B2064

UBN:- DLB2526WSOB35720, DLB2526WSOB35721, DLB2526WSOB35723, DLB2526WSOB35724, DLB2526WSOB35725, DLB2526WSOB35726, DLB2526WSOB35727, DLB2526WSOB35728, DLB2526WSOB35729, DLB2526WSOB35731, DLB2526WSOB35732, DLB2526WSOB35733, DLB2526WSOB35734, DLB2526WSOB35735

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रतनगढ़

राज.संवाद / सी / 25 / 21918

**नगरपालिका मण्डल, रतनगढ़ (राजस्थान)**

क्रमांक-निर्माण शाखा / निविदा / 2026 / 8028-30 दिनांक : 25.02.2026

**निविदा सूचना**

नगर पालिका रतनगढ़ की और से नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजिकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र मे ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाऐ आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 26.02.2026 से दिनांक 18.03.2026 तक सांय 06 बजे तक अनुसार डाऊनलोड तथा अपलोड एंव दिनांक 19.03.2026 को सांय 05 बजे खोली जायेगी। समस्त कार्यो के लिए धरोहर राशि कार्य की अनुमानित लागत पर नगर पालिका रतनगढ़ में पंजिकृत सक्षम संवेदको द्वारा 1/2 प्रतिशत राशि एवं अन्य विभागो में पंजिकृत सक्षम संवेदको द्वारा 2 प्रतिशत राशि का डी.डी. अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रतनगढ़ के नाम व रूपये 500/- का चालान "M.D. RISL Jaipur" के नाम जयपुर में देय से ऑन लाईन निविदा खोलने से पूर्व नगर पालिका रतनगढ़ में प्रस्तुत करना होगा।

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB code- DLB2526B2069

UBN:- DLB2526WSOB35739, DLB2526WSOB35740, DLB2526WSOB35741, DLB2526WSOB35742, DLB2526WSOB35743, DLB2526WSOB35744, DLB2526WSOB35745, DLB2526WSOB35746, DLB2526WSOB35747, DLB2526WSOB35748, DLB2526WSOB35749, DLB2526WSOB35750, DLB2526WSOB35751, DLB2526WSOB35752, DLB2526WSOB35881, DLB2526WSOB35882, DLB2526WSOB35883, DLB2526WSOB35884, DLB2526WSOB35885, DLB2526WSOB35886, DLB2526WSOB35888, DLB2526WSOB35889, DLB2526WSOB35891, DLB2526WSOB35892, DLB2526WSOB35893, DLB2526WSOB35894, DLB2526WSOB35895, DLB2526WSOB35897, DLB2526WSOB35898

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रतनगढ़

राज.संवाद / सी / 25 / 21919

# राज्य के ''प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान'' में 18 लाख ने भाग लिया

## बड़ी संख्या में लोगों ने प्लास्टिक कचरा मुक्त वातावरण बनाये रखने व कचरा पृथक्करण अपनाने की शपथ ली

जयपुर, 9 मार्च। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत 16 फरवरी से 28 फरवरी तक प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान-2026 का आयोजन किया गया।

अभियान को राज्यभर में अभूतपूर्व जनसमर्थन मिला। अभियान के दौरान 18 लाख 61 हजार प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई तथा राज्यभर से लगभग 39 हजार किलोग्राम प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया गया। एकत्रित प्लास्टिक के पुनर्चक्रण एवं वैज्ञानिक निस्तारण से लगभग 2 लाख रुपये का राजस्व भी प्राप्त हुआ।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए ठोस कदम उठा रही है। यही कारण है कि इस अभियान में ग्राम पंचायतों से लेकर विद्यालयों, स्वयंसेवी संगठनों, महिला समूहों और आम नागरिकों तक ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को स्वच्छ एवं प्लास्टिक कचरा मुक्त बनाना तथा आमजन में सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। अभियान के दौरान कई स्थानों पर सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के लिए जागरूकता के साथ-साथ जुर्माने की कार्रवाई भी की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने प्लास्टिक कचरा मुक्त वातावरण बनाए रखने और कचरा पृथक्करण अपनाने की शपथ ली।


मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में ग्राम पंचायतों से लेकर विद्यालयों, स्वयंसेवी संगठनों, महिला समूहों व आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राज्यभर में 39 हजार किलोग्राम प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया गया। एकत्रित प्लास्टिक के पुनर्चक्रण एवं वैज्ञानिक निस्तारण से दो लाख रुपये का राजस्व भी प्राप्त हुआ।

# तहसीलदार कोर्ट ने संभल की मस्जिद व दरगाह को अवैध बताया

संभल, 09 मार्च। उत्तर प्रदेश के जनपद संभल में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का एक बड़ा मामला सामने आया है। स्थानीय तहसीलदार कोर्ट ने जिले के पंवासा ब्लॉक के सैफ खां सराय गांव में सरकारी जमीन पर बनी शाही मस्जिद, मकान और दरगाह को अवैध बताते हुए हटाने का आदेश दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने शाही जामा मस्जिद के शाही इमाम आफताब हुसैन और उनके भाई मेहताब हुसैन पर सात करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया है। पंवासा ब्लॉक के सैफ खां सराय गांव में गाटा संख्या 452 की 0.1340 हेक्टेयर (करीब दो बीघा) ग्राम समाज की भूमि पर अवैध रूप से मकान, मस्जिद और दरगाह बनाने का आरोप है। इस जमीन का अनुमानित मूल्य लगभग 6 करोड़ 94 लाख 19 हजार रुपए बताया गया है।

- कोर्ट ने जामा मस्जिद के शाही इमाम आफताब हुसैन व उनके भाई मेहताब हुसैन पर 7 करोड़ रु. का जुर्माना लगाया।

# अमूल ब्रांड की डेढ़ लाख किलो एक्सपायरी डेट की सामग्री नष्ट की

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने नूडल्स, कैचअप, म्योनीज़, एनर्जी ड्रिंक के 12 हजार एक्सपायरी डेट कार्टन पकड़े

जयपुर, 9 मार्च। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल और चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में मिलावट पर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए जयपुर में अवधि पार अमूल ब्राण्ड की करीब डेढ़ लाख किलो सामग्री नष्ट की है। उल्लेखनीय है कि इस अवधिपार सामग्री को तिथि मिटाकर नई तिथि अंकित कर बेचने की तैयारी थी, जिसकी शिकायत राज्य सरकार की हेल्पलाइन 181 पर मिली थी।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि विगत दिनों 181 हेल्पलाइन पर किसी नागरिक ने शिकायत दर्ज करवाई कि जयपुर के खो नागोरियान क्षेत्र में मैसर्स एथलीट डिस्ट्रीब्यूटर द्वारा अवधिपार अमूल ब्राण्ड की खाद्य सामग्री को बेचने की तैयारी की जा रही है। इस पर विभाग ने सीएमएचओ जयपुर, द्वितीय की टीम को मौके पर निरीक्षण के लिए भेजा।

राठौड़ ने बताया कि टीम को एक बड़े गोदाम में भारी मात्रा में खाद्य सामग्री के कार्टन मिले, जिनमें मैसर्स कायरा डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर यूनियन, गुजरात द्वारा उत्पादित एवं मैसर्स एडवनसिस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सप्लाई किए गए अमूल ब्रांड के अनेक नॉन डेयरी फूड प्रोडक्ट, नूडल्स, कैचअप, म्योनीज़, एनर्जी ड्रिंक आदि उत्पाद थे। लगभग 12 हजार कार्टन एक्सपायरी डेट के मिले, जिनमें से 3000 कार्टन में रखे पैकेट से एक्सपायरी डेट मिटा दी गई थी। मौके पर डेट मिटाने के लिए थिनर, एसीटोन, केमिकल एवं अन्य सामग्री पाई गई। मैसर्स एथलीट डिस्ट्रीब्यूटर फर्म का कारोबारी गगन आहूजा इस खाद्य सामग्री पर नई डेट प्रिंट कर इसे 4500 नए अमूल ब्रांड के कार्टनों में भर कर मोटे मुनाफे में बेचने की तैयारी में था। मैसर्स एथलीट स्टोर का फूड लाइसेंस एक्सपायर हो चुका था।

स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होने के कारण एक्सपायर हो चुकी सामग्री को नष्ट किया गया है। एक्सपायर हो चुके उत्पादों को फर्म के स्वयं के खर्चे पर नष्ट करवाया गया। चार दिन तक चली कार्रवाई में 27 ट्रकों में भरकर यह सामग्री कचरागाह ले जाई गई।

- पिछले दिनों 181 हेल्पलाइन पर किसी नागरिक ने शिकायत की थी कि खो नागोरियान क्षेत्र में एथलीट डिस्ट्रीब्यूटर अवधि पार अमूल ब्रांड की खाद्य सामग्री बेचने की तैयारी कर रहा है।
- जांच में सामने आया कि डिस्ट्रीब्यूटर फर्म का कारोबारी गगन आहूजा खाद्य सामग्री पर पुरानी एक्सपायरी डेट मिटाकर नई डेट प्रिंट कर नये अमूल ब्रांड के कार्टनों में भरकर मोटे मुनाफे पर बेचने की तैयारी में था।

# ईरान व ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

स्पीड डीजल की कीमतों में लगभग 20 प्रतिशत, यानी प्रति लीटर 55 पाकिस्तानी रुपये की बढ़ोतरी की घोषणा की है।

सरकार ने ऊर्जा संकट के भय को कम करके दिखाने की कोशिश की है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने हाल ही में सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, देश में ऊर्जा का आयात होर्मुज़ मार्ग के अलावा अन्य सभी रास्तों से सामान्य रूप से जारी है। भारत आरामदायक स्थिति में है। इस मामले में चिंता या अटकलों की कोई जरूरत नहीं है।

भारत अपनी कुल कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है, जिसमें से करीब 40 प्रतिशत सप्लाई परंपरागत रूप से होर्मुज़ स्ट्रेट के रास्ते आती रही है। यह ईरान और ओमान के बीच स्थित लगभग 33 किलोमीटर चौड़ा समुद्री मार्ग है, जो वैश्विक ऊर्जा परिवहन का एक महत्वपूर्ण रास्ता है। अमेरिका-इज़रायल और ईरान के बीच जारी संघर्ष के कारण इस रणनीतिक जलमार्ग से तेल की आवाजाही लगभग रुक गई है।

# बंगाल सरकार ने गृह मंत्रालय को राष्ट्रपति के दौरे पर रिपोर्ट भेजी

## राज्य सरकार ने कहा कोई चूक नहीं हुई, स्थानीय अधिकारियों ने निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किया

कोलकाता, 09 मार्च। पश्चिम बंगाल सरकार ने केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा मांगी गई स्पष्टीकरण रिपोर्ट का जवाब भेज दिया है। यह स्पष्टीकरण राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हालिया उत्तर बंगाल दौरे के दौरान कथित प्रोटोकॉल उल्लंघन के आरोपों को लेकर मांगा गया था। राज्य सरकार ने अपनी प्रतिक्रिया में किसी भी तरह की चूक से इनकार करते हुए कहा है कि स्थानीय अधिकारियों ने निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किया।

सूत्रों के अनुसार, गृह मंत्रालय ने रविवार सुबह राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती के कार्यालय से इस संबंध में रिपोर्ट मांगी थी और उसी दिन शाम 5 बजे तक जवाब देने की समय सीमा तय की थी। राज्य सचिवालय के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि मंत्रालय को विस्तृत रिपोर्ट भेज दी गई है, हालांकि उन्होंने रिपोर्ट की विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं की। अधिकारी के अनुसार, मंत्रालय द्वारा उठाए गए प्रोटोकॉल से जुड़े सभी बिंदुओं पर क्रमवार स्पष्टीकरण दिया गया है।

- राज्य सचिवालय ने स्पष्टीकरण रिपोर्ट भेजने की तो पुष्टि की पर इसकी विस्तृत जानकारी सार्वजनिक करने से इंकार किया।

इससे पहले रविवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि राष्ट्रपति के बागडोगरा हवाई अड्डा पहुंचने पर प्रोटोकॉल के अनुसार उनका स्वागत किया गया था। मुख्यमंत्री के अनुसार, सिलीगुड़ी नगर निगम के मेयर गौतम देव, दार्जिलिंग के जिला अधिकारी और सिलीगुड़ी महानगर पुलिस आयुक्त वहां मौजूद थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में उनके स्वागत करने या कार्यक्रम के मंच पर उपस्थित रहने की कोई पूर्व योजना नहीं थी, इसलिए प्रोटोकॉल उल्लंघन का सवाल ही नहीं उठता।

# क्या ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

यह माननीय प्रैसिडैंट की चॉइस है कि उन्होंने निमंत्रण स्वीकार किया। यह उनका अधिकार है, हमारा नहीं।''

इस पर भाजपा ने भारत रत्न प्रैज़ैंटेशन के प्रोटोकॉल का हवाला देते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''टीएमसी की फेक न्यूज़ फैक्ट्री फिर सक्रिय हो गई है। टीएमसी के बनाए गए इस विवाद की सच्चाई यह है कि भारत रत्न सम्मान देने के दौरान ऑफिशियल प्रोटोकॉल के अनुसार अवॉर्ड दिए जाने के दौरान मौजूद दूसरे लोग बैठे रहते हैं। बाकी लोग बैठे रहते हैं, इसमें शिष्टाचार का कोई उल्लंघन नहीं हुआ। यह शर्मनाक है कि तृणमूल एक बार फिर माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत रत्न लाल कृष्ण आडवाणी से जुड़े इस गरिमापूर्ण क्षण को छोटी राजनीति के लिए तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है। वह गलत जानकारी फैलाने के बजाय देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद की गरिमा का सम्मान करे।''


पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने अपने परिवार के साथ सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सरकारी आवास पर उनसे मुलाकात की।

# कूनो ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने सोशल मीडिया एक्स एक संदेश में कहा कि प्रोजेक्ट चीता के लिए गर्व का क्षण है कि नामीबियाई चीता और तीसरी बार मां बनी ज्वाला ने आज कूनो राष्ट्रीय उद्यान में पांच शावकों को जन्म दिया है। इसके साथ भारत में जन्मे स्वस्थ शावकों की संख्या बढ़ कर 33 हो गई है, जो भारतीय धरती पर चीता के 10वें सफल शावक समूह (लिटर) का महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह भारत की चीता संरक्षण यात्रा में एक और अहम उपलब्धि है। यह सफलता उन पशु चिकित्सकों, फील्ड स्टाफ और सभी संबंधित लोगों के समर्पण, कौशल और निरंतर मेहनत का परिणाम है, जो इस अभियान को धरातल पर सफल बनाने में जुटे हैं।इन नए शावकों के आगमन के साथ भारत में चीतों की संख्या अब 53 हो गई है।

# इंडिगो की फ्लाइट इथोपिया से वापस लौटी

नई दिल्ली, 09 मार्च (हि.स)। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और हवाई क्षेत्र (एयरस्पेस) पर पाबंदियों की वजह से दिल्ली से मैनचेस्टर जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई033 को बीच रास्ते से वापस दिल्ली लौटना पड़ा।

# युद्ध आगे बढ़ा तो तेल की कीमत 200 डालर पार करेगी

## पश्चिम एशिया में 10 दिन के युद्ध के बाद कच्चे तेल की कीमत 100 डालर प्रति बैरल पहुंच चुकी है

इस्तांबुल, 09 मार्च। पश्चिम एशिया में 10 दिनों से जारी युद्ध के कारण ऊर्जा आपूर्ति को लेकर बढ़ती अनिश्चितता के बीच वैश्विक तेल बाजार में बड़ा उछाल देखने को मिल रहा है। साल 2022 के बाद यह पहला अवसर है, जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल को पार कर गई हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि खाड़ी क्षेत्र में संघर्ष और बढ़ता है तो कीमतें 200 डॉलर प्रति बैरल से भी अधिक हो जाएंगी।

तुर्किये की सरकारी समाचार एजेंसी अनादोलु एजेंसी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड तेल 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गया, जबकि अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी इस स्तर के पार चला गया। तेल की कीमतों में यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से पश्चिम एशिया में अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच 10 दिन से जारी युद्ध के कारण हुई है।

क्षेत्र में ऊर्जा सुविधाओं और अमेरिकी हितों को निशाना बनाकर किए गए हमलों ने वैश्विक आपूर्ति को लेकर गंभीर चिंता पैदा कर दी है।

- विशेषज्ञों के अनुसार अरब की खाड़ी दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण उर्जा कॉरिडोर में से एक है, इसमें किसी प्रकार की बाधा का सीधा असर दुनिया की आपूर्ति और कीमतों पर पड़ता है।

# ट्रम्प चाहते थे कि ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

को ईरान ने हिरासत में लिया है। उन्होंने कहा कि ईरान पश्चिम एशिया के पड़ोसी देशों पर गंभीर हमले कर रहा है। संघर्ष शुरू होने के बाद से इन देशों के सिविलियन इन्फ्रास्ट्रक्चर को ईरान के ड्रोन और मिसाइल हमलों से नुकसान पहुंचा है।

ईरान ने क्षेत्र के तेल उत्पादन केन्द्रों को भी निशाना बनाया है, जिससे तेल आपूर्ति बाधित हुई है। चूंकि खाड़ी के देश तेल के बड़े उत्पादक हैं और होर्मुज़ स्ट्रेट तेल परिवहन का मुख्य मार्ग है, इसलिए वैश्विक बाजारों में तेल की कमी की आशंका बढ़ गई है। युद्ध समाप्त होने के बाद भी तेल आपूर्ति को सामान्य स्तर पर लाना मुश्किल हो सकता है।

दूसरी ओर अमेरिका अब अपने सैनिकों के शव वापस आने की वास्तविकता का सामना कर रहा है। अब तक लगभग छह अमेरिकी सैनिकों की मौत की खबर है और मृतकों में एक और अमेरिकी मरीन की पहचान हुई है। इन घटनाओं का असर अमेरिका के घरेलू माहौल पर पड़ रहा है, जिसे डॉनल्ड ट्रंप नजरअंदाज नहीं कर सकते।

दरअसल अमेरिका और इज़रायल के बीच कुछ मतभेद भी सामने आने लगे हैं। अमेरिका ने ईरान के ठिकानों, और खासकर सिविलियन इन्फ्रास्ट्रक्चर पर, इज़रायल के तीखे हमलों पर आश्चर्य जताया है।

माना जा रहा है कि ऐसे हमलों के नकारात्मक परिणाम हो सकते हैं, क्योंकि सिविलियन इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमला करने से आम ईरानी लोगों में नाराजगी बढ़ सकती है और वे मौजूदा सरकार के समर्थन में खड़े हो सकते हैं।

अमेरिकी अधिकारियों का अब यह मानना है कि इज़रायल के हमले अनुमान से कहीं ज्यादा तीव्र थे। कई मामलों में अमेरिका के भीतर यह भावना भी सामने आई है कि इज़रायल ने अमेरिका को इस युद्ध में शामिल होने के लिए मजबूर कर दिया।

# ममता बनर्जी ''सशर्त'' ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नहीं दिया गया।

मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की प्रक्रिया वही है, जो किसी न्यायाधीश के महाभियोग के लिए अपनाई जाती है। दोनों सदनों को इस प्रस्ताव को पारित करना होता है। इसके लिए सदन की कुल सदस्य संख्या का बहुमत और उपस्थित तथा मतदान करने वाले सदस्यों में से कम से कम दो-तिहाई सदस्यों का समर्थन जरूरी होता है।

लोकसभा में इस प्रस्ताव पर 100 सदस्यों और राज्यसभा में 50 सदस्यों के हस्ताक्षर जरूरी होते हैं।

सदन के पीठासीन अधिकारी को इसे स्वीकार करना होता है। इसके बाद जांच की प्रक्रिया चलती है और फिर यह प्रस्ताव मतदान के लिए सदन में लाया जाता है। अब तक संसद के मतदान के जरिए किसी को महाभियोग द्वारा नहीं हटाया गया है, लेकिन किसी पद पर बैठे संवैधानिक पदाधिकारी के खिलाफ ऐसा प्रस्ताव लाकर ''अस्वीकृति'' का एक कड़ा संदेश देने की कोशिश की जाती है।

लोकसभा में आज अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा नहीं हो सकी, क्योंकि विपक्ष, और भी ज्यादा जरुरी, मध्य-पूर्व के ताजा घटनाक्रम पर चर्चा करना चाहता था। इसमें अमेरिका और इज़रायल द्वारा ईरान पर किए गए हमले, बढ़ती तेल कीमतें और उससे जुड़े मुद्दे शामिल थे।

इस कारण आज सदन में कोई कामकाज नहीं हो सका।

उम्मीद की जा रही है कि बजट सत्र के दूसरे हिस्से का बड़ा हिस्सा उन संवैधानिक पदों को निशाना बनाने में बीतेगा, जिन पर विपक्ष का आरोप है कि वे सरकार के शीर्ष नेताओं के इशारे पर काम कर रहे हैं।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर लगातार हमला बोल रहे हैं। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री को ब्लैकमेल किया जा रहा है और वे राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर फैसले लेने की स्थिति में नहीं हैं। एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि आने वाले दिनों में ऐसे और भी आरोप लगाए जा सकते हैं।

# मोजतबा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इंफ्रास्ट्रक्चर पर बड़े पैमाने पर हमले शुरू किए हैं। जानकार बताते हैं कि मोजतबा खामेनेई के ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स के साथ करीबी रिश्ते हैं और कभी कोई पॉलिटिकल पद न संभालने के बावजूद ईरानी पॉलिटिक्स में पर्दे के पीछे उनका बहुत असर है। अयातुल्ला खामेनेई की मौत के बाद उन्हें ही उत्तराधिकारी माना जा रहा था, लेकिन लंबे समय तक ईरान ने इसकी घोषणा नहीं की। ईरान के अंदर कुछ राजनीतिक हस्तियों ने खानदानी आधार पर उत्तराधिकार की आलोचना की है और इसकी तुलना 1979 की इस्लामिक क्रांति में खत्म की गई राजशाही से की है। बता दें कि युद्ध शुरू होने के बाद से मोजतबा खामेनेई पब्लिक में नहीं दिखे हैं।

# पुतिन ने ईरान के सुप्रीम लीडर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मुद्दे या मध्य पूर्व में पैदा हुए किसी भी विवाद को हल करने के लिए बल का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए और जल्द से जल्द कूटनीतिक समाधान की राह पर लौटना चाहिए।

यह डवलपमैंट, चीन के यह कहने के कुछ ही समय बाद हुआ है कि वह अमेरिका और इज़राइल द्वारा मोजतबा खामेनेई को निशाना बनाए जाने का विरोध करेगा। बीजिंग ने कहा कि तेहरान द्वारा अयातुल्लाह अली खामनेई की हत्या के बाद , उनके बेटे मोजतबा खामेनेई को नया सर्वोच्च नेता नियुक्त करना उनका ''आंतरिक मामला'' है और वह नए ईरानी नेता को टारगैट करने के किसी भी प्रयास का विरोध करेगा। अमेरिका और इज़रायल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमला किया था, जिससे मध्य पूर्व में व्यापक संघर्ष शुरू हो गया, क्योंकि हमले के जवाब में ईरान ने भी अमेरिका और इज़रायल के ठिकानों पर हमले किए। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई का कार्यालय अमेरिका-इज़रायल हमलों के पहले ही दिन नष्ट हो गया था। इन हमलों में खामेनेई, उनकी बेटी और अन्य रिश्तेदारों के साथ-साथ, उनके प्रमुख राजनीतिक सहयोगी भी मारे गए थे।

इसके जवाब में, ईरान ने इज़रायल और खाड़ी के कई देशों में स्थित अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। अब यह संघर्ष दूसरे सप्ताह में प्रवेश कर चुका है और अमेरिका-इज़राइल तथा ईरान एक-दूसरे पर लगातार हमले कर रहे हैं।

ईरान ने सोमवार को मोजतबा खामेनेई को उनके पिता अयातुल्ला अली खामेनेई का उत्तराधिकारी बनाते हुए देश का नया सर्वोच्च नेता घोषित किया। यह कदम ऐसे समय पर उठाया गया है, जब संयुक्त राज्य अमेरिका और इज़रायल के साथ संघर्ष शुरू हुए एक सप्ताह हो चुका है, और इससे संकेत मिलता है कि तेहरान में कट्टरपंथी नेता अब भी मजबूती से सत्ता में बने हुए हैं।

मध्यम स्तर के धर्मगुरु मोजतबा, जिनका ईरान की सुरक्षा एजेंसियों और अपने पिता के कारोबारी नेटवर्क में प्रभाव माना जाता है, 88 धर्मगुरुओं वाली उस सभा के मतदान से पहले ही प्रमुख दावेदार माने जा रहे थे,जिसे अयातुल्ला अली खामेनेई के बाद नए नेता के चयन का काम सौंपा गया था।

सभा ने तेहरान समय के अनुसार, आधी रात के तुरंत बाद जारी एक बयान में कहा, निर्णायक बहुमत से एक्सपर्ट्स की सभा ने अयातुल्ला सैय्यद मोजतबा हुसैनी खामेनेई को इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान की पवित्र व्यवस्था का तीसरा नेता नियुक्त किया है।

# राज्य में कॉमर्शियल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

एजेंसी के डीलर्स ने बताया कि कंपनियों की तरफ से कई एलपीजी डीलर्स को मैसेज किया गया है कि वर्तमान हालात को देखते हुए व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की सप्लाई अगले आदेश तक रोक लें। जिन डीलर्स के पास स्टॉक सीमित हैं, उनके नए ऑर्डर लेना कंपनियों ने बंद कर दिया। हालांकि तेल कंपनियों की ओर से आधिकारिक तौर पर कोई स्पष्ट बयान सामने नहीं आया है।


मार्च-अप्रैल में राजस्थान में शादियों का सीजन रहेगा। अगर मध्य-पूर्व के देशों में लम्बे समय तक युद्ध चलता है तो गैस की किल्लत बढ़ जाएगी। क्योंकि भारत में 80 फीसदी गैस कतर, ईरान समेत अन्य देशों से आती है, जो फिलहाल बंद है। अगर कॉमर्शियल गैस की आपूर्ति नहीं मिली तो बड़े पैमाने पर शादी-समारोह में खाना बनाना मुश्किल हो सकता है। ज्ञात रहे कि इससे पहले तेल कंपनियों ने रसोई गैस की नई बुकिंग, डिलीवरी के 25 दिन बाद लेने के निर्देश दिए थे, ताकि घरेलू सिलेंडर की सप्लाई को नियंत्रित रखा जा सके। जब उपभोक्ता गैस की बुकिंग कर रहा है, तो उसे सिलेंडर की सप्लाई पहले जहां 2 से 3 दिन में हो जाती थी, वह अब 7 दिन में या उससे ज्यादा दिनों के अंतराल में हो रही है।

# इंडोनेशिया ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

और रक्षा उपकरणों के आधुनिकीकरण का हिस्सा है, खासकर समुद्री सुरक्षा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए। हालांकि उन्होंने इस सौदे की कुल अंतिम कीमत की आधिकारिक पुष्टि नहीं की।

पाँचवी पुण्यतिथि



हमारे पूजनीय

श्री हरि नारायण शर्मा

(रिटायर्ड प्रो. राज. कृषि वि.वि.)

आपका जीवन कर्तव्य परायणता, त्याग और समर्पण का आदर्श उदाहरण है।
हम प्रतिदिन आपका स्मरण करते हैं।
हम प्रतिदिन आपके आदर्शों का अनुसरण करने का प्रण लेते हैं।

आज हम सभी आपका पुण्य स्मरण करते हैं और भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

श्रद्धावनत

उषा शर्मा (पत्नी), गरिमा शर्मा-मनीष दुबे, चारू शर्मा-विनोद द्विवेदी (पुत्री-दामाद)
सौम्या, रिद्धिमा (दोहिती) एवम् समस्त परिवार और मित्रगण

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्सः0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908